
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 26 अप्रैल 2025 | वर्ष – 34 | अंक– 354 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु



अब आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई का इंतजार : अधीर रंजन — पृष्ठ 3
अभिमत ■ सुनील भाई, जिन्होंने गांधी को जिया — पृष्ठ 4
■ पाकिस्तान ने सिंध नहर परियोजना पर लगाई रोक ■ संरा महासचिव ने की भारत व पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील — पृष्ठ 9
कोहली के शानदार प्रदर्शन से आरसीबी को थोड़ा बेहतर स्कोर बनाने में मदद मिली : बांगर — पृष्ठ 10

### पहलगाम हमले के पीड़ितों से मिले राहुल गांधी

# आतंकी हमले के पीछे हमें बांटने की मंशा



**श्रीनगर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात की। इसके साथ ही राहुल गांधी ने पहलगाम आतंकी हमले में घायल और पीड़ितों से भी मुलाकात की।

उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कहा कि जो कुछ हुआ है, उसके पीछे समाज को विभाजित करने का विचार है, भाई को भाई से लड़ाने की साजिश है। ऐसे में यह जरूरी है कि हर भारतीय एकजुट होकर आतंकवादियों की नापाक कोशिश को विफल करे।

■ भाई को भाई से लड़ाने की है साजिश, आतंकियों की नापाक कोशिश करें विफल

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि यह एक भयानक त्रासदी है। मैं यहां के हालात जानने और मदद करने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने इस भयानक हमले की निंदा की है और वे राष्ट्र के साथ हैं। मैं घायल हुए लोगों में से एक से मिला हूं। मेरा प्यार और स्नेह उन सभी लोगों के साथ है, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो ➢➢ शेष पृष्ठ 2 पर ➢

### अमित शाह ने मुख्यमंत्रियों से की बात
## पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें, वापस भेजें



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्य के मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्होंने सभी से अपने-अपने राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनकी शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कहा। शाह ने कई मुख्यमंत्रियों से बात कर ली है और बाकियों से भी वे बात कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़ने के लिए ➢➢ शेष पृष्ठ 2 पर ➢

## दो आतंकियों के घरों को विस्फोट से उड़ाया

जम्मू। कश्मीर में सुरक्षा अधिकारियों ने पहलगांव हमले के तीन दिन बाद जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे शुक्रवार को दक्षिण कश्मीर के त्राल और बिजबिहाड़ा इलाके में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों के आवासीय घरों को नष्ट कर दिया। हालांकि सुरक्षाधिकारियों का कहना है कि तलाशी अभियानों के दौरान इन घरों में रखे विस्फोटक खुद ही फूट गए थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैसरन पहलगाम घटना में उनकी कथित भूमिका सामने आने के बाद पुलवामा जिले के त्राल में आसिफ शेख और बिजभेरा अनंतनाग में आदिल थोकर के घरों को विस्फोट के जरिए जमीन पर गिरा दिया गया।

### बीजापुर ऑपरेशन

# नक्सली खौफ में, कार्रवाई रोकने अपील

**बीजापुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा पर चल रहे देश के सबसे बड़े नक्सल विरोधी ऑपरेशन के बीच नक्सलियों ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। नक्सल संगठन की ओर से उत्तर पश्चिम बस्तर ब्यूरो के प्रभारी चरूपेशज्ने प्रेस नोट जारी कर सैन्य अभियान को तत्काल रोकने की अपील की है और शांति वार्ता के लिए आगे आने की बात कही है। नक्सलियों का यह बयान ऐसे समय आया है जब पिछले चार दिनों से ऑपरेशन लगातार जारी है और सुरक्षाबलों ने अब तक पांच नक्सलियों को ढेर किया, जिनमें तीन महिला नक्सली पीएलजीए बटालियन नंबर 1 की थीं।मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। इस

■ शांति वार्ता का मौका देने किया आग्रह
■ गर्मी के कारण 40 जवानों की हालत बिगड़ी




अभियान में 40 से ज्यादा जवान भीषण गर्मी में डिहाइड्रेशन का शिकार हो चुके हैं, जिन्हें हेलिकॉप्टर से भद्राचलम अस्पताल पहुंचाया गया है। ऑपरेशन में एक जवान के घायल होने की भी खबर है।

**एमआई-17 हेलिकॉप्टर और ड्रोन से निगरानी**

ऑपरेशन में वायुसेना के एमआई-17 हेलिकॉप्टर और ➢➢ शेष पृष्ठ 2 पर ➢

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मु पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में होंगी शामिल

**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू के साथ पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए वेटिकन सिटी रवाना हुईं। प्रतिनिधिमंडल में अल्पसंख्यक मामलों और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और गोवा विधानसभा के उपाध्यक्ष जोशुआ डी सूजा भी शामिल हैं। पोप फ्रांसिस का 21 अप्रैल को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

### इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन का निधन

**बेंगलुरु**। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष , पूर्व सांसद एवं प्रख्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन का शुक्रवार का बेंगलुरु में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। डॉ. कस्तूरीरंगन का निधन शुक्रवार सुबह 1:43 बजे हुआ। उनका पार्थिव शरीर 27 अप्रैल को सुबह 1ः बजे से दोपहर 12ः बजे तक रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट (आरआरआई) में जनता के दर्शन के लिए रखा जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. कस्तूरीरंगन के निधन पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया है।

### कुणाल कामरा को राहत

**मुंबई**। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नाम लिए बगैर उन पर की गई टिप्पणी मामले में स्टैंड-अप कमीडियन कुणाल कामरा को बॉम्बे हाई कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने कामरा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई पुलिस को आदेश दिया कि उनके 'गद्दार' कमेंट को लेकर उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर मामले में गिरफ्तार न किया जाए।

### राइस मिल में लगी आग से पांच श्रमिकों की मौत

**बहराइच**। उत्तर प्रदेश के बहराइच में स्थित एक चावल मिल में आग लगने की घटना सामने आई है। जहां आग के धुएं की चपेट में आने से पांच श्रमिकों की दम घुटने से मौत हो गई है, जबकि तीन लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### मुस्लिमों ने काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज

**नई दिल्ली**। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देशभर में गुस्से का माहौल है। हर कोई आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है। शुक्रवार को दिल्ली समेत देश के कई राज्यों में जुमे की नमाज के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

### भारतमाला परियोजना का मुआवजा घोटाला

# तत्कालीन एसडीएम, तहसीलदार सहित कई अधिकारियों के ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की दबिश

**रायपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। भारतमाला प्रोजेक्ट में 220 करोड़ से अधिक के फर्जीवाड़े में शुक्रवार सुबह से ईओडब्ल्यू की रेड जारी है। टीम ने सुबह नया रायपुर, अभनपुर, दुर्ग-भिलाई, आरंग सहित प्रदेश के अन्य जिलों में करीबन 20 ठिकानों पर छापेमारी की और इस फर्जीवाड़े से जुड़े दस्तावेज खंगाल रही है।



अब इस मामले में ईओडब्ल्यू की वो एफआईआर भी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक श्वह्लङ्ख ने इस फर्जीवाड़े में अपराध क्रमांक 30/2025 दर्ज किया है। तमाम आरोपियों के खिलाफ धारा 7ष्ट भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम समेत 420, 467,468,471 और 120क्चदर्ज कर ली गई है। जानकारी के अनुसार, ईओडब्ल्यू ने तत्कालिक अभनपुर एसडीएम निर्भय साहू और तत्कालिक तहसीलदार शशिकांत कुर्रे के रायपुर स्थित घरों के साथ करीबन 17 से 20 अधिकारी-कर्मचारियों के ठिकानों पर रेड डाली है।

इनके ठिकानों पर ईओडब्ल्यू की रेड-अमरजीत सिंह गिल- ठेकेदार, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दुर्ग, हरजीत सिंह खनूजा- ठेकेदार, मकान नंबर 118 लॉ विष्टा सोसाइटी, कचना रायपुर, जितेंद्र कुमार साहू- पटवारी, अभनपुर, दिनेश कुमार साहू- पटवारी, माना बस्ती रायपुर, निर्भय कुमार साहू- एसडीएम, अटलनगर, नवा रायपुर समेत कांकेर के नरहरपुर स्थित आवास, हरमीत सिंह खनूजा- ठेकेदार, महासमुंद, योगेश कुमार देवांगन- जमीन दलाल, अश्वनी नगर, रायपुर, बसंती घृतलहरे - अभनपुर

अमरजीत सिंह गिल- बैंक कर्मचारी आईसीआईसीआई बैंक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दुर्ग, रोशन लाल वर्मा-आईआई, कचना रायपुर, विजय जैन- कारोबारी, गोलबाजार दुकान और टैगोर नगर स्थित घर रायपुर

उमा तिवारी- महादेव घाट, रायपुर
दशमेश- तेलीबांधा गुरुद्वारा, रायपुर
लखेश्वर प्रसाद किरण- तहसीलदार, कटघोरा और बिलासपुर स्थित घर, शशिकांत कुर्रे- तहसीलदार, माना बस्ती और अभनपुर, लेखराम देवांगन- पटवारी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार रायपुर, बता दें, इन सभी पर आरोप है कि इन्होंने भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत अधिकृत किए गए 1-1 भूमि पर फर्जी तरीके से 6-6 लोगों के नाम पर मुआवजे निकलवाए और करोड़ो रुपए गबन कर लिए हैं।

# वक्फ धार्मिक संस्था नहीं, वैधानिक निकाय है : केंद्र

**नई दिल्ली**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वक्फ संशोधन कानून पर केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। केंद्र ने कहा, 'वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है।' केंद्र ने वक्फ (संशोधन) की वैधता के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज करने की मांग की। केंद्र ने कहा, अदालतें वैधानिक प्रावधान पर रोक नहीं लगा सकती, संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर सकती हैं और निर्णय दे सकती हैं। संसद में बनाए गए कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। विधायिका द्वारा लागू की गई विधायी व्यवस्था को बदलना स्वीकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को 7 दिन के अंदर केंद्र से वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा था। इस मामले में अगली सुनवाई 5 मई को होगी।

■ वक्फ कानून पर केंद्र का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा
■ धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं, सभी याचिकाएं खारिज की जाएं
■ पारदर्शिता के लिए बदलाव किया

केंद्र ने हलफनामें में कहा कि अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि संशोधन से धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को छीन लिया जाएगा। आप इस बिंदु पर विचार कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट किसी कानून की विधायी क्षमता और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर समीक्षा कर सकता है। इस संशोधन कानून से किसी भी व्यक्ति के वक्फ बनाने के धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं होता। केवल प्रबंधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस कानून में बदलाव किया गया है। इसमें कहा गया है कि संसद द्वारा पारित कानून को संवैधानिक रूप से वैध माना जाता है, विशेष रूप से संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की सिफारिशों और संसद में व्यापक बहस के बाद बने हुए कानून को। संसद ने अपने अधिकार क्षेत्र में काम करते हुए यह सुनिश्चित किया कि वक्फ जैसे धार्मिक बंदोबस्त का प्रबंधन किया जाए और उसमें जताया गया भरोसा कायम रहे। निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए प्रावधानों का दुरुपयोग किया गया है। मुगल काल से पहले, आजादी से पहले और आजादी के बाद वक्फ की कुल जमीन 18 लाख 29 हजार163 एकड़ थी।

# फूड पॉइजनिंग से बिलासपुर में 45 लोग और कोरबा में 50 बच्चे बीमार

**बिलासपुर/कोरबा**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कोनी थाना क्षेत्र के तुर्काडीह गांव में एक शादी समारोह के बाद फूड पॉइजनिंग का मामला सामने आया है। रात को खाना खाने के बाद सुबह छोटे बच्चों से लेकर युवा व बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ने लगी। खाना खाने के बाद 45 लोगों ने उल्टी दस्त होने की शिकायत की। सभी बीमारों को सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर भोजन के सैंपल जांच के लिए एकत्र किए हैं। फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। आज सुबह से फूड पॉइजनिंग का यह दूसरा मामला सामने आया है। कोरबा में भी शादी समारोह का खाना खाने के बाद 50 लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। इधर विवाह कार्यक्रम में शामिल ग्रामीण फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। बीमार पड़े 43 बच्चे और छह बड़ों को इलाज के लिए देर रात मेडिकल कालेज अस्पताल दाखिल कराया गया। सिम्स के डॉक्टरों ने बताया कि कि कोनी क्षेत्र के तुर्काडीह के सतनामीपारा निवासी नीरज सांडे अपनी बेटी का विवाह कर रहे हैं। बहुत सारे मेहमान आए हुए हैं। 23 अप्रैल की रात तीन अलग-अलग गंजे में चावल, सब्जी व दाल बनाया गया था। सभी रिश्तेदारों ने भोजन किया और उसके बाद सोने चले गए। गुरुवार की सुबह सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। पहले परिजन तो स्थानीय डॉक्टर से दवाई लेकर सभी को दिया गया। इसके बाद पीड़ितों की संख्या बढ़ते-बढ़ते 45 तक पहुंच गई तो सभी को सिम्स के मेडिकल वार्ड में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि तीन गंज के चावल में से एक गंज का चावल खराब था। दो गंजे में बनाए गए चावल को ➢➢ शेष पृष्ठ 2 पर ➢



## दिल्ली में भाजपा के इकबाल सिंह चुने गए दिल्ली के मेयर

**नई दिल्ली**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की 'ट्रिपल इंजन' सरकार बन गई है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में भाजपा के उम्मीदवार राजा इकबाल शुक्रवार को नए मेयर चुने गए। भाजपा के ही जयभगवान यादव डिप्टी मेयर चुने गए हैं। मेयर चुनाव में भाजपा के राजा इकबाल को 133 वोट मिले, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार मनदीप को मात्र आठ वोट प्राप्त हुए। आम आदमी पार्टी ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा था। मेयर चुनाव में 142 सदस्यों ने मतदान किया।

राजा इकबाल के मेयर बनने के साथ ही अब दिल्ली में भाजपा की 'ट्रिपल इंजन' सरकार काबिज हो गई है। केंद्र और विधानसभा में पहले से भाजपा की सरकारें हैं। अब मेयर की सीट पर भी भाजपा का कब्जा हो गया है। भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सात सीटों पर जीत हासिल की थी।

## प्रदेश में अब सभी सरकारी काम होंगे डिजिटल

**रायपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में अब सभी विभागीय कार्यालयों में डिजिटल माध्यम से कार्य किए जाएंगे। अंतर-विभागीय पत्राचार और नोट शीट केवल ई-ऑफिस फाइल सिस्टम के माध्यम से ही भेजी जाएंगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि जिन विभागों में अभी तक ई-ऑफिस प्रणाली शुरू नहीं हुई है, वहां शासकीय ईमेल के माध्यम से पत्राचार किया जाएगा। हालांकि, ऐसे अर्द्धशासकीय पत्र या वैधानिक दस्तावेज, जिनमें मूल प्रति की आवश्यकता होती है, उन्हें हार्ड कॉपी के रूप में भेजा जा सकेगा। कार्य संपादन में तेजी, उन्नत कार्यकुशलता और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से यह फैसला लिया गया है। इस संबंध में अध्यक्ष राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त, और जिला कलेक्टरों को आदेश जारी किया है।

■ मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टरों को जारी किया पत्र

# रोप-वे की गिरी ट्राली, भाजपा महामंत्री को लगी गंभीर चोट

**डोंगरगढ़**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। स्थित मां बम्लेश्वरी ऊपर मंदिर में संचालित रोप-वे की ट्राली शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजें अचानक गिर गई। हादसा तब हुआ जब ऊपर मंदिर से दर्शन कर भाजपा के दिग्गज नेता ट्राली में बैठकर नीचे उतर रहे थे। हादसे में भाजपा के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा को गंभीर चोट लगी है। जबकि पूर्व मंत्री व छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, भिलाई नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल व पूर्व मंत्री के साथ पहुंचें सिद्धार्थ सिंह व बलराम सोनी को मामूली चोट लगी है। हादसे के बाद महामंत्री भरत वर्मा को तत्काल एम्बुलेंस से निजी हॉस्पिटल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें राजनांदगांव रेफर कर दिया गया। बता दें कि छ्ग वन विकास निगम के अध्यक्ष बननें के बाद रामसेवक पैकरा मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ पहुंचें थे। दर्शन के बाद नीचे उतरते समय प्लेटफार्म में पहुंचतें ही हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्राली दोपहर डेढ़ बजें प्लेटफार्म में जैसे ही पहुंची। अचानक रोप (केबल) से अलग हो गई और दो बार प्लेटफार्म में पलटी खाई। इससे ट्राली में सवार सभी लोग एक-दूसरें के ऊपर गिर गए। सबसे आखिरी में बैठे महामंत्री भरत के ऊपर सबसे अधिक भार पड़ा। जिससे उन्हें सिर व कंधे ➢➢ शेष पृष्ठ 2 पर ➢



■ पूर्व मंत्री पैकरा सहित छह लोग थे सवार

# पुलिस ने मेधा पाटकर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटेकर को दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफतारी एक डिफेमेशन (मानहानि) मामले में की गई है। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया था। यह कार्रवाई उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मानहानि के मामले में दोषसिद्धि के बाद की गई है। मामला दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 2001 में दर्ज कराया था।



साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल सिंह ने कहा था कि मेधा पाटकर अदालत में उपस्थित नहीं हुईं और उन्होंने जानबूझकर सजा से जुड़े आदेश का पालन नहीं किया। पाटकर की मंशा स्पष्ट रूप से अदालत के आदेश की अवहेलना करने और सुनवाई से बचने की थी। चूंकि सजा पर कोई स्थगन आदेश मौजूद नहीं है, इसलिए कोर्ट ने कहा कि पाटकर को पेश कराने के लिए अब दबाव का सहारा लेना अनिवार्य हो गया है।

अगली तारीख के लिए दोषी मेधा पाटकर के खिलाफ दिल्ली पुलिस आयुक्त के कार्यालय के माध्यम से गैर-जमानती वारंट जारी किया जाए। इस मामले पर अगली सुनवाई तीन मई को होगी।

### दहशत — धार्मिक स्थलों के आसपास रहने वाले लोगों में ज्यादा डर

# पहलगाम नरसंहार के बाद से ही सहमा जम्मू कश्मीर

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 25 अप्रैल(देशबन्धु)। पहलगांव के ताजा हमले के बाद सारे जम्मू कश्मीर में हाई अलर्ट जारी करने की बात कही गई है पर बावजूद उसके सारा प्रदेश सहमा हुआ है। विशेषकर प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के आसपास रहने**

*धार्मिकस्थलों के एरिया में रहने वालों को आतंकी हमलों की पुनर्रावृत्ति का डर है तो कश्मीर में कार बमों की दहशत चेहरों की हवाईयां उड़ा रही हैं।अधिकारियों ने दावा किया है कि पहलगांव के ताजा हमले के बाद सारे प्रदेश में सतर्कता को बढ़ाया तो गया लेकिन खुफिया एजेंसियों की खबरों के कारण दहशत फैल रही है। उनका कहना था कि कुछ लोगों द्वारा खुफिया रिपोर्टों को प्रमुखता दिए जाने के बाद लोग अपने आपको असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। असल में खुफिया रिपोर्टें कहती हैं कि आतंकी जम्मू कश्मीर में भी धार्मिक स्थलों पर हमलों को अंजाम दे सकते हैं। यूं तो रघुनाथ मंदिर पर दो बार आतंकी हमला हो चुका है। वैष्णो देवी गुफा तक आतंकी पहुंचे तो कई बार पर हर बार सुरक्षाबलों को सफलता मिली थी। और अब ताजा रपटों के बकौल, वैष्णो देवी का तीर्थस्थान आतंकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर है। अधिकारी इसे मानते हैं कि बहुत बड़े भूभाग में फैले वैष्णो देवी तीर्थस्थल की सुरक्षा कर पाना संभव भी नहीं है। तभी तो तीर्थस्थान के बेस कैम्प कटड़ा में एक बार हथगोले का हमला सात श्रद्धालुओं की जान लील चुका है। चारों ओर पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण आतंकी कई बार शार्टकट रास्तों का इस्तेमाल कर गुफा से मात्र एक-डेढ़ किमी की दूरी पर घात लगा चुके हैं। 'एक करोड़ से अधिक लोगों को सुरक्षा प्रदान कर पाना कितना कठिन काम है आप बेहतर समझ सकते हैं, 'कटड़ा में तैनात एक वरिष्ठ केरिपुब अधिकारी का कहना था। ऐसा ही हाल अन्य धार्मिक स्थानों का भी है।*

### वैष्णो देवी तीर्थस्थान आतंकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर

*जम्मू का रेलवे स्टेशन भी दो हमलों को झेल चुका है। हालांकि लोगों की आस्था कम तो नहीं हुई मगर दहशत और आतंक का साम्राज्य जरूर पुनः फैल रहा है। ऐसा ही साम्राज्य कश्मीर घाटी में प्रतिदिन उस समय फैलता है जब कारों में बमों को लेकर घूमते आतंकवादियों के प्रति खबरें फैलती हैं। माहौल को दहशतजदा करने में वे अफवाहें अहम भूमिका निभा रही हैं जिनमें प्रदेश के अनेक स्थानों पर संदिग्ध आतंकियों को देखे जाने की चर्चाएं हैं।*

# नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक एस. आर. भगत ने पदभार संभाला

## कानून व्यवस्था सुदृढ़ करना, जनता से सीधा संवाद मेरी प्राथमिकता

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक श्री एस. आर. भगत ने आज औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें जिले की वर्तमान कानून-व्यवस्था, अपराधों की स्थिति और प्रशासनिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली गई।

इसके बाद श्री भगत ने मीडिया से संवाद करते हुए जिले की प्राथमिकताओं को लेकर अपनी स्पष्ट कार्ययोजना साझा की। उन्होंने कहा कि (गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले की सुख-शांति बनी रहे, यह मेरा मुख्य प्रयास रहेगा।)



### कम्युनिटी पुलिसिंग को दी जाएगी प्राथमिकता

पुलिस अधीक्षक भगत ने कहा कि आम जनता से सीधा संवाद और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण उनकी प्राथमिकता में शामिल होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर पीड़ित की बात को गंभीरता से सुना जाएगा और न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### सीमावर्ती जिला होने के कारण सुरक्षा में कोई ढिलाई नहीं

चूंकि जीपीएम जिला प्रदेश का सीमांत जिला है, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ज्यादा सतर्कता बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि (सीमा पर निगरानी को और मजबूत किया जाएगा ताकि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके।)

### यातायात व्यवस्था में जल्द सुधार की योजना

श्री भगत ने जिले में अव्यवस्थित यातायात पर चिंता जताते हुए कहा कि यातायात को सुव्यवस्थित करने हेतु शीघ्र कार्ययोजना तैयार कर उस पर अमल किया जाएगा।

### बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर की जनता से अपील

उन्होंने जिले में बाइक चोरी और सामान्य चोरी की घटनाओं का उल्लेख करते हुए आम जनता से अपील की कि वे अपने स्तर पर सुरक्षा बढ़ाएं, जैसे– सीसीटीवी कैमरे लगवाना और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देना।

### नए थानों और चौकियों के लिए भेजा गया प्रस्ताव

वर्तमान में जिले में तीन थाना और एक पुलिस चौकी है। बढ़ती जनसंख्या और विस्तार को देखते हुए अधिक थाना और चौकियों की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने बताया कि इस संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। श्री भगत ने कहा (हमारी पूरी कोशिश होगी कि जिला अपराध मुक्त हो। जो भी कमियां होंगी, उन्हें भरकर बेहतर पुलिसिंग मॉडल तैयार किया जाएगा। शासन के निर्देशों के अनुरूप हर कदम पर कार्य किया जाएगा।)

# नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अतिरिक्त कलेक्टर की अध्यक्षता में दो सदस्यीय समिति गठित

## पेयजल के अलावा अन्य प्रयोजन के लिए नलकूप खनन पर लगा प्रतिबंध

**गौरेला पेंड्रा मरवाही,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रीष्म ऋतु में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ पेयजल परीरक्षण अधिनियम 1986 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने गौरेला पेण्ड्रा मरवाही सम्पूर्ण जिले को 8 अप्रैल 2025 से आगामी आदेश पर्यन्त जल अभाव क्षेत्र घोषित कर दिया है। इस अवधि में पेयजल के अलावा अन्य प्रयोजन के लिए सक्षम अधिकारी की पूर्वानुमति के बिना कोई नया नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा। इस संबंध में जारी आदेश में कहा गया है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सम्पूर्ण जिले में तथा नगरपालिका परिषदों व नगर पंचायतों को केवल पेयजल के लिए अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराए गए नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। कलेक्टर द्वारा नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अतिरिक्त कलेक्टर को प्राधिकृत अधिकारी घोषित करते हुए उनकी अध्यक्षता में दो सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। राजस्व अनुभाग पेण्ड्रारोड कार्यक्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेण्ड्रारोड और राजस्व अनुभाग मरवाही कार्यक्षेत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मरवाही को नलकूप खनन संबंधी अनुमति के लिए प्राधिकृत अधिकारी बनाया गया है।

नलकूप खनन की अनुमति हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय में दो रूपए की शुल्क जमा कर कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है तथा निर्धारित आवेदन पत्र में आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी के साथ आवेदन जमा करना होगा। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दस दिवस के भीतर छानबीन कर उपयुक्त पाए जाने पर अनुमति प्रदान कर सकेंगे। आदेश में कहा गया है कि यदि किसी व्यक्ति या एजेंसी द्वारा बिना अनुमति के नलकूप खनन करना पाया जाता है, तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी पर 30 हजार का इनाम घोषित

## सात वर्षीय बालिका के अपहरण का मामला

**मुंगेली** । बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला ने जिला मुंगेली के लोरमी थाना क्षेत्र में घटित बालिका अपहरण के गंभीर मामले में अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 30,000 रुपये का नगद इनाम घोषित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11-12 अप्रैल 2025 की दरम्यानी रात ग्राम कोसाबाड़ी निवासी 36 वर्षीय महिला पुष्पा गोस्वामी अपने बच्चों के साथ घर में सोई हुई थी। रात करीब 2.00 बजे नींद खुलने पर देखा कि उसकी 7 वर्षीय नाबालिग बच्ची बिस्तर से गायब थी। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों में तलाश की, लेकिन कहीं भी बच्ची का पता नहीं चला। थाना लोरमी में महिला की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपहरण का मामला दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक मुंगेली द्वारा 24 अप्रैल 2025 को अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया हैं, लेकिन सभी प्रयासों के बावजूद अब तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिला। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज ने इनाम राशि बढ़ाकर 30,000 रुपये कर दी है। कोई भी व्यक्ति जो अज्ञात आरोपी के संबंध में सटीक जानकारी देगा जिससे उसकी गिरफ्तारी संभव हो सके, उसे यह इनाम दिया जाएगा। जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। इस मामले से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए पुलिस अधीक्षक मुंगेली (मो. 94791-90089), पुलिस नियंत्रण कक्ष मुंगेली (मो. 94791-93044) या थाना प्रभारी लोरमी (मो. 62615-02021) से संपर्क किया जा सकता है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**आतंकी हमले के पीछे...**

दिया है। मैं सभी को बताना चाहता हूं कि पूरा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है। एक दिन पहले गुरुवार को हमने सरकार के साथ बैठक की और पूरे विपक्ष ने इस हमले की निंदा की। उन्होंने आगे बताया कि इसके साथ ही हमने सरकार द्वारा की जाने वाली किसी भी कार्रवाई को पूरा समर्थन दिया है। इस दौरान राहुल गांधी ने श्रीनगर में कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी के नेताओं से कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। हमें जुड़े रहना है, नफरत और आतंक के खिलाफ डटे रहना है।

**पाकिस्तानी नागरिकों की ...**

निर्धारित समय सीमा से आगे भारत में न रहे। भारत ने गुरुवार को 27 अप्रैल से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द करने की घोषणा की थी और पाकिस्तान में रहने वाले भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द घर लौटने की सलाह दी थी।

**नक्सली खौफ में...**

ड्रोन से निगरानी की जा रही है। जवानों को हवा के रास्ते से रसद और मेडिकल सपोर्ट भेजा जा रहा है।अभियान पर तीन राज्यों की पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों की सीधी नजर बनी हुई है। करेगुट्टा और नीलम सराय पहाड़ी बना निशाना-जवानों का फोकस फिलहाल कररेगुट्टा और नीलम सराय की पहाड़ियों पर है,जहां बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। पांच हजार जवानों की घेराबंदी-छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र की सीमाओं पर करीब 5 हजार जवानों ने रणनीतिक घेराबंदी की है। हिड़मा, देवा, दामोदर जैसे बड़े नक्सली नेताओं के साथ करीब 300 नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना है।

क्या वार्ता की अपील रणनीति है या दबाव में लिया गया कदम-नक्सलियों की ओर से आई यह वार्ता की अपील कई सवाल खड़े कर रही है। क्या यह सच में शांति की ओर कदम है या जवानों की घेरेबंदी और दबाव के चलते लिया गया रणनीतिक निर्णय? फिलहाल ऑपरेशन जारी है और सुरक्षाबल स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए हुए हैं।आने वाले कुछ घंटे इस पूरे अभियान की दिशा तय कर सकते हैं।

**फूड पॉइजनिंग से...**

खाने वाले सब ठीक है। तीसरे गंज के चावल को खाने वालों की तबीयत बिगड़ी है। वहीं कोरबा के उरगा थाना क्षेत्र के भैंसमा के पहरी पारा की है। जानकारी के अनुसार, पालीथीन में पैक सेव बूंदी खाने के बाद बच्चों और बड़ों की तबीयत बिगड़ी। उल्टी-दस्त की शिकायत आते ही गांव में हड़कंप मच गया। मेडिकल कॉलेज की पूरी टीम देर रात पहुंचे बीमारों के इलाज में जुटी रही। सूचना पाकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी घायलों की हालत का जायजा लेने के लिए अस्पताल पहुंचे।

**रोप-वे की गिरी ...**

में गंभीर चोट लगें। बाकी पांच लोगों को मामूली चोट लगी है। डॉक्टरों ने सभी घायलों का रेस्ट हाउस में प्राथमिक उपचार किया। इधर भाजपा के वरिष्ठ नेता हरविंदर सिंह मंगे ने हादसे को लेकर डोंगरगढ़ थाना में एफआईआर दर्ज करा दिया है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

**संदर्भः–** जिला–बिलासपुर तहसील–बिलासपुर प.ह.नं. 32 सरकंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक–RD202425400107900038

**// ईश्तहार //**

तहसील बिलासपुर के प.ह.नं. 32 के अंतर्गत ग्राम सरकंडा के वर्तमान भूमिस्वामी गोपाल राव सोमावार पिता–रामभाऊ सोमावार पता–सा.देह, निलेश सोमावार पिता/पति–नीलकंठ सोमावार पता–सा देह, दिनेश कुमार सोमावार पिता–रामभाऊ सोमावार पता–सा देह, नूतन सोमावार पिता/पति–नीलकंठ सोमावार पता–सा देह, लीलावती सोमावार पिता/ पति–रामभाऊ सोमावार पता–सा.देह, कुनाल पिता–रमेश कटरपवार पता–सा देह, कपिल पिता/ पति–रमेश कटरपवार पता–सा.देह, राज रमेश पिता/ पति–रमेश कटरपवार पता–सा देह, मनोज सोमावार पिता–रामभाऊ सोमावार पता–सा देह, रेखा पिता/ पति–रामभाऊ सोमावार पता–सा देह, विरेन्द्र कुमार सोमावार पिता–रामभाऊ सोमावार पता–सा देह, निशा सोमावार पिता/ पति–नीलकंठ सोमावार पता–सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1158/1(0.0730) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता रेखा शिवरामवार पिता/पति–अनिल शिवरामवार पता–तिलक नगर चांटापारा बिलासपुर, कुणाल रमेश काटरपवार, कपिल रमेश काटरपवार, राज रमेश काटरपवार, पिता–रमेश काटरपवार, पता–हनुमान मंदिर के पास 859 चमन गली छवानी कटोल रोड नागपुर, लीलावती दरबे पिता/ पति–व्ही.आर.दरबे पता–एम.आई.जी.01–544 अमदी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/04/2025 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
Neha Vishwakarma
Tahsil-Bilaspur



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई–प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 329/ निर्माण/ 2025 दिनांक 16.04.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | परिवहन नगर जोन अंतर्गत स्थित प्रेस काम्पलेक्स में महिला एवं पुरुष शौचालय का निर्माण कार्य (जिला खनिज न्यास मद) (प्रथम निविदा) | 10.00 | 07.05.2025 (T.No. 167134) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.inपर भी देखी जा सकती है।

// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)



**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र.क्र. /ब–121/ 2024–2025
ग्राम अमोरा तहसील नवागढ़

आवेदक श्री ब्यासनारायण सूर्यवंशी उम्र 25 वर्ष पिता श्री शिव आधार जाति सूर्यवंशी एवं आवेदिका श्रीमती जानकी सूर्यवंशी उम्र 39 वर्ष पति श्री ब्यासनारायण सूर्यवंशी जाति सूर्यवंशी दोनों निवासी ग्राम नरगोड़ा तहसील मस्तुरी थाना सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.)

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन

**// ईश्तहार //**

आम जनता ग्राम अमोरा तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ब्यासनारायण सूर्यवंशी उम्र 25 वर्ष पिता श्री शिव आधार जाति सूर्यवंशी एवं आवेदिका श्रीमती जानकी सूर्यवंशी उम्र 39 वर्ष पति श्री ब्यासनारायण सूर्यवंशी जाति सूर्यवंशी दोनों निवासी ग्राम नरगोड़ा तहसील मस्तुरी थाना सीपत जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया है कि हम दोनों का विवाह दिनांक 26.02.2025 को ग्राम अमोरा तहसील नवागढ़ जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) में सम्पन्न हुआ है और अपने अनुष्ठापित विवाह का पंजीयन कर विवाह प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 21.05.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.04.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

विवाह अधिकारी
जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर**

**उद्घोषणा**

क्रमांक/ क / तह./ वाचक/ 2025
सकरी, दिनांक 25/04/2025
रा.प्र.क्र. 202501072100008/ अ–21/ 2024–2025
ग्राम– सकरी, प.ह.नं. 45,
तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सकरी, प.ह.नं. 45, तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती शालिनी सिंह पति डा. करन सिंह निवासी ग्राम सकोला, तहसील सकोला, जिला गौरेला के द्वारा ग्राम सकरी, प.ह.नं. 45, म.नं. 02 स्थित भूमि खसरा नंबर 452/9 रकबा 1760 वर्गफुट भूमि मय मकान को मणिशंकर कश्यप पिता सीताराम कश्यप निवासी ग्राम ठरकपुर, तहसील लोरमी के पास विक्रय करने की अनुमति आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो कलेक्टर, बिलासपुर से जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त भूमि की विक्रय की अनुमति के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो वह अपना आपत्ति–दावा दिनांक 02–05–2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25–04–2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
सकरी



**आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड**

Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय :** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पश्चिम), मुम्बई - 400069.

**बिलासपुर शाखा** : कृष्णा, पहली मंजिल, सोनछत्र कम्पाउण्ड, आरएनटी चौराहा के पास, शिव टॉकीज, तार बहार रोड़, बिलासपुर - 495004 (छत्तीसगढ़)

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट 4 (अचल संपत्ति हेतू)

जबकी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (AHFL) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर सिक्युरीटाइजेशन एंड रिकंस्टक्शन ऑफ फायनेंशियल एसेट्स एण्ड इंफोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटस्ट एक्ट 2002 एवं सिक्युरिटी इंटस्ट (इंफोर्समेन्ट) नियम 2002 का नियम 3 के साथ सपठित धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को उपयोग करते हुए कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपरोक्त सूचना प्राप्ति के 60 दिवस में नीचे सूचना में वर्णित राशि का पुर्नभुगतान करने के लिए ऋणकर्ताओ/ प्रतिभूतिकर्ताओं को मांग सूचना (ए) जारी की थी। ऋणकर्ताराशि का पूर्नभुगतान करने में असफल रहे है, सिक्युरिटी इंफोर्समेन्ट नियम 2002 के नियम 8 के साथ सपठित उपरोक्त कानून की धारा 13 के सब-सेक्शन (4) के अंतर्गत के साथ प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए ऋणकर्ता(ओ)/ प्रतिभूतिकर्ता(ओ) एवं सामान्य जनों को सार्वजनिक रूप में सूचित किया जाता है वर्णित संपत्ति पर अधोहस्ताक्षरकर्ता ने अधिगृहण कर लिया है। धरोहर संपत्ति के एवज में संपत्ति को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय सीमा पर कानून की धारा 13 का सब सेक्शन (8) के प्रावधानों पर ऋणकर्ताएं ध्यान देवे। ऋणकर्ता को विशेष रूप में एवं सामान्य जनो को सार्वजनिक रूप से यह चेतावनी दी जाती है कि संपत्ति के साथ कोई व्यवहार न करें एवं संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नीचे वर्णित राशि के साथ शेष देय ब्याज के लिए AHFL के शुल्क के विषयानुसार होगी।

| क्रं. | ऋणकर्ता(ओ)/प्रतिभूतिकर्ता(ओ) (शाखा का नाम) | धरोहर संपति विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना का दिनांक एवं राशि | आधिपत्य का दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 01010000152/ बिलासपुर शाखा) निलेश गुप्ता (ऋणी), रश्मी गुप्ता एवं भरत लाल गुप्ता (सह-ऋणी) | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मौजा पिपरतरई प.ह.नं. 32 आरएनएम कोटा ख. नं. 1313, तहसील कोटा जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ 495112. **चर्तुसीमाएँ:**– पूर्व- गलीराम की भूमि, पश्चिम- रोशन की भूमि, उत्तर- गली, दक्षिण- पुनाबाई की भूमि | 09-01-2025 & ₹ 5,94,371/- | 23-04-2025 |

स्थान : छत्तीसगढ़
दिनांक : 26.04.2025

प्राधिकृत अधिकारी
आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड



**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला–बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रतनपुर, दिनांक 23/04/2025
रा.प्र.क्र. ...............
(ब–121/ 2024–25)
मौजा ग्राम– पोड़ी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरालाल पिता स्व. मधुराम जाति केंवट निवासी ग्राम पोड़ी तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने माता रामबाई पति मधुराम का मृत्यु दिनांक 17.01.2008 को ग्राम पोड़ी में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश ग्राम पंचायत पोड़ी में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13(3) एवं छत्तीसगढ़ जन्म–मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9(3) अन्तर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म–मृत्यु) एवं सचिव ग्राम पंचायत पोंड़ी को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/ आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 08/05/2025 को दावा/ आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

सील

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
रतनपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)**

पता:– पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कमरा क्र. 18, कलेक्टोरेट के सामने, Phone No. 07752-250593, Email ID-eebil-phe-cg@gov.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मुहरबंद निविदायें नीचे उल्लेखित कार्य हेतु प्रपत्र अ प्रतिशत दर में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में ई–पंजीयन प्रणाली की डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 12.05.2025 सायं 5.30 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम तिथि – 14.05.2025 सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि (स्पीड पोस्ट के माध्यम से)– 16.05.2025 सायं 3:00 बजे तक
4. निविदा खुलने की तिथि – 16.05.2025 अपरान्ह 4:00 बजे के पश्चात्

| निविदा सूचना क्रमांक | विकास खण्ड | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बिल्हा | शासकीय आयुर्वेद औषधालय नगोई डिपाजिट मद में पेयजल व्यवस्था के तहत सबमर्सिबल पम्प स्थापना कार्य। 1. Submersible Pump set - 01 Nos. (5 HP) 2. Submersible Flat Cable4.0 Sq. mm-105Mtr. 3. Aluminium Service wire 10 Sq. - 180 mtr. 4. 50 mm GI Pipe - 90Mtr. | 1.00 | 2000.00 | 01 माह | 300/– |
| 02 | बिल्हा | शासकीय आयुर्वेद औषधालय नगोई में डिपाजिट मद के अंतर्गत पेयजल व्यवस्था हेतु 150 मि.मी. व्यास के 150 मीटर गहरे 01 नग नलकूप खनन कार्य। | 1.77 | 2000.00 | 01 माह | 300/– |

निविदा संबंधी विस्तृत जांनकारी जैसे–पात्रता की शर्तें, मापदण्ड, प्राक्कलन इत्यादि अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय में दिनांक 11.05.2025 तक देखें जा सकते हैं।

जी– 252600487/1

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बिलासपुर (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**

**स्वामित्व नामांतरण आम सूचना**

क्र. 466/न.पा.नि./सम्पदा वि./2024-25 बिलासपुर दिनांक 24/04/2025

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित व्यक्तियों से आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्राप्त हुए हैं। इस नामांतरण के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/बैंक/एल.आई.सी./अन्य संस्थाओं को कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन दिनांक से 21 दिनों के भीतर इस संबंध में आपत्ति लिखित रूप से सबूत के साथ नेहरू चौक स्थित विकास भवन, नगर पालिक निगम बिलासपुर के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम (विक्रेता) | हस्तांतरित का नाम (क्रेता) | दुकान/आवास/चबुतरा का क्रमांक व स्थान | नामांतरण का आधार (कैफियत) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री अनुराग शुक्ला पिता घनश्याम शुक्ला पता वार्ड नं. 26 न्यू माईंस परसापानी चिरमिरी की तरफ से मु.आ. परमेश्वर गोस्वामी पिता श्री गणेश गोस्वामी बाजार पारा पेण्ड्रा | श्री जीवन सिंह राजपूत पिता श्री सोनू सिंह राजपूत निवासी धरमजैगढ़ जिला रायगढ़ छ.ग. | रा.कि.न. भूखण्ड क्र. 19 आकार 30x50 = 1500 वर्गफुट फेस 02 | आपसी सहमति, शपथ पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर |
| 2 | श्रीमती आशा अग्रवाल पति श्री अजय कुमार अग्रवाल निवासी वार्ड क्र. 17 भवन चौक रायगढ़ छ.ग. | श्रीमती चित्रिता मुखर्जी पति श्री सुखदेव मुखर्जी निवासी सूरजमुखी 28 राजकिशोर नगर | रा.कि.न. भूखण्ड क्र. 23 आकार 1988.5 वर्गफुट फेस 02 | आपसी सहमति एवं शपथ पत्र के आधार पर |
| 3 | राजा राम केशकर पिता कोंदा राम केशकर निवासी ग्राम कौडिया तहसील सीपत जिला बिलासपुर | श्रीमती हेमा चंद्रन पति नरेन्द्र कुमार निवासी राजकिशोर नगर बिलासपुर | रा.कि.न. भूखण्ड क्र. 08 आकार 20x40=800 वर्गफुट विस्तार योजना | आपसी सहमति एवं शपथ पत्र के आधार पर |
| 4 | जसबीर सिंह पिता भुपेन्द्र सिंह निवासी तुलसी 6/22 राजकिशोर नगर बिलासपुर | श्रीमती रंजना दुबे पति एस.के. दुबे निवासी बी-09 डीएवी स्टाप क्वाटर बसंत विहार बिलासपुर | रा.कि.न. भूखण्ड क्र. 99 आकार 20x40=800 वर्गफुट फेस-01 | आपसी सहमति एवं शपथ पत्र के आधार पर |
| 5 | श्रीमती कुसुम लता सोनी पति आर.के. सोनी निवासी गौरी गणेश कालोनी, मंगला बिलासपुर | आशीष यादव पिता मनहरण लाल यादव निवासी लिंगियाडीह बिलासपुर छ.ग. | तुलसी आवास 01/04 आकार 15x30=450 वर्गफुट | आपसी सहमति एवं शपथपत्र के आधार पर |
| 6 | श्री शंकर लाल सोनी पिता श्री मनोहर सोनी निवासी राज किशोर नगर बिलासपुर | श्री राजेन्द्र कुमार सोनी पिता अवध राम सोनी निवासी गणेश कालोनी मंगला बिलासपुर | तुलसी आवास 01/03 आकार 15x30=450 वर्गफुट | मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र के आधार पर |
| 7 | 1. श्रीमती कल्पना सरकार पति स्व. एम. केसरकार 2. स्री सुदीप्तो सरकार पिता स्व. एम.के. सरकार 3. श्री प्रदीप्तो सरकार पिता स्व. एम.के. सरकार निवासी आवास क्र-11 सूरजमुखी राजकिशोर नगर बिलासपुर छ.ग. | श्री सुदीप्तो सरकार पिता स्व. एम.के. सरकार निवासी आवास क्र-11 सूरजमुखी राजकिशोर नगर बिलासपुर छ.ग. | सूरजमुखी आवास क्र.-11 आकार 34x50=1700 वर्गफुट राजकिशोर नगर | माता एवं भाई के हक त्याग एवं शपथ पत्र के आधार पर |
| 8 | श्री पंकज तिवारी पिता स्व. श्री कृष्ण मोहन तिवारी निवासी नई कालोनी नजदीक देवी मंदिर कोतमा रोड ओ.पी. एस. अमलाई अमली शहडोल (म.प्र.) | श्री सत्य शिव तिवारी पिता श्री शेष नारायण तिवारी निवासी राजकिशोर नगर बिलासपुर (छ.ग.) | रा.कि.न. भूखण्ड क्र.-07 आकार 40x70=2800 वर्गफुट विस्तार योजना | आपसी सहमति एवं शपथ पत्र के आधार पर |
| 9 | श्री सुरेन्द्र गिरवाल पिता एम.के. गिरवाल निवासी पलास 112 रा.कि.न. बिलासपुर | 01 श्रीमती संगीता गिरवाल पति स्व. सुरेन्द्र गिरवाल 2. अंकित गिरवाल 3 अपेक्षा गिरवाल दोनों के पिता स्व. सुरेन्द्र गिरवाल निवासी पलास 112 रा.कि.न. बिलासपुर | रा.कि. नगर पलास आवास क्र. 112 आकार 30x50=1500 वर्गफुट | फौती नामांतरण मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र के आधार पर |
| 10 | श्री ओमप्रकाश सुन्दर दास प्रो. भूरामल पिता श्री खोदरामल दमानी निवासी हेमूनगर बिलासपुर | श्रीमती पूनम दमानी पति श्री ओमप्रकाश दमानी, श्री परमानंद रोहरा पिता श्री कवरमल रोहरा निवासी हेमूनगर बिलासपुर | व्यापार विहार जोन-02 भूखण्ड क्र डी/76 आकार 26x50=1300 वर्गफुट | वसीयत नामा के आधार पर मृत्युउपरांत नामांतरण |
| 11 | श्रीमती अर्बा शर्मा पति श्री विष्णु कुमार शर्मा निवासी विद्यानगर बिलासपुर | श्री विष्णु कुमार शर्मा पिता शमीर शर्मा, प्रज्ञाराय, श्रीमती ऋचा तिवारी पिता श्री विष्णु कुमार शर्मा निवासी विद्यानगर बिलासपुर | व्यापार विहार जोन-01 भूखण्ड क्र एफ/164 आकार 12.5x30=375 वर्गफुट | शपथपत्र के आधार पर मृत्युपरांत फौती नामांतरण |
| 12 | श्रीमती कीर्ती प्रधान पति स्व. अजय प्रधान निवासी रसाली भिलाई जिला दुर्ग के तरफ से मु. आम श्री रजत मलहोत्रा पिता सी.एम. मलहोत्रा नेहरू नगर बिलासपुर | श्री रजत मलहोत्रा पिता श्री सी.एस. मलहोत्रा निवासी नेहरूनगर बिलासपुर | व्यापार विहार जोन-01 भूखण्ड क्र एफ/515 आकार 12.5x30=375 वर्गफुट | शपथपत्र के आधार पर नामांतरण |
| 13 | श्रीमती अनिता खरे पति श्री पी.के. खरे के तरफ से मु.आस श्रीमती साधना प्रधान पति श्री अशोक प्रधान निवासी जूनी लाईन बिलासपुर | श्री रजत मलहोत्रा पिता श्री सी.एस. मलहोत्रा निवासी नेहरूनगर बिलासपुर | व्यापार विहार जोन-01 भूखण्ड क्र एफ/516 आकार 12.5x30=375 वर्गफुट | शपथपत्र के आधार पर नामांतरण |
| 14 | श्रीमती शांता मिश्रा पति श्री पी.सी. मिश्रा निवासी यदुनंदन नगर तिफरा | श्रीमती ज्योति यादव पति श्री रामकुमार यादव निवासी यदुनंदन नगर तिफरा | यदुनंदन नगर आवास क्र. सी/159 आकार 25x60=1500 वर्गफुट | आपसी सहमति एवं शपथ पत्र के आधार पर |
| 15 | श्री भाउराम टण्डन पिता स्व. श्याम लाल टण्डन निवासी यदुनंदन नगर बिलासपुर | श्रीमती मधुबाला टण्डन पति स्व. भाउराम टण्डन निवासी यदुनंदन नगर बिलासपुर | यदुनंदन नगर आवास क्र. एल/118 आकार 20x40=800 वर्गफुट | वसीयत नामा के आधार पर मृत्युउपरांत नामांतरण |

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलिथीन का उपयोग न करें

अपर आयुक्त, न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)



**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम मो. जीशान पिता मोहम्मद रहमातुल्लाह अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम मोहम्मद जीशान पिता मोहम्मद रहमातुल्लाह निवासी हाउस नं.8/428 वार्ड नं.10 मुख्य पोस्ट ऑफिस के पास राजेन्द्र नगर बिलासपुर छ.ग. 495001 रख लिया हूं अत: अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम मोहम्मद जीशान पिता मोहम्मद रहमातुल्लाह से जाना एवं पहचाना जाये।

**मोहम्मद जीशान**
हाउस नं.8/428 वार्ड नं.10
मुख्य पोस्ट ऑफिस के पास
राजेन्द्र नगर
बिलासपुर छ.ग.
495001



**न्यायालय मधुसूदन चंद्राकर अष्टम मो.दु.दावा अधिकरण रायपुर ( छ.ग. )**

प्रोसेस क्रमांक 358/2025 प्रकरण क्रमांक 1086/2023
पेशी दिनांक 10.06.2025

किरण सिंह व अन्य ..........................आवेदकगण

विरूद्ध

मेसर्स ईफसी लाजिस्टिक इंडिया लिमिटेड

..............अनावेदकगण

बनाम–ईफसी लाजिस्टिक इंडिया प्रा.लिमि. इनचार्ज ऑफिसर मेसर्स ईफसी लाजिस्टिक इंडिया प्रा.लिमि. ट्रांसपोर्ट नगर जिंदल, सुर्या काम्प्लेक्स रायगढ़ (छ.ग.)

आवेदक ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र धारा 166 मोटर यान अधिनियम वास्ते क्षतिपूर्ति 47,70,000/– हेतु संस्थित किया गया है। अनावेदक को इस समंस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी पक्षकार को कोई आपत्ति है, तो इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा नियत पेशी दिनांक 10.06.2025 को समय 11.00 बजे उपस्थित हो जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिये गये हो और इस बाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में उपसंजाति के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है, इसलिये आपको इस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिए जिनके लिये आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। अनावेदक/प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित की गयी तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नही होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

**नोट**–यदि किसी कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो, प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

आज दिनांक 10 माह 06 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
दिनांक 01.04.2025

मुहर

मधुसूदन चंद्राकर
अष्टम जिला न्यायाधीश
रायपुर ( छ.ग. )



**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (छ.ग.)**

07774-222707(O), E-Mail:- actwd.ambikapur@gmail.com,actd.ambikapur@gmail.com

क्र./ शि.यो./ आवि./ 116/ 2025–26 / 403 /अम्बिकापुर, दिनांक 24/04/2025

**निविदा सूचना**

जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, जिला–सरगुजा (छ.ग.) द्वारा जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मैनपाट, रिखी (उदयपुर), शिवपुर (बतौली), पेटला (सीतापुर), सहनपुर (लुण्ड्रा) एवं प्रयास आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर के संचालन हेतु सत्र 2025–26 (जुलाई 2025 से जून 2026) तक सामग्री आपूर्ति के लिए पंजीकृत फर्मों/ आपूर्ति कर्त्ताओं से सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म कार्यालयीन दिवसों में कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास सरगुजा (छ.ग.) से नगद 750.00 (शब्दों में–सात सौ पचास रूपये) मात्र जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित समस्त विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास सरगुजा (छ.ग.) में कार्यालयीन दिवसों में दिन के 11.00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक उपस्थित होकर अवलोकन/ प्राप्त किया जा सकता है।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि– 22/05/2025 समय सांय 5.00 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि– 23/05/2025 समय सांय 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि – 26/05/2025 समय अपरान्ह 3.00 बजे।
4. निविदा खोलने का स्थान – कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास अम्बिकापुर जिला–सरगुजा (छ.ग.)

जी– 252600493/1

कलेक्टर अध्यक्ष
जिला स्तरीय छ.ग. आदिम जाति कल्याण
आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति
अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)

# देश

**उवाच** “ पहलगाम की घटना भारत को अस्थिर करने की उनकी साजिशों को दर्शाती है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार ने इस हमले के जवाब में सही कदम उठाए हैं। सभी राजनीतिक दलों ने इन कार्रवाइयों का समर्थन किया है, जिससे पता चलता है कि देशहित में सब एकजुट हैं। -चंपई सोरेन, भाजपा विधायक



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 4`. | 24` |
| मुंबई | 33` | 27` |
| कोलकाता | 35` | 28` |
| चेन्नई | 35` | 29` |

# पहलगाम हमला याद दिलाता है कि आतंकवाद वैश्विक खतरा : धनखड़

## लोगों से की राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने की अपील

**चेन्नई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला इस बात की याद दिलाता है कि आतंकवाद वैश्विक खतरा है, जिसका समाधान मानवता को एकजुट होकर करना होगा। उन्होंने लोगों से राजनीतिक, व्यक्तिगत और अन्य हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देने की अपील की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे शांतिप्रिय देश है और इसकी सभ्यता की भावना वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया को एक परिवार के रूप में देखने का सिद्धांत) में परिलक्षित होती है, पूरी दुनिया अब इसे मान रही है। उपराष्ट्रपति ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों की याद में मौन रखा। उपराष्ट्रपति ने तमिलनाडु के राजभवन में आयोजित राज्य, केंद्रीय और निजी विश्वविद्यालयों के दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए कहा कि हमने इस सम्मेलन के आरंभ में मौन रखा। मैं पहलगाम में हुए जघन्य हमले पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करने में राष्ट्र के साथ हूं, जिसमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि और कुलपतियों ने भी 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की याद में एक मिनट का मौन रखा। पूर्व आर्मी चीफ शंकर रॉय चौधरी ने पहलगाम की घटना को खुफिया विफलता करार दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले में पाकिस्तान और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की भूमिका है। रिटायर्ड जनरल शंकर रॉय चौधरी ने कहा कि इतनी संख्या में आतंकवादी सीमापार कैसे आ गए, इसकी जांच होनी चाहिए। बीती 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी। घटना में पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफ का हाथ बताया जा रहा है। भारत सरकार ने भी इस मामले में कड़ा रुख अपनाया है और पाकिस्तान के साथ साल 1960 में हुए सिंधु जल समझौते को स्थगित कर दिया है।

**राज्य, केंद्रीय व निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को किया संबोधित**



मानवता को एकजुट होकर करना होगा आतंकवाद का समाधान : जगदीप धनखड़

## अब आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई का इंतजार : अधीर रंजन



**कोलकाता।** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के संदर्भ में कहा कि जिस तरह से पर्यटकों को मौत के घाट उतारा गया है, उससे यह साफ जाहिर होता है कि हमला करने वाले लोग हैवान थे। उन्होंने आतंकवादियों पर पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। अधीर रंजन चौधरी ने इस बात पर बल दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कह रहे हैं कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों को मौत के घाट उतारने वालों से प्रतिशोध लिया जाएगा। हम भी अब इसी बात का इंतजार कर रहे हैं कि वह दिन कब आएगा। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि निर्दोष लोगों को मारने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पहलगाम हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जंग कई वर्षों से चली आ रही है। इस जंग में हमें जीत दर्ज करनी होगी। यह जंग कोई नई नहीं है। यह जंग लंबे समय से चली आ रही है। हर मजहब के लोग आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहे हैं।

## पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमला अभी शांत नहीं हुआ कि पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पटना व्यवहार न्यायालय परिसर में आरडीएक्स जैसे शक्तिशाली बम के प्लांट होने की बात वाला ईमेल मिलने के बाद शुक्रवार को प्रशासन ने न्यायालय को पुलिस छावनी में तब्दील कर सघन तलाशी ली। व्यवहार न्यायालय के ईमेल पर शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजकर 46 मिनट पर प्राप्त मैसेज के बाद प्रशासन को सूचना दी गई। न्यायालय प्रशासन ने इस संबंध में बार एसोसिएशन को भी सूचना भेजी। सूचना मिलने के बाद नगर पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी)-2 दीक्षा स्वयं मौके पर पहुंची। साथ ही एन्टी टेरेरिस्ट स्क्वाड और बम निरोधक दस्ता को भी बुलाया गया। भारी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किए गए। ईमेल मिलने के बाद न्यायालय परिसर के अंदर जाने वाले लोगों को रोक दिया गया और फिर धीरे-धीरे सभी न्यायिक पदाधिकारियों, वकीलों एवं कर्मचारियों को परिसर से बाहर निकाला गया। न्यायालय के तीनों द्वार पर प्रत्येक व्यक्ति की मेटल डिटेक्टर से तलाशी ली गई। पुलिस ने पूरे न्यायालय परिसर की भी बम डिटेक्टर और डॉग स्क्वॉड के द्वारा जांच की। गौरतलब है कि शुक्रवार को न्यायालय प्रशासन को एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें न्यायालय परिसर में शक्तिशाली आरडीएक्स बम प्लांट होने की बात कही गई थी। इससे कुछ दिनों पूर्व पटना उच्च न्यायालय में भी बम प्लांट किए जाने की भी खबर मिली थी, जिसके बाद पटना उच्च न्यायालय की भी सघन तलाशी ली गई थी। बता दें कि पहलगाम हमले के बाद मिली इस धमकी को पुलिस काफी गंभीरता से ले रही है।

## देशभर में की जाए कैबिनेट मंत्रियों की तैनाती : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हाल की घटनाओं के मद्देनजर तथा देश के विभिन्न भागों में रहने वाले यहां के छात्रों और व्यापारियों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने के लिए शुक्रवार को भारत भर के प्रमुख शहरों में कैबिनेट मंत्रियों को तैनात करने का निर्देश दिया। पहलगाम के प्रसिद्ध रिसॉर्ट के पास सुरम्य बैसरन घास के मैदान में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद देश के विभिन्न भागों में छात्रों सहित उत्पीड़न और हमलों की कई रिपोर्टें आई हैं। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार के इन वरिष्ठ प्रतिनिधियों को संबंधित राज्य सरकारों में अपने समकक्षों के साथ निकट समन्वय स्थापित करने का काम सौंपा गया है। उनका कार्य जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा, सम्मान और भलाई सुनिश्चित करना है, जो हाल की घटनाओं के मद्देनजर संकट, चिंता या असुरक्षा का सामना कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हमारे छात्रों और व्यापारियों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के उद्देश्य से मैंने अपने कैबिनेट मंत्रियों को देश भर के विभिन्न शहरों में भेजा है। इन यात्राओं का उद्देश्य संबंधित राज्य सरकारों के साथ प्रयासों का समन्वय करना और जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना है।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर की क्षेत्रीय सीमाओं से परे अपने नागरिकों के कल्याण के लिए प्रशासन की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार अपने लोगों के साथ हर जगह खड़ी रहेगी। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा गुरुवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें देश भर की विभिन्न राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों से कश्मीरियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। जम्मू-कश्मीर छात्र संघ (जेकेएसए) ने देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले क्षेत्र के छात्रों से घर के अंदर रहने, सार्वजनिक टकराव से बचने और ऑनलाइन भड़काऊ या राजनीतिक सामग्री में शामिल होने से बचने का आग्रह किया है।



■ जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

## सार संक्षेप

### कस्तूरीरंगन के निधन पर राहुल ने जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष पद्म विभूषण डॉ. के कस्तूरीरंगन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। गांधी ने कहा कि इसरो के पूर्व अध्यक्ष भारत की अंतरिक्ष प्रगति के महत्वपूर्ण स्तंभ कस्तूरीरंगन के निधन से दुखी हूं। उनका दूरदर्शी नेतृत्व विज्ञान और अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। उनके परिवार, सहकर्मियों और प्रियजनों के प्रति हार्दिक संवेदना

### प्रशांत किशोर की बिहार बदलाव यात्रा 2 मई से

**जमुई।** जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर की बिहार बदलाव यात्रा की शुरुआत लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जन्मभूमि सिताबदियारा से 2 मई से शुरू होगी। जन सुराज उद्घोष यात्रा के तहत किशोर शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर जमुई पहुंचे। जमुई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने बड़ा ऐलान किया कि 2 मई को जय प्रकाश नारायण (जेपी) की जन्मभूमि सिताबदियारा से 'बिहार बदलाव यात्रा' की शुरुआत होगी।

### गुजरात ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में पाई सफलता

**गांधीनगर।** गुजरात ने तेज आर्थिक विकास के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि दुनियाभर के देशों के लिए जब महंगाई एक बहुत ही बड़ी समस्या बनी हुई है, तब भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात ने तेज आर्थिक विकास के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

### एआईएमआईएम ने हैदराबाद स्थानीय प्राधिकरण एमएलसी चुनाव जीता

**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन उम्मीदवार मिर्जा रियाज उल हसन इफेंडी ने हैदराबाद स्थानीय प्राधिकरण एमएलसी चुनाव में भाजपा उम्मीदवार एन गौतम राव को हराया है। शुक्रवार को यहां जीएचएमसी पंवार हॉल में हुई मतगणना में एआईएमआईएम उम्मीदवार ने 63 वोट हासिल किया, जबकि भाजपा उम्मीदवार को 25 वोट मिले। हैदराबाद स्थानीय प्राधिकरण एमएलसी निर्वाचन क्षेत्र के लिए बुधवार को मतदान हुआ, जिसमें कुल 112 मतदाता थे और 78 प्रतिशत मतदान हुआ। इनमें से पदेन सदस्यों, विधायकों और अन्य सहित 88 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। संख्या की कमी के कारण कांग्रेस और बीआरएस चुनाव से दूर रहे। तेलंगाना में इस सीट के लिए पिछला चुनाव सर्वसम्मति से हुआ था।

## 12 जून को सिंचाई के लिए खोला जाएगा मेट्टूर बांध

**चेन्नई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में घोषणा की कि मेट्टूर बांध के स्लुइस गेट 12 जून को सिंचाई के लिए खोले जाएंगे। यह घोषणा कावेरी डेल्टा जिलों में कुरुवई धान की खेती के लिए समय पर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मेट्टूर बांध का पानी डेल्टा क्षेत्र के किसानों के लिए उनकी फसलों की खेती के लिए जीवन रेखा है। मंत्री ने कहा कि तैयारियों के हिस्से के रूप में 12 जिलों में 5,021 किलोमीटर लंबी सिंचाई नहरों से गाद निकालने का काम योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है और यह पहले से ही प्रगति पर है। दुरैमुरगन ने कहा कि विशेष ड्रेजिंग परियोजना के तहत 98 करोड़ रुपए की राशि आबंटित की गई है। गाद निकालने का काम जारी है और मई के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। बांध का समय पर खुलना हजारों किसानों के लिए महत्वपूर्ण है, जो अपनी फसलों के लिए कावेरी के पानी पर निर्भर हैं। सरकार की प्रारंभिक तैयारी और धन आबंटन का उद्देश्य बांध के खुलने के बाद नहरों के माध्यम से सुचारू जल प्रवाह सुनिश्चित करना है। कावेरी नदी पर बना मेट्टूर बांध मध्य और दक्षिणी तमिलनाडु में कृषि गतिविधियों के लिए जीवन रेखा है।

गाद निकालने का काम जोरों पर है और सरकार ने मई के अंत तक इसे पूरा करने का आश्वासन दिया है। यह घोषणा मौसमी जल छोड़े जाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे किसानों के लिए राहत की बात है।

**बिहार में भूमि सर्वे के बीच नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला**

# मौखिक सहमति से हुए बदलैन को दी गई मान्यता

**पटना,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार सरकार ने भूमि सर्वेक्षण कार्य को और सरल, पारदर्शी एवं सुविधाजनक बनाने के लिए मौखिक सहमति के आधार पर पहले से जमीन के किए गए बदलैन (अदला-बदली) को भी शुक्रवार को मान्यता दे दी। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) डॉ. एस. सिद्धार्थ ने शुक्रवार संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में यहां मंत्रिपरिषद की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को लागू करने के लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त (संशोधन) नियमावली, 2025 की स्वीकृति दे दी।

डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि राज्य में बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के तहत रैयती और अन्य प्रकार की जमीन का नया रिकॉर्ड (खतियान) और नक्शा तैयार किया जा रहा है। सर्वेक्षण के दौरान यह महसूस किया गया कि इस कार्य को पूरी तरह से सही, पारदर्शी और तेजी से करने के लिए मौखिक सहमति के आधार पर पहले से किए गए जमीन के बदलैन को भी मान्यता दी जानी चाहिए। एसीएस ने कहा कि इसके आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त नियमावली, 2012 में संशोधन कर इसे शामिल करने के लिए 'बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली, 2025' को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई थी। बैठक में नीतीश कैबिनेट ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। कई विभागों में सरकार ने नए पद सृजित किए हैं। यानि बिहार के नौजवानों के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार सरकारी नौकरी देने को लेकर नए-नए पद सृजित कर रही है।

नीतीश कैबिनेट की बैठक में कुल 34 एजेंडों पर मुहर लगी है। नगर विकास विभाग में एकीकृत शहरी अभियंत्रण संगठन के 71 कार्यायलयों के सुचारू रूप से संचालन के लिए 663 विभिन्न कोटि के गैर तकनीकी पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। इस पर प्रतिवर्ष 35 करोड़ 27 लाख 48 344 रुपए खर्च होंगे। महाधिवक्ता कार्यालय में 34 स्थाई पद तथा संविदा आधारित 6 पद कुल 40 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में अपर जिला भू अर्जन पदाधिकारी के 104 पद एवं राजस्व अधिकारी सह कानूनगो (भू अर्जन) के 81



■ नीतीश कैबिनेट ने प्रस्ताव पर लगाई मुहर

### बिहार सरकार बिजली बिल पर 15995 करोड़ का देगी अनुदान

पटना। बिहार सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में लोगों को उनके बिजली पर 15995 करोड़ रुपए का अनुदान देगी। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना' के तहत बिजली उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट बिजली पर दी जाने वाली सब्सिडी के लिए कुल 15,995 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। यह राशि अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक हर महीने 1,332.92 करोड़ रुपये की दर से दी जाएगी। यह पूरा भुगतान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के माध्यम से सीधे एनटीपीसी लिमिटेड को किया जाएगा।

## अनुच्छेद 370 निरस्त करने से भी आतंकवाद का खात्मा नहीं हो सका : माणिक सरकार

**अगरतला,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग करते हुए और केंद्र सरकार की आलोचना की है कि अनुच्छेद 370 निरस्त करने के बाद से भी केन्द्रशासित प्रदेश से आतंकवाद का खात्मा नहीं हो सका। सरकार ने कहा कि केंद्र का दुष्प्रचार निर्दोष लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी अपील की 22 अप्रैल के हमले के दौरान स्थानीय खच्चरवाले सैयद आदिल हुसैन शाह के बलिदान को नहीं भुलाया जाना चाहिए। सैयद को आतंकियों का सामना करने और पर्यटकों की रक्षा करने की कोशिश करते समय कथित तौर पर गोली मार दी गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री सरकार ने इस आतंकवादी हमले को वर्ष 2019 के पुलवामा हमले जैसा ही बताते हुए याद दिलाया कि उस समय भी सरकार ने 40 जवानों की मौत के बाद जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का खात्मा करने का वायदा किया था। उन्होंने चेतावनी दी कि सार्वजनिक

**निर्दोष लोगों की जान जोखिम में डाल रहा केंद्र का दुष्प्रचार**



■ पहलगाम हमले को लेकर की केंद्र सरकार की आलोचना

### घाटी में खुफिया निगरानी तंत्र पर उठाए सवाल

वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता एवं त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री माणिक सरकार ने पूछा कि फिर भी हमले होते रहते हैं। अगर आतंकवाद वास्तव में खत्म हो गया है तो ऐसी घटनाएं पुनरावृति कैसे हो रही हैं। उन्होंने घाटी में सुरक्षा और खुफिया निगरानी तंत्र पर भी सवाल उठाए। केन्द्र पर 'राष्ट्रीय सुरक्षा' को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए सरकार ने कहा कि अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को 'मास्टरस्ट्रोक' बताया गया, लेकिन स्थिति और खराब ही हुई है। लोग पहले से कहीं ज़्यादा असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## त्रिपुरा में बांग्लादेश के झंडे को लेकर दो लोग हिरासत में

**अगरतला,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। अगरतला के जॉयपुर क्षेत्र में गुरुवार रात को एक ऑटो रिक्शा पर बांग्लादेश का राष्ट्रीय ध्वज देखे जाने के बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिसके परिणामस्वरूप दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। प्रदर्शनकारियों ने ऑटो रिक्शा पर बांग्लादेश के झंडे को देखकर आपत्ति जताई और तुरंत पुलिस को सूचित किया।

पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में ले लिया और आगे की जांच शुरू कर दी। यह घटना अगरतला में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के प्रयासों के बीच हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बटाला मार्केट के चाय विक्रेता दुलाल मिया (62) के रिक्शा के पिछले हिस्से पर झंडा पेंट किया हुआ था। स्थानीय लोगों ने रिक्शा चालक से इस बारे में पूछा तो उसने स्पष्ट किया कि उसने एक सप्ताह पहले ही वाहन किराए पर लिया था और जब तक आपत्ति नहीं जताई गई, तब तक उसे झंडे के बारे में पता नहीं था।

रिक्शा चालक ने कहा कि मैंने

## ब्राह्मणों पर विवादित बयान देकर बुरे फंसे अनुराग कश्यप

**सूरत,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्राह्मणों पर किए गए विवादित बयान को लेकर फिल्म निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप ने भले ही माफी मांग ली हो, मगर उनकी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। देश भर में विरोध के बाद अब सूरत की ज्युडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (जेएमएफसी) कोर्ट ने अनुराग के खिलाफ नोटिस जारी कर पेश होने का आदेश दिया है। सूरत की जेएमएफसी कोर्ट ने अनुराग के खिलाफ नोटिस जारी कर 7 मई को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है। यह नोटिस ब्राह्मण समाज की ओर से सूरत के वकील कमलेश रावल की शिकायत के बाद जारी की गई है। कोर्ट में शिकायत करने वाले एडवोकेट कमलेश रावल ने अनुराग कश्यप के सोशल मीडिया पोस्ट और माफीनामे को सबूत के तौर पर कोर्ट में पेश किया। कमलेश रावल ने बताया, हाल ही में अनुराग कश्यप ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ भद्दा कमेंट किया था। आदित्य दत्ता नाम के व्यक्ति ने जब कश्यप को यह सब न कहने के लिए कहा तो उन्होंने गाली देकर विवादित टिप्पणी की।

मैंने मामले की शिकायत की है, जिसे लेकर अनुराग कश्यप को सात मई को कोर्ट में हाजिर होने के लिए नोटिस दिया गया है। 7 मई को अनुराग कश्यप या उनके वकील को कोर्ट में हाजिर होना है। यदि वह कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं तो कोर्ट एकतरफा फैसला सुना सकता है।



सूरत कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**तैयारी** *पहलगाम नरसंहार का बदला लेने की तैयारी में जुटी भारतीय सेना*

# आतंकी प्रशिक्षण शिविरों को तबाह करने के सुझाए जा रहे विकल्प

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगांव नरसंहार का बदला लेने की खातिर भारत, पाकिस्तान पर हमला बोलेगा परंतु सिर्फ आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों पर। हालांकि वह इस हमले के परिणामों से भली-भांति अवगत है जिस कारण वह सीमाओं पर सुरक्षा प्रबंध मजबूत करने के लिए सेना को तैनात करने लगा है।**

वैसे पाकिस्तान द्वारा सीमाओं पर सेना का जमावड़ा करने की पहल की गई है क्योंकि वह जानता है कि भारत पहलगांव में हुए हमले का बदला अवश्य लेगा। उच्च पदस्थ रक्षा सूत्रों के मुताबिक, सीमाओं पर फौजों तथा सैनिक साजों सामान की तैयारी हालांकि किसी जंग की खातिर नहीं है बल्कि हमले का बदला लेने के लिए की जाने वाली जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की ओर से जिस युद्ध को छेड़े जाने की संभावना है, उसका मुकाबला करने के लिए है। रक्षा सूत्रों के अनुसार, पाक कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवाद के ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला करने की खातिर भारतीय सेना ने पूरी तैयारी कर ली है।

हालांकि एक सूत्र के अनुसार, ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला करने तथा उसके परिणामों से देश को बचाने की खातिर की जाने वाली तैयारियों के लिए भारतीय सेना ने 20 से 30 दिनों का समय मांगा है और यह संभावना बढ़ती जा रही है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के बाद हमले का आगाज हो सकता है। रक्षाधिकारियों के अनुसार, पाक कब्जे वाले कश्मीर में स्थित ट्रेनिंग कैम्पों पर प्रहार करने की खातिर जो तैयारियां आरंभ की गई हैं उनमें पृथ्वी जैसी मिसाइलों की तैनाती से लेकर बोफोर्स तोपों की तैनाती भी होगी ही सेना की कई कमांडों यूनिटों को भी इसके लिए तैयार रहने को कहा गया है जिन्हें उनके टास्क के बारे में पूरी जानकारी दे दी गई है। फिलहाल यह सुनिश्चित नहीं है कि आतंकी प्रशिक्षण केंद्रों पर हमले के लिए सभी विकल्पों का एकसाथ इस्तेमाल होगा या फिर बारी-बारी से उनका प्रयोग किया जाएगा। इन ट्रेनिंग कैम्पों पर हमला कर उन्हें तबाह करने के लिए जो विकल्प सुझाए जा रहे हैं उनमें सबसे प्रमुख जमीन से जमीन पर मार करने वाले मिसाइलों का इस्तेमाल तो है ही कमांडो रेड भी शामिल हैं। हालांकि सेनाधिकारियों का विचार है कि सबसे पहले भारत को बिना एलओसी को लांघे ट्रेनिंग कैम्पों को तबाह करने की कोशिश करनी होगी जिसके लिए मिसाइलों तथा बोफोर्स तोपों का इस्तेमाल ही सबसे बेहतर माना जा रहा है। यही नहीं, मिसाइलों तथा बोफोर्स तोपों के बाद कमांडो रेड तथा हवाई हमलों के विकल्प को भी खुला रखा गया है।

इन दोनों विकल्पों का इस्तेमाल उसी स्थिति में किया जाएगा जब पहले वाले दो विकल्पों से जो ट्रेनिंग शिविर बच जाएंगें उन्हें नष्ट करने की खातिर।



■ पाक की जवाबी कार्रवाई को रोकने के लिए होगी सेना की तैनाती

# अभिमत

वर्ष 1985 में ही आदिवासियों, ग्रामीणों व किसानों के साथ मिलकर किसान आदिवासी संगठन का गठन किया गया था। आगे बढ़ने से पहले इस इलाके के बारे में बताना उचित होगा। होशंगाबाद ( नर्मदापुरम) जिले का यह इलाका आदिवासी बहुल है। गोंड और कोरकू आदिवासी यहां के बाशिन्दे हैं। इस इलाके में पानी की समस्या तो थी ही, विस्थापितों की आजीविका की समस्या भी थी। यहां कई परियोजनाओं से लोगों का विस्थापन हुआ है।

## सुनील भाई, जिन्होंने गांधी को जिया

नवाचार

■ बाबा मायाराम

सुनील भाई का जब स्मरण करता हूं तो बहुत सी छवियां मेरे मानस पटल पर उभरती हैं। कभी यात्राओं में साथ, कभी सभाओं में, कभी बैठकों में कार्यकर्ताओं में जनसाधारण की बातें ध्यान से सुनना और भी बहुत कुछ। आज मैं इस कॉलम में मध्यप्रदेश के होशंगाबाद (अब नर्मदापुरम) जिले के आदर्शवादी समाजवादी कार्यकर्ता सुनील भाई की कहानी बताना चाहूंगा, जिन्होंने करीब तीन दशक गांव में रहकर उनके हक, अधिकार और बराबरी के लिए न केवल लगातार संघर्ष किया, बल्कि रचनात्मक कामों की मिसाल पेश की।

अब जब मैं सुनील भाई पर लिखने बैठा हूं, सोच रहा हूं- क्यों जरूरी है उन पर लिखना। थोड़ी झिझक भी है। यह इसलिए नहीं कि लिखना मुश्किल है। यह तो मेरा काम है। लिखने-पढ़ने का अभ्यास है और इसमें मेरी दिलचस्पी है। झिझक इसलिए है कि उनके बारे में क्या ऊपरी ही बातें दोहराऊं, जो पहले कही जा चुकी हैं।

मसलन, वे एक मध्यवर्गीय परिवार से थे। बहुत मेधावी थे। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के छात्र रह चुके थे। पिछले 30 सालों से होशंगाबाद जिले के आदिवासी गांव में रहते थे। किसान आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ते थे। इसके लिए उन्होंने कई बार पुलिस के डंडे भी खाए और जेल भी गए। आदिवासियों की मछुआ सहकारिता का सफल प्रयोग किया। समाजवादी जन परिषद के राष्ट्रीय नेता थे।

उनकी सरल सी दिखने वाली जीवनशैली कितनी कठिन थी, यह भी बताऊं। सुबह बहुत जल्दी जागना। पानी भरने से लेकर कपड़े धोने, रोटियां बनाने से लेकर बर्तन साफ करने, झाड़ू लगाने से लेकर सामान को सुघड़ता से रखने और पालथी मारकर सुंदर लिपि में लिखने से लेकर लिफाफे में गोंद लगाना और फिर पोस्ट करना। पहले वे जहां भी फुरसत मिले पोस्टकार्ड और चिट्ठियां भी खूब लिखते थे।

इटारसी के पास केसला से पहले जंगल में बांसलाखेड़ा में जब रहते थे तो नदी पार कर जाना पड़ता था। बारिश में खासी दिक्कत होती थी। वहां से केसला तक पैदल या कभी साइकिल से आना और राशन व सब्जियों का वजन भी साथ होता था। छोटी-मोटी जरूरतों के लिए केसला आना पड़ता था। बारिश में नदी में बाढ़ होती थी, तब बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। वह बहुत रमणीक स्थान था, जंगल और नदी से घिरा हुआ।

वर्ष 1985 में ही आदिवासियों, ग्रामीणों व किसानों के साथ मिलकर किसान आदिवासी संगठन का गठन किया गया था। आगे बढ़ने से पहले इस इलाके के बारे में बताना उचित होगा। होशंगाबाद ( नर्मदापुरम) जिले का यह इलाका आदिवासी बहुल है। गोंड और कोरकू आदिवासी यहां के बाशिन्दे हैं। इस इलाके में पानी की समस्या तो थी ही, विस्थापितों की आजीविका की समस्या भी थी। यहां कई परियोजनाओं से लोगों का विस्थापन हुआ है। सुनील भाई, के आने से पूर्व ही इटारसी का समाजवादी युवक राजनारायण केसला में रह रहा था, और संगठन के माध्यम से आदिवासियों की लड़ाई लड़ रहा था। बाद में सड़क हादसे में राजनारायण का 26 अप्रैल 1990 को निधन हो गया।

बाद में राजनारायण की स्मृति में केसला में किसान आदिवासी संगठन का कार्यालय बना। केसला, सुखतवा के साप्ताहिक बाजारों में सुनील भाई और उनके साथियों को पर्चे बांटते देखा जा सकता था। सुनील भाई इन बाजारों में आदिवासियों की समस्याएं सुनते थे और संगठन के माध्यम से उनका क्या हल हो सकता है, सुझाते थे। यह सिलसिला लगातार चलता रहा।

वर्ष 1996 में तवा नदी में मछली का अधिकार मिला और यहां सरकारीकरण और निजीकरण से अलहदा सहकारीकरण का अच्छा, सफल और अनूठा प्रयोग हुआ। लेकिन जब यह मछली का अधिकार ले लिया गया तब इस इलाके के आदिवासियों व ग्रामीणों ने सद्बुद्धि सत्याग्रह चलाया था, जिसकी व्यापक चर्चा हुई थी। तो सुनील भाई ने एक तरफ अन्याय के खिलाफ सत्याग्रह को लड़ने का हथियार बनाया, वहीं दूसरी तरफ उनका जीवन सादगीपूर्ण, सरल और श्रम आधारित था। उनका रास्ता गांधी का था। उन्होंने लोहिया के सूत्र वोट, जेल और फावड़ा के साथ संगठन व विचार निर्माण पर जोर दिया था।

लेकिन यहां मैं उनके रचनात्मक व उत्पादक कामों की चर्चा करना चाहूंगा। उन्होंने एक आदिवासी गांव में बहुत ही साधारण जीवनशैली में जीवन व्यतीत किया। एक साधारण ग्रामीण की तरह जीवन जिया। सुबह-शाम उनके घर पर गांव के कई साथी जुटते थे। बाद में फागराम जुड़े और कई बार जनपद, जिला व विधानसभा चुनाव भी लड़ा, हालांकि इसमें उन्हें सफलता नहीं मिली। जनपद और जिला पंचायत में निर्वाचित भी हुए। अब वे ही संगठन की अग्रणी पंक्ति में हैं।

कई बार मैंने सुनील भाई को गांव के लोगों के साथ मिलकर खाना खाते देखा था। जब लम्बे आंदोलन चलते थे तो गांव के लोग घर से मक्के की रोटी, महुआ का भुरका, भुना चून ( आटा), मिर्ची की चटनी और कांदा ( प्याज) लाते थे। सुनील भाई गांव वालों के साथ ही खाना खाते थे, चाहे वह दो-दिन का बासा भी हो। उन्होंने एक सादगी व आदर्शपूर्ण जीवन जिया। सुनील भाई के ठोस विचार केसला की ठोस जमीन, गहरी खोज और अनुभव से निकले थे। वे लगातार इस नजरिये से लिखते रहे हैं। विचार शून्य में नहीं बनते जीवन की स्थितियों का इसमें योगदान होता है।

जब वर्ष 2012 के आसपास सामयिक वार्ता पत्रिका दिल्ली से इटारसी आई तब हमारा मिलना-जुलना नियमित हो गया। मैं वार्ता के संपादन में उनका सहयोगी था। सामयिक घटनाओं पर लगातार बातचीत होती रही। उनके विचार और स्पष्टता से जानने को मिले। कुछ लोग पूछते हैं कि सुनील भाई होते तो आज की घटनाओं पर क्या कहते, क्या लिखते। देश-दुनिया में हो रहे बदलाव पर वे क्या कहते। कैसे विश्लेषण करते। सवाल कठिन है, और इसका जवाब देना मेरे लिए मुश्किल है।

लेकिन उनके साथ काम करने के दौरान मैंने यह जाना कि सुनील भाई के सोचने का एक ढंग था, घटनाओं को उनका अपना देखने का नजरिया था। वार्ता में वे नए लेखकों से संवाद बनाना पसंद करते थे, उन्हें लिखने के लिए प्रेरित करते थे। अगर अंग्रेजी का कोई लेख आता तो स्वयं उसका अनुवाद करते। कई बार अगर कोई लेख थोड़ा जटिल होता तो वे उसको रीराइट करते। हम लोग हर अंक के लिए योजना बनाते। किस मुद्दे पर अंक केंद्रित करना है, इस पर सोचते। अंक निकलने के बाद सुनील भाई उस पर जगह-जगह गोष्ठियां करते। नए-नए सदस्यों को वार्ता से जोड़ते। इस तरह यह सिलसिला चलता रहता।

सुनील भाई, समाजवादी विचारों से ओत-प्रोत थे। वे द्रष्टा थे, एक नेता थे। लेकिन अपने विचारों पर दृढ़ होते हुए भी दूसरों की राय को तरजीह देते थे। संवाद, चर्चा और विचार-विमर्श को बहुत महत्वपूर्ण मानते थे। समस्याओं का हल सामूहिक निर्णय प्रक्रिया के द्वारा निकालने पर बल देते थे। संगठन के कामों के लिए हमेशा चंदा एकत्र करने पर जोर देते थे और कार्यक्रम होने के तत्काल बाद उसका सार्वजनिक रूप से हिसाब पेश कर देते थे। यानी साध्य और साधन की शुचिता पर जोर देते थे।

किसान आदिवासी संगठन से शुरू होकर यह जिले के पिपरिया-बनखेड़ी क्षेत्र में किसान मजदूर संगठन के माध्यम से आगे बढ़ा। बैतूल, हरदा, खंडवा में श्रमिक आदिवासी संगठन के रूप में फैला। पिपरिया में समाजवादी विचार से प्रेरित युवाओं का समूह काफी सक्रिय हुआ करता था, जिनके अनूठे रचनात्मक कामों को लोग अब भी याद करते हैं। जन सहयोग से समता अध्ययन केन्द्र चलाना भी उनमें से एक है। ये संगठनों की अपनी स्वतंत्र पहचान है, पर आपस में भाईचारा है। समाजवादी जनपरिषद से इनका जुड़ाव है। समाजवादी चिंतक किशन पटनायक व समाजवादी विचार प्रेरणास्रोत रहे हैं।

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि सुनील भाई साधारण जीवन जीते हुए भी असाधारण थे। एक बात और उनसे सीखी जा सकती है कि कभी भी अकेले पड़ने से डरना नहीं चाहिए, चाहे जैसी भी कठिन परिस्थितियां आएं। उनके भविष्य के आर-पार देखने की दृष्टि थी, जिससे वे सदैव ही नई परिस्थितियों में नई राह पकड़ते थे। वह पूरी तरह जनता के थे, उनके बीच रहते थे, उनके लिए लड़ते थे।

जब समाज में जीवन मूल्य इतने गिर गए हों, कोई बिना लोभ-लालच के काम न करता हो, तब सुनील भाई के जीवन को देखकर प्रेरणा ली जा सकती है। उनके जीवन को देखकर किसी भी देशप्रेमी का दिल उछल सकता है। अल्बर्ट आइंस्टीन ने गांधी के लिए कहा था कि आनेवाली पीढ़ियां शायद मुश्किल से ही यह विश्वास करेंगी कि गांधी जैसा हाड़-मांस का पुतला कभी इस धरती पर हुआ होगा। सुनील भाई के लिए भी यह वाक्य सटीक बैठता है। अब सुनील भाई नहीं हैं, उनका निधन 21 अप्रैल,2014 को हो गया, पर उनके विचार सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

**समाज में जीवन मूल्य इतने गिर गए हों, कोई बिना लोभ-लालच के काम न करता हो, तब सुनील भाई के जीवन को देखकर प्रेरणा ली जा सकती है। उनके जीवन को देखकर किसी भी देशप्रेमी का दिल उछल सकता है। अल्बर्ट आइंस्टीन ने गांधी के लिए कहा था कि आनेवाली पीढ़ियां शायद मुश्किल से ही यह विश्वास करेंगी कि गांधी जैसा हाड़-मांस का पुतला कभी इस धरती पर हुआ होगा। सुनील भाई के लिए भी यह वाक्य सटीक बैठता है।**

## बीता सप्ताह

**19 अप्रैल**
- गीता और नाट्यशास्त्र यूनेस्कों 'मेमोरी ऑफ वर्ना' में शामिल किया गया।
- रूस ने अफगानिस्तान तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटा दिया।
- यमन के ईंधन बंदरगाह पर अमेरिकी हमले में 38 लोगों की मौत हो गई।
- जाम्बिया में एमपॉक्स से दूसरी मौत की पुष्टि हुई, अब मामले बढ़कर 49 हुए।

**20 अप्रैल**
- दिल्ली में 4 मंजिला इमारत गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई।
- छग हाईकोर्ट ने एक तलाक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि पत्नी की दूसरी शादी होने तक देना होगा गुजारा भत्ता।
- नवीन कुमार पटनायक 9वीं बार बीजेडी के अध्यक्ष चुने गए।

**21 अप्रैल**
- जम्मू कश्मीर में बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई
- वरिष्ठ भाकपा नेता और भाकपा ओडीशा के पूर्व सचिव दिवाकर नायक का निधन हो गया।
- कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा कि देश की अदालतों में करीब 7 लाख मामलों में केन्द्र पक्षकार है। इसलिए केन्द्र से जुड़े मुकदमें का कम करने दिए निर्देश।
- मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के नौ सदस्य गिरफ्तार किए गए।

**22 अप्रैल**
- ईसाई धर्मगुरू पोप फ्रांसिस का निधन हो गया।
- अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस अपनी पत्नी व तीन बच्चों के साथ भारत पहुंचे।
- इसरो ने अंतरिक्ष में स्पैडेक्स मिशन के तहत उपग्रहों की दूसरी डाकिंग पर कामयाबी प्राप्त की।
- रूसी अंतरिक्ष यान सोयुज एमएस-26 चालक दल के साथ पृथ्वी पर लोटा।

**23 अप्रैल**
- जम्मू कश्मीर में पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकियों ने गोली बरसाकर 28 लोगों को मौत के घाट उतारा।
- दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री अतिथि की सुरक्षा घटाई गई। जेड श्रेणी सुरक्षा हटाकर वाय श्रेणी की सुरक्षा दी गई।
- विज्डन क्रिकेटर्स अतयनाक ने भारतीय क्रिकेटर स्मृति और जसप्रीत बुमराह को वर्ष 2024 के लिए विश्व का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना।
- दक्षिण कोरिया ने फ्लोरिड अमेरिकी अंतरिक्ष अड्डे से पांच सैन्य रोही उपग्रहों में से चौथे को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।

**24 अप्रैल**
- पहलगाम आतंकी घटना के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान के कड़ा संदेश देते हुए सिंधु जल संधि और वीजा रद्द करने का आदेश दिया।
- अमेरिकी ने पहली बार दक्षिण कोरिया में परमाणु हथियार प्रभाव प्रशिक्षण किया आयोजित।
- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की।
- इसरो के स्पैडेक्स मिशन ने सैटेलाइट की दूसरी डॉकिंग सफलतापूर्व पूरी की।

**25 अप्रैल**
- केन्द्र सरकार ने पहलगाम हमले पर सर्वदलीय बैठक आहूत की।
- छग बस्तर में बीजापुर और तेलंगाना बार्डर पर सुरक्षा बलों और नक्सलियों की बीच हुए मुठभेड़ में 5 नक्सली मारे गए।
- मध्यम दूरी से हवा में पार करने वाली मिसाइल नौसेना ने मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण किया।
- चीन में खनचो-20 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण पूर्णत: सफल रहा।

## टैरिफ युद्ध के बीच वियतनाम ने दिखाया व्यापार कूटनीति का रास्ता

■ सात्यकी चक्रवर्ती

वियतनाम ने दिखाया है कि दुनिया की दो सबसे बड़ी आर्थिक और सैन्य शक्तियों अमेरिका और चीन के बीच चल रहे टैरिफ युद्ध के बीच वर्ष 2025 में एक अच्छी तरह से संतुलित व्यापार कूटनीति कैसे संचालित की जा सकती है। दोनों देशों के इस दक्षिण पूर्व एशियाई देश के साथ सबसे अच्छे व्यापारिक संबंध हैं, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं में एक तरह से अग्रणी है।

वियतनाम के उद्योग और व्यापार मंत्री गुएनहोंगडिएन ने बुधवार रात अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमिसेनग्रीयर के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और दोनों पक्षों ने बातचीत के लिए सिद्धांतों और रोडमैप के मुद्दों पर चर्चा की। वियतनाम इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा घोषित 90 दिनों के विराम के भीतर अमेरिका के साथ अपने व्यापार सौदे को समाप्त करने का प्रयास कर रहा है। ट्रम्प की पारस्परिक टैरिफ दरों की घोषणा के तुरंत बाद मेक्सिको और ब्राजील ने अमेरिकी निर्णय के खिलाफ शिकायत की, जबकि वियतनाम ने इसे शांत रखा और आंतरिक रूप से सर्वोत्तम संभव विकल्प के बारे में मूल्यांकन किया।

**वियतनाम का अमेरिका के साथ चीन और मैक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष था। एशियाई राष्ट्र ने बार-बार अमेरिकी आयात पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश करते हुए तरलीकृत प्राकृतिक गैस और विमान जैसे अधिक अमेरिकी सामान खरीदने की कसम खाई है। वास्तव में वियतनाम ने मौजूदा टैरिफ युद्ध से पहले ही अमेरिकी आयात पर टैरिफ कम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस महीने वियतनाम पर 46 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाने की धमकी दी, वाशिंगटन ने वियतनाम पर संयुक्त राज्य अमेरिका को चीनी निर्यात की सुविधा देने और बीजिंग को टैरिफ से बचने की अनुमति देने का आरोप लगाया। यह वियतनाम के खिलाफ एक नाजुक आरोप था क्योंकि कम्युनिस्ट राष्ट्र जिसने लंबे समय तक अमेरिका के खिलाफ, और विडंबना यह है कि अपने बड़े भाई कम्युनिस्ट राष्ट्र चीन के खिलाफ भी, लड़ाई लड़ी, उसके लिए दोनों महाशक्तियों को खुश रखना एक चुनौती थी। वियतनाम अमेरिका के साथ वर्तमान वार्ता में उस चुनौतीपूर्ण कार्य को करने की कोशिश कर रहा है।

2025 के पहले तीन महीनों में संयुक्त राज्य अमेरिका वियतनाम का सबसे बड़ा निर्यात बाजार था। वास्तव में, अमेरिकी विदेशी कंपनियां तेजी से निवेश के लिए सबसे अच्छे गंतव्यों में से एक के रूप में वियतनाम को चुन रही हैं। चीन के साथ वर्तमान व्यापार युद्ध के संदर्भ में, चीन स्थित कुछ अमेरिकी कंपनियां वियतनाम में परिचालन स्थानांतरित कर रही हैं, जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर एक नयी नीति के साथ तैयार है। वियतनाम अमेरिका को नाराज़ नहीं करना चाहता, जो वियतनामी अर्थव्यवस्था के आगे विकास के लिए बड़ी संभावनाएं प्रदान करता है, लेकिन साथ ही, वियतनाम चीन के साथ भी मित्रवत संबंध रख रहा है।

वियतनाम के व्यापार मंत्रालय ने अपने अधिकारियों को अमेरिकी प्रतिबंधों से बचने के लिए माल के उत्पादन पर नियंत्रण कड़ा करने का आदेश दिया है। पूर्ण प्रतिक्रिया अभी तय नहीं हुई है, लेकिन पिछले सप्ताह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ हुई चर्चाओं के आलोक में ऐसा ही किया जायेगा, जिन्होंने एशिया के सभी व्यापारिक देशों से ट्रम्प द्वारा एकतरफा लगाये गये उच्च टैरिफ का विरोध करने का आह्वान किया था। शी जिनपिंग ने बीजिंग के खर्च पर अमेरिका के साथ व्यापार सौदे करने वाले अन्य देशों के प्रति अपने विरोध को भी जाहिर किया। यह वियतनाम के लिए भी था क्योंकि वियतनाम के निर्माता अमेरिकी बाजार में निर्यात किये जाने वाले उत्पादों में बड़े पैमाने पर चीनी उपकरणों का उपयोग करते हैं।

वियतनाम 2024 में चीनी वस्तुओं का दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे बड़ा खरीदार था, जिसका बिल 161.9 बिलियन डॉलर था। इसलिए यह मुद्दा वियतनाम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका को निर्यात किये जाने वाले निर्यात का एक बड़ा हिस्सा चीनी हिस्सा होता है, जिस पर ट्रम्प की वर्तमान स्थिति के अनुसार प्रतिबंध लगा दिया गया है।


पिछले साल वियतनाम का अमेरिका के साथ चीन और मैक्सिको के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष था।

एशियाई राष्ट्र ने बार-बार अमेरिकी आयात पर सभी टैरिफ हटाने की पेशकश करते हुए तरलीकृत प्राकृतिक गैस और विमान जैसे अधिक अमेरिकी सामान खरीदने की कसम खाई है। वास्तव में वियतनाम ने मौजूदा टैरिफ युद्ध से पहले ही अमेरिकी आयात पर टैरिफ कम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

वियतनाम एयरलाइंस और वियतकॉम बैंक ने गुरुवार को 50 विमानों की खरीद के वित्तपोषण के लिए एक अंतिम सौदे पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की, जो राष्ट्रीय वाहक के लिए 50 बोइंग 737 मैक्स विमान खरीदने की अपनी 2023 की प्रतिबद्धता को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। यह व्यापार अंतर को कम करने की अमेरिकी मांग को पूरा करने के वियतनाम के प्रयास का एक हिस्सा है। चल रही व्यापार वार्ता के एक हिस्से के रूप में लॉकहीडएफ-16 लड़ाकू विमानों को खरीदने का प्रस्ताव है।

वियतनाम वर्तमान टैरिफ युद्ध का लाभ उठाते हुए और प्रतिस्पर्धी महाशक्तियों अमेरिका और चीन दोनों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखते हुए दक्षिण पूर्व एशिया में सबसे संपन्न अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार आगे बढ़ रहा है।

## पोप जिन्होंने अमेरिका को आईना दिखाया



जगदीश रत्तनानी

रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस का 88 वर्ष की आयु में ईस्टर सोमवार को निधन हो गया। वे गरीबों के पोप थे जिन्होंने कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए आवाज़ उठाई, जिन्होंने शांति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में अंतर-विश्वास संवाद का समर्थन किया और होली सी के सिद्धांत को स्थायी रूप में उकेरा। पोप फ्रांसिस के समय में कई चीजें पहली बार हुई थीं जिनमें से तीखी और चुभने वाली आलोचना हो सकती है जो उन्होंने अमेरिकी प्रशासन के लिए छोड़ दी थी जिसका पूरा ध्यान अब वैश्विक संबंधों को उखाड़ फेंकने, अप्रवासियों को बदनाम करने और भागीदारों को धमकाने पर केंद्रित है।

पोप फ्रांसिस अपने शुरूआती दिनों में एक चौकीदार और नाइट क्लब बाउंसर के रूप में काम करते थे। वे पोप के माध्यम से प्रतिध्वनित हुए, विशेष रुप से अपने अंतिम दिनों में जब डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रपति बने और उनके प्रशासन ने अप्रवासियों को निशाना बनाया एवं इसे आव्रजन पुलिस को दी गई व्यापक शक्तियों के साथ शिकार करने और निर्वासित करने का एक मिशन बनाने के बाद उन्होंने स्वयं को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया। ईस्टर रविवार, 20 अप्रैल को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात के तुरंत बाद पोप का संदेश स्पष्ट था। सेंट बेसिलिका की बालकनी से पढ़े गए बयान में कहा गया कि 'कमजोर, हाशिए पर रहने वाले और अप्रवासियों की अवमानना कब तक की जाती रहेगी!' यह पोप का आखिरी सार्वजनिक 'दर्शन' था लेकिन यह संदेश अमेरिका को ताना मारता और उस पर दबाव डालता रहेगा।

यह एक संदेश है कि वेंस को व्यक्तिगत रूप से एक कैथोलिक के रूप में (वेंस को छह साल पहले बपतिस्मा दिया गया था) और एक सार्वजनिक नेता के रूप में भी सामने आना होगा, खासकर जब उन्होंने एक जटिल तरीके से अप्रवासियों पर कार्रवाई को सही ठहराने के लिए धार्मिक विचारों और अभिव्यक्तियों को चुनने की कोशिश की है, जैसे आर्डर ऑफ लव (लेटिन शब्द 'ऑर्डो एमोरिस') यानी प्रेम का क्रम मतलब मनुष्य सबसे पहले ईश्वर,उसके बाद खुद से और उसके बाद अपने पड़ोसियों से प्रेम करे। 30 जनवरी को वेंस ने 'एक्स' पर कहा-'जस्ट गूगल 'ऑर्डो एमोरिस' (गूगल पर 'ऑर्डो एमोरिस' सर्च कीजिये)।

वेंस इस विचार को समझते हैं कि दान के लिए एक आदेश है जो दूसरों से पहले परिवार और घर को लाता है। इसके आगे यह तर्क दिया जा रहा था कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अप्रवासियों को बाहर फेंक दिया जाना चाहिए।

पोप फ्रांसिस पर दायित्व था कि वे इस मामले में तुरंत एक स्पष्टीकरण भेजें। 10 दिन बाद सभी अमेरिकी धर्माध्यक्षों को एक पत्र में उन्होंने लिखा- 'ईसाई प्रेम हितों का एक केंद्रित विस्तार नहीं है जो अन्य व्यक्तियों और समूहों के लिए थोड़ा-थोड़ा करके विस्तारित होता है ... मानव, व्यक्ति गरिमा के साथ एक विषय है जो सभी के साथ विधायक संबंध के माध्यम से, विशेष रूप से सबसे गरीब के साथ, धीरे-धीरे अपनी पहचान और ईश्वरीय आह्वान में परिपक्व हो सकता है। सच्चा ऑर्डो एमोरिस वह है जिसे हम लगातार ध्यान करके खोजते हैं, जिसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए.., उस प्रेम पर जो बिना किसी अपवाद के सभी के लिए भाईचारे का निर्माण करता है।

अस्वस्थ और बीमारियों से जूझ रहे 266वें पोप का मजबूत रुख और स्पष्ट संदेश उनकी भावनाओं की गहराई और उस दर्द का संकेत देते हैं जो अमेरिका ने उन जैसे नेता को दिया जिसने गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों की सेवा करने को अपना मिशन बना लिया था। अमेरिकी धर्माध्यक्षों को लिखे 10 फरवरी के पत्र में कहा गया है:'जिन्होंने अत्यधिक गरीबी, असुरक्षा, शोषण, उत्पीड़न या पर्यावरण की गंभीर गिरावट के कारण अपना देश छोड़ दिया, पुरुषों व महिलाओं और पूरे परिवारों की गरिमा को नुकसान पहुंचाता है व उन्हें विशेष भेद्यता और रक्षाहीनता की स्थिति में रखता है, अधिकांश मामलों में उन लोगों को निर्वासित करने का कार्य कोई मामूली मुद्दा नहीं है। कानून का एक प्रामाणिक शासन तभी सटीक रूप से सत्यापित होता है जब सभी लोग, विशेष रूप से सबसे गरीब और सबसे हाशिए पर रखे गए लोगों से गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए जिसके वे हकदार हैं'।

जब अमेरिका के लोगों सहित कई अन्य, विशेष रूप से व्यवसायों ने इस मामले में चुप्पी साध ली थी तो पोप एक आवाज के रूप में भी सामने आए। उनके शब्द अनुचित, अन्यायपूर्ण और 'ऑर्डो एमोरिस' की सच्ची भावना के खिलाफ उठाए गए असहमति के स्वरों को प्रोत्साहित करते हैं और उनके समर्थन में खड़े होते हैं।

आप्रवासियों के समर्थन में लड़ी गई तात्कालिक लड़ाइयों से परे पोप फ्रांसिस को विशेष रूप से उनके 184-पृष्ठ के एन्सिक्लिकल लौदातो सी (प्रेज बी टू यू) के लिए याद किया जाएगा, जो 'हम सबके घर की देखभाल' यानी पृथ्वी के लिए समर्पित है। यह संधारणीयता पर एक ग्रंथ है जो प्रेरणादायक, क्रांतिकारी, समग्र और सिस्टम सोच में आधारित है- देखभाल और प्रेम से भरा दृष्टिकोण बनाम जो व्यवसाय संचालन में निरंतरता का दावा करने के भौतिक मेट्रिक्स से परे है।

यह विजेता के रूप में सामाजिक न्याय, वैश्विक असंतुलन और मानव अहंकार के विचारों की चर्चा की सीमाओं का विस्तार करता है जो अंतत: धरती माता को नष्ट कर देता है। एन्सिक्लिकल जलवायु को एक जटिल प्रणाली कहता है जो सर्वसामान्य के लिए अच्छी है, 'जो बहुत मजबूत वैज्ञानिक सहमति को इंगित करता है कि हम वर्तमान में जलवायु प्रणाली के परेशान वार्मिंग को देख रहे हैं' और 'इसका मुकाबला करने के लिए जीवन शैली, उत्पादन और खपत में परिवर्तन के लिए' कहते हैं। यह बात अधिकांश पश्चिमी आवाजों से परे जा रही है।

यह आगे सामाजिक बहिष्कार, असमान वितरण, सामाजिक आक्रामकता के नए रूपों और पहचान के नुकसान की बात करता है। यह तर्क देता है कि 'पिछली दो शताब्दियों के विकास के दौर में हमेशा अभिन्न विकास तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ है'।

2015 में आए एन्सिक्लिकल में विविधता, समानता और समावेशन था जिसे वार्षिक रिपोर्ट में पेश किया और दिखाया गया लेकिन उसे वास्तव में उसकी सही भावना में कभी नहीं समझा या लागू नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप ठीक वही हुआ जिसकी एन्सिक्लिकल ने चेतावनी दी थी-'... इसके बाद परस्पर विरोधी हितों, हिंसा और क्रूरता के नए रूपों व पर्यावरण की देखभाल की वास्तविक संस्कृति के विकास में बाधाओं पर संघर्ष होता है।

**2015 में आए एन्सिक्लिकल में विविधता, समानता और समावेशन था जिसे वार्षिक रिपोर्ट में पेश किया और दिखाया गया लेकिन उसे वास्तव में उसकी सही भावना में कभी नहीं समझा या लागू नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप ठीक वही हुआ जिसकी एन्सिक्लिकल ने चेतावनी दी थी-'... इसके बाद परस्पर विरोधी हितों, हिंसा और क्रूरता के नए रूपों व पर्यावरण की देखभाल की वास्तविक संस्कृति के विकास में बाधाओं पर संघर्ष होता है।**

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )**

उल्टा पुल्टा

भगवान ने आदमी से पूछा-तुम्हारी इच्छा क्या है?

आदमी शादी के बाद- कृपया करके मेरे बैचलर वाले दिन वापस लौटा दें।

भगवान हंसे और बोले- बेटा, मन्नत मांगने कहा था जन्नत नहीं।

# खेलो इण्डिया सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल 29 एवं 30 अप्रैल को

**बिलासपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में खेलो इण्डिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक की अकादमी संचालित है।

सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण ने बताया कि आवासीय अकादमियों में प्रवेश हेतु तीरंदाजी, हॉकी एथलेटिक्स, बालिका कबड्डी एवं गैर आवासीय (दैनिक प्रशिक्षण केन्द्र) बालक कबड्डी हेतु राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन 29 एवं 30 अप्रैल 2025 को स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में किया जा रहा है। नियमानुसार 13-17 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं का चयन ट्रायल लिया जाना है।

जिले में संचालित खेलो इण्डिया लघु केन्द्र से 10-10 बालक एवं बालिका खिलाड़ी एवं खेलो इण्डिया लघु केन्द्र के अतिरिक्त जिले से प्रत्येक खेल के 4-4 बालक एवं बालिका उत्कृष्ट खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में सम्मिलित किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे जिले जहाँ नैसर्गिक खेल प्रतिभाएं विद्यमान है, तथा भविष्य में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं, उन जिलों से खिलाड़ियों की संख्या में वृद्धि किया जा सकता है।

चयन ट्रायल में खिलाड़ियों का मोटर एबलिटी टेस्ट, स्किल टेस्ट, गेम अवेयरनेस टेस्ट (मेंटल एबिलिटी टेस्ट) लिया जाएगा। अकादमी में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के दोगुनी संख्या में खिलाड़ियों को चिन्हित कर उनका 06 दिवसीय असेसमेंट कैम्प लिया जाएगा।

इस दौरान उनका एम.एस.के. टेस्ट फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा लिया जाएगा। असेसमेंट कैम्प के बाद योग्य खिलाड़ियों को रिक्त सीटों की संख्या अनुसार अकादमी में प्रवेश हेतु अंतिम रूप से चयनित किया जा सकेगा। चयनित खिलाड़ियों को देश के प्रतिष्ठित प्रशिक्षकों द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा और एसएनसी के माध्यम से स्ट्रेन्थ एंड कंडीशनिंग 6000 किलो कैलोरी का स्वच्छ पोषणयुक्त आहार, फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा इंजरी का ईलाज व पुनर्वास, आईस बाथ, स्वीमिंग की सुविधा उपलध कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क आवास, भोजन शिक्षा, आने-जाने का साधन, चिकित्सा, दुर्घटना बीमा, आवश्यक एवं सहायक खेल उपकरण, खेल परिधान, एकरूप परिधान, प्रतियोगिताओं के दौरान यात्रा व्यय की भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# आईएएस सुनील जैन ने ग्रहण किया पंडित सुंदरलाल शर्मा विवि के कुलपति का पदभार



## पहले दिन ही दिखी कार्यशैली की झलक

**बिलासपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रख्यात प्रशासनिक अधिकारी आईएएस सुनील जैन ने शुक्रवार को पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर के कुलपति पद का कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही श्री जैन ने विश्वविद्यालय परिसर का व्यापक निरीक्षण कर अपनी सक्रिय कार्यशैली का परिचय दिया।

श्री जैन ने सबसे पहले विश्वविद्यालय के स्टूडियो का दौरा किया, जहां उन्होंने तकनीकी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और अधिकारियों से चल रही गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने स्टूडियो की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि डिजिटल शिक्षा के इस दौर में स्टूडियो की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण ई-कंटेंट उपलब्ध कराने की दिशा में और भी अधिक सशक्त प्रयास किए जाएं। इसके पश्चात कुलपति ने शैक्षणिक, प्रशासनिक और तकनीकी विभागों का क्रमवार निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के प्रमुखों से मुलाकात की और विश्वविद्यालय की वर्तमान कार्यप्रणाली, चुनौतियों तथा उपलब्धियों की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कुलपति ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय को राज्य ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए गुणवत्ता, पारदर्शिता और नवाचार को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि कार्यों को समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्वक संपन्न किया जाए।

श्री जैन ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय की विशेष भूमिका होती है ङ्क यह उन छात्रों तक शिक्षा पहुंचाता है जो पारंपरिक पद्धतियों से पढ़ाई नहीं कर पाते। ऐसे में विश्वविद्यालय की जवाबदेही और भी अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय को नई योजनाओं और तकनीकी सुदृढ़ता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे छात्रों को बेहतर सुविधा और शिक्षा का अनुभव मिल सके।

उन्होंने यह भी संकेत दिया कि विश्वविद्यालय में जल्द ही शैक्षणिक नवाचार, पाठ्यक्रम उन्नयन, डिजिटल प्लेटफॉर्म के विस्तार और विद्यार्थियों के लिए रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

श्री जैन के पहले दिन की सक्रियता ने विश्वविद्यालय में एक नई ऊर्जा का संचार किया है। शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों में उनके नेतृत्व को लेकर उम्मीदों का नया उजाला दिखाई दे रहा है। विश्वविद्यालय परिवार को विश्वास है कि श्री जैन के मार्गदर्शन में संस्थान नई ऊँचाइयों को छुएगा और छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश में एक आदर्श मुक्त शिक्षा संस्थान के रूप में स्थापित होगा।

## कमिश्नर सुनील जैन ने कोनी में बन रहे संभागायुक्त कार्यालय का किया निरीक्षण



**बिलासपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कमिश्नर श्री सुनील जैन ने आज कोनी में बन रहे नये संभागायुक्त कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने भवन निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए तीन महीने की और मोहलत दी। आपने कहा कि हर हाल में 1 अगस्त से संभागायुक्त कार्यालय का संचालन इस नये भवन से शुरू किया जायेगा। लगभग ढाई एकड़ के क्षेत्र में 12 करोड़ रूपये की लागत से नये भवन का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। फिनिशिंग के कार्य तेजी से हो रहे हैं। कमिश्नर ने भवन के विभिन्न हिस्सों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और कुछ सुधार के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अफसरों एवं ठेकेदार को दिए। श्री जैन ने निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से कोर्ट रूम सहित अधिकारियों के चेम्बर, लाईब्रेरी, रिकार्ड रूम, गार्डन, बैठक कक्ष, लिफ्ट आदि का निरीक्षण किया। श्री जैन ने भवन के आस-पास के निर्माण कार्य एवं भूमि की जानकारी भी ली। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर संतोष ठाकुर, श्रीमती स्मृति तिवारी भी उपस्थित थीं।

## सार-संक्षेप

### लालगढ़-पुरी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच

**बिलासपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 20471/20472 लालगढ़-पुरी-लालगढ़ एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 20471 लालगढ़-पुरी एक्सप्रेस में 27 अप्रैल को तथा गाड़ी संख्या 20472 पुरी-लालगढ़ एक्सप्रेस में 30 अप्रैल को उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

### वन पट्टा की मांगों पर विचार करने 28 को विशेष ग्राम सभा

**बिलासपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। वन अधिकार पट्टों की मांगों पर विचार करने के लिए जिले में 28 अप्रैल को विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई है। वन मंडल अधिकारी के प्रस्ताव पर कलेक्टर ने अनुमति देते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत/ उनके आश्रित ग्रामों में 28 अप्रैल को ग्राम सभा की तिथि मुकर्रर की है। गौरतलब है कि सुशासन तिहार में अन्य आवेदनों के साथ बड़ी संख्या में वन अधिकार पट्टों से संबंधित मांगें आई हैं। नियम के अनुसार वन पट्टा प्रदान करने अथवा नहीं करने की प्रक्रिया का अनुमोदन ग्राम सभा से होना जरूरी है। कलेक्टर ने जिले की सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को इस आशय के सूचना की प्रति भेजकर विशेष ग्राम सभा आयोजन का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।

### डीईओ ने अनुकम्पा नियुक्ति के पूर्व मंगाई दावा-आपत्ति

**बिलासपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की छानबीन के क्रम में तीन दिवस के भीतर आमजनता से दावा आपत्ति मंगाई है। फिलहाल 2 आवेदकों ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये हैं। डीईओ ने बताया कि विकासखण्ड कोटा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करवा में शिक्षक (एल.बी.) के पद पर कार्यरत स्व. राजेन्द्र कुमार पाण्डेय के परिवार से उनके पुत्र गौरीश पाण्डेय एवं विकासखण्ड तखतपुर के शासकीय प्राथमिक शाला भौवाकांपा में प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत स्व. उमेश कुमार सूर्यवंशी के परिवार से उनकी पत्नी श्रीमती चमेली बाई सूर्यवंशी ने अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन दिया है। आमजनों की जानकारी में यदि दिवंगत शासकीय सेवकों के आश्रित परिवारों में यदि कोई सदस्य राज्य अथवा केन्द्र की शासकीय सेवा में कार्यरत होने की सूचना है, तो वे तीन दिवस के भीतर पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग स्थित कक्ष क्र. 25, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक के जरिए जानकारी दे सकते हैं ताकि नियमानुसार पात्र व्यक्ति को ही अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिया जा सके।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 1 से 31 मई तक आमंत्रित

**बिलासपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के सभी शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्ग के कर्मचारियों का नियमित लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई 2025 से अक्टूबर 2025 तक शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। बिलासपुर संभाग के सभी शासकीय कर्यालय प्रमुखों से तीन वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारियों को जुलाई 2025 से अक्टूबर 2025 तक लेखा प्रशिक्षण सत्र हेतु आवेदन पत्र शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला न्यू कम्पोजिट बिल्डिंग, तृतीय तल बिलासपुर में भेजना होगा। आवेदन पत्र 1 मई से 31 मई तक कार्यालयीन समय में भेजना होगा। पहले से आवेदन कर चुके सभी कर्मचारियों को भी इस सूचना के प्रकाशन के बाद दोबारा आवेदन करना अनिवार्य है।

# प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम- नगर निरीक्षक विवेक पांडेय

**बिलासपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। भीषण गर्मी के मौसम में जहां लोग घर से दूर अपने काम को लेकर बाहर निकलते है, उनके लिए ठंडा और शीतल पानी मिल जाए और उनकी प्यास बुझ जाए तो ये सोने पे सुहागा से कम नहीं होता है।




ऐसा ही कुछ नजारा हमे नगर कोतवाल के क्षेत्र गोल बाजार बिलासपुर में देखने को मिली है। जहां आने जाने वाले लोगों के लिए ठंडा मटकी का पानी पीने की व्यवस्था निरीक्षक विवेक कुमार पांडेय ने रखी है। उनका कहना है प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम होता है। कोई भी ऐसा काम जो जनता से जुड़ा हो उसे करने के लिए हमेशा ही एसपी बिलासपुर का मार्गदर्शन रहता है। उनके इस आदेश को लेकर निरीक्षक ने शास्त्री नगर बाजार व्यापारी संघ बिलासपुर के सामूहिक प्रयास से लोगों के लिए पानी प्याऊ घर की शुरुआत एक अप्रैल 2025 से ही कर रखी है।

यहां आने जाने वाले लोगों की प्यास इस प्याऊ घर से बुझ रही है। जन सहयोग से संचालित थाना कोतवाली क्षेत्र में पानी प्याऊ घर इसी साल 2025 से निरीक्षक विवेक कुमार पांडेय के प्रयास से की गई है। इसके पूर्व ऐसा प्याऊ घर क्षेत्र में नहीं खोला गया था। ऐसा पहली बार हुआ है, जब निरीक्षक विवेक ने अपने बाजार क्षेत्र में संचालित व्यापारियों के सहयोग से इस प्याऊ घर को खुलवाया है। इस प्याऊ घर में पानी पीने और खुलने से क्षेत्र में लोगों ने राहत भरी सांस ली है। इससे लोगों की प्यास बुझ रही है। पानी पीने वाले लोगों ने निरीक्षक विवेक सहित एसपी रजनेश का धन्यवाद किया है।

# सीएम दुबे स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। सी एम दी कॉलेज के समाज कार्य विभाग द्वारा पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे, शासी निकाय के सदस्य अमन दुबे ,एवं बड़ी संख्या में प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




इस अवसर पर शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने कहा कि हमें अपनी माता-पिता के नाम पर एवं अपने जन्म दिवस पर एक पौधे अवश्य ही लगाना चाहिए कुछ ऐसे पौधे जो ज्यादा ऑक्सीजन देते हैं उन्हें कमरे में भी रखा जा सकता है जो टॉक्सिन विरोधी कार्य करते हैं पृथ्वी का भूजल स्तर कम होते जा रहा है जहां हमें कभी 120 फीट गहराई पर पानी मिल जाता था अब वहां 350 फीट के नीचे पानी प्राप्त हो रहा है जो भविष्य की चिंता का विषय है, पोखर,तालाब,बावली इत्यादि को बचाकर रखा जाना चाहिए तथा पानी का सदुपयोग किया जाना चाहिए, हमें अपने शहर गांव मोहल्ले को पेड़ लगाकर हरा भरा बनाएं रखना चाहिए।

इस अवसर पर शासी निकाय के सदस्य अमन दुबे ने कहा कि पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है जिसके कारण हिमालय की ग्लेशियर पिघल रहे हैं जिसका पानी समुद्र में जाता है और समुद्र के किनारे बसे हुए शहर की समुद्री सीमा घटते जा रही है यानी कि जल स्तर बढ़ रहा है,आने वाले समय में समुद्र के किनारे स्थित शहर डूब सकते हैं ऐसा माना गया है।

इस अवसर पर रिटायर्ड अपर कलेक्टर ज्वाइन डायरेक्टर छत्तीसगढ़ प्रशासन अकैडमी निमोरा,अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा.विश्वास मेश्राम ने छात्र छात्राओं को ऑनलाइन संबोधित करते हुए बताया कि पेड़ लगाकर उनकी रक्षा करते हुए हम पृथ्वी के बढ़ते हुए तापमान को 3 डिग्री सेल्सियस तक कम कर सकते हैं उन्होंने यह भी बताया कि प्लास्टिक का उपयोग कम से काम किया जाना चाहिए छत्तीसगढ़ के उत्तरी और दक्षिणी क्षेत्र में जंगल के भूभाग में कमी देखी जा रही है जो की चिंता का विषय है जिन पर हमें ध्यान देने की जरूरत है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने कहा कि केवल पृथ्वी दिवस मनाने मात्र से काम नहीं होगा वरन् इसके लिए हमें कार्य भी करना पड़ेगा,लोगों को शिक्षित करना पड़ेगा और यह स्पष्ट करना पड़ेगा कि पृथ्वी ही जीवन है,आज अरपा नदी की जल स्तर लगभग नहीं के बराबर है जिसे स्वयं सेवी संगठन व सरकार छात्र-छात्राओं की माध्यम से बचाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजय सिंह,डॉ यशस्वी मिश्रा, नरेन्द्र टंडन,अभिषेक,दीपिका, पियाली दत्ता व नंदिता रेनाल्ड, चंचल, एकांकी सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिला पंचायत की बैठक 2 मई को

**बिलासपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला पंचायत की बैठक 2 मई को आहूत की गई है। इसके अंतर्गत सामान्य सभा की बैठक दोपहर 12 बजे एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक शाम 4 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी करेंगे। सामान्य सभा की बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला खनिज विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, जिला महिला बाल विकास विभाग एवं कृषि विभाग अंतर्गत कार्यों की जानकारी एवं समीक्षा की जाएगी। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग एवं जल संसाधन विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की जायेगी।



## कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर संविदा पद के लिए काउंसलिंग 1 मई को

**बिलासपुर**, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर के संविदा पद के अंतिम चयनित अभ्यर्थियों का काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना स्थल चयन प्रक्रिया किया जाना है। इसके लिए इस पद पर चयनित अभ्यर्थियों को 1 मई 2025 को सवेरे 11 बजे अपनी उपस्थिति मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में देनी होगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

## श्री सप्तदेव मंदिर में ब्राह्मण भोज का विशेष आयोजन सम्पन्न

**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। श्री सप्तदेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 31 वर्ष एवं कृष्णा ग्रुप के स्थापना के 51 वर्ष पूर्ण होने सहित कृष्णा ग्रुप के डायरेक्टर राजा मोदी के विवाह के 25 वें वर्षगांठ के अवसर पर कल 21 अप्रैल सोमवार को श्री सप्तदेव मंदिर में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक 51 जोडे ब्राह्मण-ब्राह्मणी भोज का आयोजन किया गया। भोग के इस आयोजन में लगभग 120 ब्राह्मण-ब्राह्मणी देवताओं ने उपस्थित होकर भोग का पुण्य लाभ अर्जित किया एवं उक्त कार्यक्रम को किये जाने पर मोदी परिवार तथा राजा मोदी को उनके विवाह के 25 वे वर्षगांठ की बधाई एवं आशीर्वाद दिया। अशोक मोदी ने समस्त ब्राह्मण देवताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि ब्राह्मण भोज कराने से पीढ़ियॉ तर जाती है। कलयुग में ब्राह्मण ही देवता स्वरूप है एवं उनको भोज करवाना भगवान को भोजन करवाने के समतुल्य है। श्री मोदी ने बताया कि कोरबा के श्री सप्तदेव मंदिर में लगभग 10 वर्ष पूर्व इस प्रकार का ब्राह्मण भोज का आयोजन किया जा चुका है एवं उसके पश्चात 21 अप्रैल को इस प्रकार के ब्राह्मण भोज कार्यक्रम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी के इस अवसर पर इस दिन सायं 4 बजे मॉ राणी सती दादी का भव्य मंगलपाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें 51 मंगलपाठी बहिनों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर एक लय एवं एक राग में संगीतमय मंगलपाठ कर पूरा माहौल भक्तिमय कर दिया। संगीतमय मंगलपाठ किये जाने हेतु कोरबा की समता उचानियॉ एंड पार्टी को विशेष रूप से मंदिर में आमंत्रित किया गया था जिन्होने अपने मधुर भजन गायकी से सबका मन मोह लिया। ब्राह्मण भोज के साथ साथ मंगलपाठ के इस कार्यक्रम की सभी कोरबा नगर वासियो ने प्रशंसा की है।



# आओ संवारें कल अपना अभियान को मिल रहा है ज़बरदस्त प्रतिसाद

## बच्चों के खेल व भविष्य निर्माण हेतु चल रहा है प्रेरक प्रयास

**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा चलाए जा रहा चलाए जा रहे चेतना अभियान के पांचवे चरण में प्रतिदिन सुबह 5.30 से 100 से अधिक बच्चे विभिन्न खेलकूद में शामिल हो रहे है। ग्रामीणों एवं खेल प्रशिक्षकों का मिल रहा भरपूर सहयोग। बच्चों को मोबाइल एवं नशे से दूर रखकर उनके सर्वांगीण विकास की ओर यह महत्वपूर्ण कदम है।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा बिलासपुर जिले में संचालित चेतना अभियान के तहत शुरू किया गया आओ संवारें कल अपना कार्यक्रम लगातार सफलता की ओर अग्रसर है। इस अभियान का विधिवत शुभारंभ 21 अप्रैल को ग्राम महमंद, थाना तोरवा क्षेत्र में किया गया था। जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में भरपूर प्रतिसाद मिल रहा है।

ग्राम महमंद में प्रतिदिन सुबह 5.30 बजेगी बजे से 100 से अधिक बच्चे उत्साहपूर्वक वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, पीटी, रस्सी कूद और फ्रिस्बी जैसे खेलों में भाग ले रहे हैं। यह आयोजन न केवल बच्चों को नशे व मोबाइल की लत से दूर रखने में सहायक बन रहा है, बल्कि उनके भीतर अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक फिटनेस को भी बढ़ावा दे रहा है।

### ग्रामीण समुदाय का भी मिल रहा भरपूर सहयोग

स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी और प्रोत्साहन इस पहल को और भी सशक्त बना रही है। चार दिनों से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है और पूरे माह तक यह आयोजन जारी रहेगा। इस अभियान को एक सामाजिक आंदोलन का रूप मिल रहा है, जिसमें पुलिस, सामाजिक संगठन, ग्रामीण प्रतिनिधि और स्वयं बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

### बच्चों में दिख रहा है आत्मविश्वास और ऊर्जा

खेल गतिविधियों के दौरान बच्चों में अनुशासन, जोश और नेतृत्व कौशल की झलक देखने को मिल रही है। बच्चों ने नशामुक्त जीवन की शपथ लेकर अपने भविष्य को स्वस्थ और उज्ज्वल बनाने का संकल्प लिया है।यह अभियान न केवल खेलों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास कर रहा है, बल्कि समाज में जागरूकता का सशक्त संदेश भी फैला रहा है। ग्राम महमंद के सभी खेल प्रशिक्षकों एवं जीवधारणी फाउंडेशन के विकास वर्मा के द्वारा इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

# पहरीपारा में फूड प्वाइजनिंग के शिकार हुए 51 लोग

## मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मिला उपचार



कोरबा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। भैसमा के पास पहरीपारा क्षेत्र में वैवाहिक समारोह के दौरान पैक्ड सेव बूंदी के वितरण और उपयोग करने के बाद 23 बच्चों व 11 महिलाओं सहित 51 लोगों की तबियत खराब हो गई। फूड प्वाईजनिंग पर उन्हें रात 11 बजे मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उपचार के बाद सबकी स्थिति सामान्य कर ली गई।

जानकारी के मुताबिक फूड प्वाइजनिंग का यह मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैसमा के पहरीपारा गांव की है। बताया जा रहा है कि गुरूवार को इस गांव में रहने वाले अमित कुमार सारथी के यहां शादी समारोह का अयोजन था। समारोह में गांव के लोग रात्रिभोज में पहुंचे हुए थे। बताया जा रहा है विवाह कार्यक्रम में बने खाना को खाने के बाद एकाएक गांव में बच्चों और बड़े लोगों की तबियत बिगड़ने लगी।

अचानक बच्चों को उल्टी-दस्त की शिकायत मिलने के बाद देर रात एक बजें ही गांव से करीब 43 बच्चे और 10 युवको को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। फूड प्वाइजनिंग से इतनी बड़ी संख्या में बच्चों की तबियत बिगड़ने की जानकारी मिलते ही मेडिकल कालेज के डीन सहित डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंच गयी।

बीमार बच्चों और बड़ो का तत्काल उपचार जारी किया गया। मेडिकल कालेज के डीन ने बताया कि प्रारंभिक उपचार के दौरान तीन बच्चों की हालत ज्यादा खराब हो गयी थी।

वहीं इस घटना की जानकारी के बाद पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये।

### स्वास्थ्य विभाग ने गांव में लगाया शिविर

मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहरीपारा में आज सुबह कैंप लगाया गया। मामले की जानकारी लेने के साथ यहां लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. दीपक राज ने बताया कि 370 की आबादी यहां पर है। फूड प्वाइजनिंग की शिकायत पर टीम के जरिए सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। विवाह के दौरान बांटी गई सेव बूंदी की बाकी मात्रा को डिस्पोज ऑफ कराया गया है।

# अमगांव में खदान की ब्लास्टिंग से घर पर गिरे पत्थर, परिवार बचा



कोरबा-हरदीबाजार, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। आमगांव दर्राखांचा गांव में एसईसीएल दीपका खदान से हुई ब्लास्टिंग का बुरा असर पड़ा। शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे एक घर में पत्थर गिरने की घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने कहा कि किसी तरह जनहानि को टाल दिया गया है लेकिन आगे प्राणों पर संकट बना हुआ है इसलिए वे जीवन की गारंटी चाहते हैं।

ग्राम आमगांव दर्रा खांचा निवासी राजू राठौर के मकान में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब तेज रफ्तार से उड़ता हुआ पत्थर सीधे मकान की छत फाड़ते हुए अंदर आ गिरा। उस समय परिवार दूसरे कमरे में मौजूद था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि यह पत्थर एसईसीएल दीपका खदान में की गई हैवी ब्लास्टिंग के कारण घर में गिरा। गांव वालों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। खदान अब बस्तियों के इतने करीब आ चुकी है कि रहवासी हर रोज़ दहशत में जीने को मजबूर हैं।

लोगों ने बताया कि आमतौर पर जब ब्लास्टिंग होती है, तो वे घर से बाहर चले जाते हैं, लेकिन शुक्रवार को अचानक ब्लास्टिंग होने के कारण वे घर के अंदर ही थे।हम रोज डर के साए में जी रहे हैं। आज अगर हम उसी कमरे में होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों का आरोप है कि एसईसीएल प्रबंधन केवल प्रोडक्शन बढ़ाने पर ध्यान दे रहा है और सुरक्षा के मानकों की अनदेखी कर रहा है।

## सार-संक्षेप

### सुशासन तिहार : कैसे हो रहा निराकरण आवेदनों का, आयुक्त ने लिया जायजा



कोरबा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आज सुशासन तिहार 2025 के तहत आमजन की विभिन्न मांगों व शिकायतों समस्याओं के संबंध में उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए आवेदनों का जमीनी स्तर पर अब तक क्या निराकरण किया गया, कितने आवेदन शेष हैं, उन पर क्या कार्यवाही हो रही है, आदि की वास्तविक जानकारी का परीक्षण करने निगम के जोन कार्यालय पहुंचे, निराकृत एवं शेष बचे आवेदनों की समीक्षा की, निराकरण गुणवत्तापूर्ण हुआ या नहीं, का परीक्षण करते हुए शेष बचे आवेदनों का समयसीमा में निराकरण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के अंतर्गत आमनागरिकों द्वारा अपनी मांगों, शिकायतों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए गए थे, निगम के जोन कार्यालयों के माध्यम से इन आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला एवं विनोद कुमार शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत, सोमनाथ डेहरे आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### निर्माणाधीन नाले का किया निरीक्षण

नगर पालिक निगम द्वारा टी.पी.नगर जोनांतर्गत अशोक वाटिका के सामने से वार्ड 14 झरनापारा होते हुए मैंगजीनभांठा तक बड़े नाले का निर्माण कराया जा रहा है, इस नाले के निर्माण से उक्त क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने सीतामणी क्षेत्र व मुख्य मार्गो व बस्तियों का पैदल भ्रमण करते हुए वहाँ की साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था, अवैध कब्जा व अतिक्रमण सहित अन्य व्यवस्थाओं व समस्याओं का निरीक्षण किया, वहाँ की छोटी-बड़ी समस्याओ को जाना तथा निराकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए।

### 12 गाइडर्स ने जलकी में एडवेंचर हाइक कैम्प में की भागीदारी



कोरबा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा गाइडर्स के लिए तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एडवेंचर हाइक, व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर आयोजित किया गया। इस कैम्प में कोरबा जिले से 12 गाइडर्स ने भागीदारी की।

22 से 24 अप्रेल तक राज्य स्तरीय एडवेंचर हाइक, व्यक्तित्व विकास एवं प्राकृतिक अध्ययन शिविर महासमुंद जिले के ग्राम जलकी स्थित अलोहा रिसोर्ट में आयोजित किया गया। इस शिविर में कोरबा जिले से गाइडर्स (महिला शिक्षक) पूर्णिमा भट्टाचार्य, शशिकला सोनी, रेणु श्रीवास्तव, नमिता कड़वे, अनिता खलखो, भारती पाल, सावित्री पुलस्त, आसमा कुरैशी, सविता लता, ममता सोनवानी, स्नेहा डडसेना, डिम्पल सिंह ने भाग लिया। जिला स्तरीय दल का नेतृत्व पूर्णिमा भट्टाचार्य ने किया। कैम्प में कोरबा जिले के अलावा बिलासपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद, जांजगीर चांपा, कबीरधाम, दुर्ग, धमतरी जिले से गाइडर्स भी सम्मिलित हुईं। कुल 77 गाइडर्स का राज्य स्तरीय नेतृत्व डीओसी, सक्ती रंजिता राज एवं डीओसी, धमतरी हीना भेंसले ने किया। गाइडर्स ने साहसिक गतिविधियों के तहत जिपलाइन, जायंट स्विंग, रोप ब्रिज, मंकी ब्रिज, टायर वाल क्लाइम्बिंग का लुत्फ उठाया।

# कारोबारी को लूटने की कोशिश, हिम्मत से पकड़ाया एक आरोपी



कोरबा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत श्यांग के अमलडीहा बाजार में किराना व्यापारी को लूटने की आरोपियों की योजना नाकाम हो गई। इस द रुपए से भरा थैला लेकर भाग रहे एक आरोपी को लोगों ने दबोच लिया तो वहीं कट्टा समेत दो आरोपी भाग निकले। एक कट्टा व्यापारी ने दबोच लिया। पुलिस ने अगली कार्रवाई की है।

जानकारी के मुताबिक श्यांग के निवासी मोहम्मद अयूब वर्षों से अपना पुश्तैनी कारोबार वन उपज की खरीदी व किराना सामानों की बिक्री का काम करते आ रहे हैं। 57 वर्षीय अयूब शुक्रवार को अमलडीहा के बाजार गए थे। अयूब बाजार के पसरे पर कुर्सी लगाकर बैठे थे कि इसी दौरान यहां पर एक सीजी 15 पासिंग की बाइक पर सवार होकर तीन लोग पहुंचे। युवकों की हरकत पर कारोबारी ने संभलने की कोशिश की तभी दोनों युवकों ने अपने-अपने हाथ में कट्टा लेकर अयूब के सीने पर तान दिया। अयूब ने पलक झपकते दोनों के हाथ पकड़ लिए और कट्टे का रुख मोड़ते हुए झटका दिया और तीनों लगभग 15 से 20 फीट दूर लुढ़कते चले गए। इस बीच कारोबारी पर हमला भी हुआ। उसने देखा कि लुटेरों का साथी 40 हजार रुपए से भरे थैले को लेकर भागने की कोशिश कर रहा है, उस युवक ने तत्काल फुर्ती दिखाई और लुटेरे से थैले को छीना। इस छीना झपटी में बाइक सवार लुटेरा गिर पड़ा जिसे लोगों ने दबोच लिया। एक लुटेरे का कट्टा वहीं पड़ा रह गया जबकि दूसरा अपने कट्टा व साथी सहित फरार हो गया। सूचना मिलने उपरांत पुलिस ने लुटेरे के साथी गुमला झारखंड निवासी धनेश्वर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। कट्टा और बाइक जप्त किया गया है।

# उद्यानों में नशेबाजी, आवारा तत्वों पर सख्त हुई पुलिस

कोरबा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शहर के उद्यानों में शाम होने के बाद आवारा तत्वों की हरकतों से संभ्रांत लोगों को परेशान होना पड़ रहा था। सिविल लाइन पुलिस ने शिकायत पर ऐसे छपरियों के खिलाफ एक्शन लिया।



फलोद्यान स्मृति और पुष्पलता उद्यान सहित कई स्थानों पर शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा था। नशे की हालत में झूमते युवक, खुलेआम सिगरेट, गांजा और शराब का सेवन करते हुए देखे जा रहे थे। इससे न केवल पर्यावरण दूषित हो रहा था, बल्कि वहां आने वाले परिवार, महिलाएं और बच्चे असहज महसूस कर रहे थे। सिविल लाइन थाना क्षेत्र की पुलिस को लगातार इस तरह की गतिविधियों की शिकायत मिल रही थी। नागरिकों ने बताया कि उद्यानों में शाम के समय जाना मुश्किल हो गया है क्योंकि वहां छपरियों (असामाजिक तत्वों) का अड्डा बन चुका है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आज दल-बल के साथ उक्त उद्यानों में छापेमारी की। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान कई युवक नशे की हालत में पकड़े गए। कुछ को मौके पर ही फटकार लगाई गई, तो कुछ को थाने लाकर चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# स्टेट हॉकी एल्यूमिनियम कप पर रायगढ़ ने जमाया कब्जा, बिलासपुर उप विजेता

## हॉकी का आयोजन सराहनीय पहल : संजुदेवी




कोरबा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के महापौर संजुदेवी राजपूत ने स्टेट हॉकी टूर्नामेंट के समापन व पारितोषक वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के अनुशासित प्रदर्शन, उत्साह और समर्पण ने सभी का मन मोह लिया, हॉकी का यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच देने वाला अवसर था, बल्कि खेल भावना को बढ़ावा देने वाला एक प्रेरणादायी आयोजन भी सिद्ध हुआ कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला भाजयुमो उपाध्यक्ष व पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि आने वाले दिनों में कोरबा में राष्ट्रीय आयोजन किये जायेंगे जिससे खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलेगा।

डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, बालको नगर, कोरबा में जिला हॉकी संघ कोरबा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय हॉकी एल्यूमिनियम कप में प्रदेश की 16 टीमें शामिल हुईं। चैंपियनशिप रायगढ़ लैलूंगा को हासिल हुई। जबकि उप विजेता का खिताब बिलासपुर ने जीता, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला ओलंपिक संघ के सचिव सुरेश क्रिस्टोफर,मंडल अध्यक्ष दिलेन्द्र यादव,पार्षद महेंद्र बांधे, अर्चना रुनिझा,पूर्व पार्षद दीपक यादव व किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने भी संबोधित किया। आयोजन में वरिष्ठ खिलाड़ी अरविंद व रविन्द्र साहू को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर तारिक कुरैशी, कोमल प्रसाद, अतीक कुरैशी, गोपाल दास महंत, प्रताप दास, चंदन मौर्या,धनराज निर्मलकर, नैतिक दास, प्रभात सिंह, ,दुर्गेश नेताम, महेंद्र चंद्रा,उदित खूंटे, गौरव खुसरो,अकाश जांगड़े, हेमचरन, धनी राम यादव, अमित सूर्यवंशी, गगन, तनीष, टोपेश, देवेंद्र, रेशमी, चाँदनी मनीषा, बिंदु, तपस्या आदि शामिल थे।

# नेताजी चौराहे पर कांग्रेस ने जलाया पाकिस्तान का पुतला

## प्रधानमंत्री से मांग- नेस्तनाबूत कर दें आतंकवाद समर्थकों को



कोरबा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में गुरूवार को सुभाष चौक निहारिका के पास प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह के अगुवाई में युवा कांग्रेस कमेटी ने आतंकवाद का पुतला दहन किया और कैंडल जलाकर एवं दो मिनट का मौनधारण कर शहिदों को श्रद्धांजलि दिया गया ।

इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कहा कि इस आतंकी हमले से देश भर में क्रोध का माहौल है । पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जितनी निंदा की जावे उतनी कम है। पूर्व सभापति श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला कायराना और पूरी तरह से सोची समझी रणनीति के तहत् किया गया हमला है। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि जानबूझकर हिन्दुओं को निशाना बनाया गया ताकि पूरे देश में भावनाओं को भड़काया जा सके। विकास सिंह ने कहा कि ये हमारे आन-बान एवं शान पर सीधा हमला है। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज, नेता प्रतिपक्ष कृपा राम साहू, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान, पार्षद मुकेश राठौर, नारायण कुर्रे, सुखसागर निर्मलकर, सुभाष राठौर, सेवा दल अध्यक्ष प्रदीप पुराणे, ब्लॉक अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, पूर्व पार्षद मनक राम साहू, प्रदीप जायसवाल, डॉ. मनहरण राठौर, महामंत्री अशोक लोध सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिविर में आईटीआई के छात्रों को मिली विधिक जानकारी



कोरबा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के अनुसार सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में 25 अप्रैल को राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामपुर कोरबा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा वित्तीय साक्षरता से संबंधित जानकारी, साइबर क्राईम, नेटवर्क मार्केट फ्राड, मनी लॉन्डरिंग फ्राड एवं पैसे का सही रख रखाव के संबंध में जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि व्यवस्थित तरीके से खर्च के साथ पैसे बचाना वित्तीय साक्षरता है। पैसा लेन देन का माध्यम है, जिससे समान, सेवाएं आदि चीजें प्राप्त की जा सकती है। कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा द्वारा राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा गया कि वित्तीय साक्षरता से पैसे की अवधारणा और अच्छी वित्तीय आदतें, वित्तीय रूप से सुरक्षित भविष्य की योजना का महत्व, आमदनी के प्रबंधन, खर्चों की समझ और निवेश आरंभ करने से संबंधित जानकारी प्राप्त होती है। बैंकिंग सेक्टर से एसबीआई आरसेटी कोरबा से ट्रेनर श्रीमती सलंजना विश्वाल के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जिसका सलाना प्रीमियम 20 रुपए है व इसका लाभ व बचत योजना के तहत् अटल पेंशन योजना, केसलेस ट्रांजेक्शन के गोपनीय सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षक संतोष साहू, गजपति बंछोर, सुशील साहू, शासकीय औद्योगिक संस्था के 100 छात्राएं एवं 200 छात्र तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र उपेन्द्र राठौर, अहमद खान, गोपाल चंद्रा उपस्थित थे।

# अल्पसंख्यक मोर्चा ने आतंकवाद का पुतला जलाया भाजपा

कोरबा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। देश के नागरिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक यह संदेश भेजने में लगे हुए हैं कि सरकार अपनी लड़ाई को आतंकवादियों और पाकिस्तान के खिलाफ तेज करें। इस मोर्चे पर हर व्यक्ति उनके साथ है। कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना के विरोध में पाकिस्तान का पुतला जलाया गया। इस दौरान लोगों ने अपने गुस्से का प्रदर्शन किया। मोर्चा के पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री से मांग की है कि आतंकवादियों और उनके समर्थको को पूरी तरह से कुचल दिया जाना चाहिए।

# जन्म प्रमाण पत्र के सेचुरेशन हेतु निर्देश जारी

कोरबा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य में आय, जाति, मूल निवास, जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र के सेचुरेशन हेतु जिला स्तर पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) अजीत वसंत द्वारा जिले में जन्म प्रमाण पत्र के सेचुरेशन हेतु समस्त नगरीय एवं ग्रामीण जन्म-मृत्यु पंजीयन इकाई के रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र एवं मितानिन के माध्यम से जन्म की प्रत्येक गैर संस्थागत घटना की साप्ताहिक जानकारी लेकर प्रकरण 21 दिवस के भीतर अनिवार्यत: जन्म पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है।

# आवाजाही में बाधा, झगरहा में निगम ने जप्त किया कबाड़



कोरबा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर निगम ने लोगों की शिकायत पर झगरहा में एक कबाड़ यार्ड पर कार्रवाई की और काफी मात्रा में कबाड़ जप्त किया। आपत्ति इस बात को लेकर थी कि सामान को गोदाम में कम और सड़क पर ज्यादा रखा जाता है। इससे गंदगी हो रही थी और बीमारी फैलने का डर बना था।

कोरबा कोरकोमा मार्ग पर झगरहा के समीप अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी का गोदाम और वहां बिखरा समान आसपास निवासरत लोगों के लिए सर दर्द बन गया। दुकान संचालक मदन अग्रवाल और सियाराम अग्रवाल से लोगों ने कई बार निवेदन किया कि वह कबाड़ अपने गोदाम में ही रखें ।बाहर सड़क तक उसे ना फैलाएं। लेकिन मदन और सियाराम ने उनकी एक न सुनी ।अंततः लोगों ने नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे से फरियाद की ।उनकी प्रार्थना सुन आयुक्त ने अपने अमले को सड़क तक बिखेर दिए गए कबाड़ को जप्त करवा लिया। नगर निगम अधिकारी सिविल लाइन पुलिस की मदद से जब कबाड़ जप्त करने पहुंचे तो अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी के संचालकों ने इसका विरोध किया। लेकिन उनकी एक न चली। सामान को जेसीबी की मदद से वाहन में डलवा कर जप्त कर लिया गया।

## सार-संक्षेप

### कलेक्टर ने दोपहर को सुनी समस्या और रात को पटवारी ने सौंपा रामचरण को राजस्व दस्तावेज पत्र



कोरिया, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कई बार एक अधिकारी की व्यक्तिगत संवेदनशीलता और तत्परता, किसी बुजुर्ग की ज़िंदगी में राहत की वह किरण बन जाती है, जिसका वर्षों से इंतजार होता है। कोरिया जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने गुरुवार को ऐसा ही एक उदाहरण प्रस्तुत किया, जब ग्राम जूनापारा से आए 80 वर्षीय रामचरण रजवार की भूमि संबंधी समस्या को उन्होंने स्वेच्छा से, तत्काल संज्ञान में लिया यह आवेदन सुशासन तिहार के अंतर्गत नहीं, बल्कि सीधे कलेक्टर के पास व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किया गया था।

भावुक बुजुर्ग रामचरण ने अपनी बात रखते हुए कहा, 'मे ह बिकट परशान हंव मेडम मोर आवेदन के निराकरण कर दें'। रामचरण ने बताया कि उनके बड़े भाई रामबक्स के नाम पर ग्राम जूनापारा के खसरा नंबर 116 और 489 में कुल 0.7400 हेक्टेयर कृषि भूमि दर्ज है। भाई के निधन के बाद इस भूमि में उनका भी हिस्सा है और भाई के अन्य वारिस पत्नी व पुत्रवधू भी इस बात पर सहमत हैं कि उनका नाम सहखातेदार के रूप में राजस्व रिकॉर्ड में जोड़ा जाए।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने पूरे धैर्य और मानवीय संवेदना से बात सुनी। उन्होंने मौके पर ही बैकुंठपुर तहसीलदार डॉ. अमृता सिंह को फोन कर तत्काल निराकरण के निर्देश दिए और संबंधित पटवारी व आरआई को भी सक्रिय किया। केवल निर्देश तक ही सीमित न रहकर, उन्होंने यह भरोसा भी दिया कि 'आज ही समाधान होगा' और यह सिर्फ एक औपचारिक आश्वासन नहीं था बल्कि इसका ठोस परिणाम हुआ। उसी रात, लगभग 9 बजे, पटवारी श्रीमती ज्योति नेताम ग्राम जूनापारा निवासी रामचरण के घर पहुंचकर उन्हें राजस्व दस्तावेज बी वन पत्र सौंपा।

कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि 'यह हम सबकी जिम्मेदारी है हर नागरिकों की बातों को सुने, उनके आवेदनों को गम्भीरता से समझें और यथा समय उनका निराकरण करें।' यह केवल एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं थी यह विश्वास, संवेदना और सेवा भावना का सजीव प्रमाण था।

### नेचुरल फार्मिंग के लिए कृषि सखियों का प्रशिक्षण आयोजित



**एमसीबी,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत जिले के तीनों विकासखंडों में 700 हेक्टेयर में नेचुरल फार्मिंग के लिए गांवों का चयन किया गया है। इसके लिए 50 हेक्टेयर के 14 कलस्टर बनाए गए हैं और प्रत्येक कलस्टर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत कार्यरत स्वयं सहायता समूह की दीदियों को कृषि सखी के रूप में चयनित किया गया है। इन कृषि सखियों को योजना के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ये कृषि सखियाँ चयनित गांवों में योजना के तहत क्रियान्वयन के लिए किसानों के बीच योजना की जानकारी देंगी और उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। इस प्रशिक्षण का आयोजन विकासखण्ड मनेन्द्रगढ़ में किया गया, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रवि कुमार गुप्ता, कार्यालय उप संचालक कृषि से रोजेंद्र प्रसाद गुप्ता और अंशुल जायसवाल, तथा क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार बना जनसमस्याओं के समाधान का मंच

#### राशन कार्ड से वंचित हितग्राहियों को मिला लाभ



**कोरिया,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में जारी सुशासन तिहार अब आमजन के लिए समाधान तिहारश् बनकर उभर रहा है। इस अभियान के तहत जिले में लंबे समय से राशन कार्ड से वंचित हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज चार महिलाओं श्रीमती हेमा बाई, बिंदिया कुमारी, श्रीमती शालिनी राजवाड़े एवं श्रीमती जय लक्ष्मी को उनके राशन कार्ड प्रदान किए गए।

इन हितग्राहियों ने सुशासन तिहार के तहत अपनी शिकायतें दर्ज कराई थीं, जिस पर जिला प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेकर कार्यवाही की। परिणामस्वरूप आज उन्हें कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों के हाथों राशन कार्ड सौंपा गया। जिला कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें। इसी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि अनेक लाभार्थियों को योजनाओं का त्वरित लाभ मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सुशासन तिहार केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि जनसेवा की एक गंभीर प्रक्रिया है, जिसमें हर शिकायत पर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

### अस्मिता सिटी में महिला कबड्डी प्रीमियर लीग का आयोजन 28 को

**एमसीबी,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)।अस्मिता सिटी इलेक्ट्रिक महिला प्रीमियर लीग प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 28 अप्रैल 2025, दिन सोमवार को प्रातः 7ः00 बजे से किया जाएगा। यह प्रतियोगिता खेलो इंडिया लघु केंद्र बंजी में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में केवल 19 वर्ष तक की बालिकाएं ही भाग ले सकेंगी। आयोजन में महिला कबड्डी टीमों को आमंत्रित किया गया है, जिससे उभरती हुई महिला खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया जा सके। प्रतियोगिता का आयोजन जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयोजकों ने सभी पात्र टीमों से समय पर खेलो इंडिया लघु केंद्र बंजी में पंजीकरण कराने और आयोजन स्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की है।

# चार पहिया वाहन के चपेट में आने से युवक की हुई मौत

### तमनार ब्लॉक अंतर्गत आमगांव पंचायत के उपग्राम रावनगुड़ा के पास हुई घटना

रायगढ़ 25 अप्रैल (देशबन्धु)। तमनार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमगांव के आश्रित ग्राम रावनमुडा के पास चार पहिया वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिये भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना 23 अप्रैल को रात्रि लगभग 8 बजे की बताई जा रही है, जिसमें कर्रापाली निवासी मोहन राठिया 42वर्ष पिता भानू राठिया 65वर्ष जो कि धौराभांठा होटल पर काम करता था। रोजाना की तरह शाम को साईकिल पर सवार हो कर घर जा रहा था तभी रास्ते में रावनगुड़ा गांव के पास पहुंचा था कि अचानक पीछे तेज गति से अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मारते हुए मोहन राठिया को पूरी तरह अपने चपेट में ले लिया चार पहिया का टायर सिधा कमर पर चढ़ गया, जिससे मोहन बुरी तरह से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि चार पहिया वाहन का चालक नशे में चूर था, इतना ही




नहीं मोहन को ठोकर मारने के बाद भागते हुए बिजना गांव के गली में तेज गति से चार पहिया को दौड़ा कर कई लोग एवं मोटर साईकिल को ठोकर मार कर भाग रहा था, तभी बिजना ग्रामवासियों ने दौड़ाकर बड़ी मसक्कत के बाद बिजना और खुरूषलेंगा गांव के बीच में पकड़ा तब तक चार पहिया पलट गया चुका था, चालक को वहीं पकड़ लिया। घटना स्थल पर पहुंचे लोगों ने घायल युवक को तत्काल तमनार सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहाँ डॉक्टर ने युवक की हालत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रायगढ़ रैफर कर दिया, वहां के डॉक्टर ने भी घायल युवक को ईलाज के लिए रायपुर रैफर कर दिया। महज तकरीबन 35 किलोमीटर रायपुर पहुंचने से पहले घायल मोहन राठिया ने रास्ते पर ही दमतोड़ दिया, मृत्यु हो गया। इस घटना में दुघर्टना कारित चार पहिया वाहन जोबरो निवासी सचिव सत्यनारायण गुप्ता का बताया जा रहा है जिसकी गाड़ी नम्बर सीजी13 बीडी- 9247 है, जिसमें उसके पुत्र 23अप्रैल को सुबह से किसी आवश्यक काम से ओड़ीसा गया हुआ था, जो शाम के समय घर लौटते समय यह दुघर्टना घटित हुआ है, जो अधिक नशे का कारण बताया जा रहा है। तमनार थाने में 24 अप्रैल को परिजनों द्वारा घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्ट दर्ज होने पस्चात थाना प्रभारी तमनार ने अपने स्टाफ को घटना स्थल रवाना किया, दुर्घटना स्थल पहुंच कर पुलिस टीम ने कार्यवाही शुरू कर दिया है। आगे कार्यवाही जारी है। बताया जा रहा है कि मृतक मोहन राठिया के तीन बच्चे हैं जो कि तीनों अभी नाबालिग हैं, सबसे बड़ी पुत्री कु. गणेशी राठिया 13वर्ष, उससे छोटी कु. मोगरा राठिया 6 वर्ष एवं सबसे छोटे पुत्र देव राठिया 3वर्ष एवं मृतक की पत्नी श्रीमती पुनी बाई राठिया और मृतक की माता- पिता परिवार में एक साथ रहते हैं, इन सभी के भरणपोषण मोहन करता था, अब मोहन के परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है, कैसे इनकी आगे जीवन चलेगा चिंता का विषय बना हुआ है। तीन बच्चों सहित पत्नी के के साथ - साथ पूरे परिवार को रोता बिलखता छोड़ गया। मोहन परिवार का अकेला कमाने वाला था, अचानक मोहन के दुघर्टना में मृत्यु हो जाने पर परिवार के साथ-साथ पूरा गांव शोक में डूबा हुआ है। इस घटना से धौराभांठा जयस्तम्भ चैक में भी शोक की लहर दौड़ रहा है क्योंकि मोहन धौराभांठा चैक पर बोधराम होटल में चाय पानी पीलाने का काम करता था, सभी ग्राहकों से काफी अच्छा व्यवहार देता था सब लोग उसे पसंद करते थे। अचानक मोहन के चले जाने से लोगों को चैक सुना-सुना प्रतित हो रहा है, सभी में शोक ब्याप्त है।

# आईपीएल में खाईवाली करते तीन सटोरिये गिरफ्तार

### 1.75 लाख नकद बरामद

### कोतवाली व चक्रधरनगर पुलिस की कार्रवाई

रायगढ़ 25 अप्रैल (देशबन्धु)। साइबर सेल की टीम के साथ कोतवाली और चक्रधरनगर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांजा चैक स्थित एक पान मशाला दुकान से आरोपी अमित अग्रवाल तथा डिग्री कॉलेज सब्जी मंडी के पास से दो आरोपी अंकित बानी और भरत कुमार रोहिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 1,75,000 नकद और 3 मोबाइल जब्त किया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली और चक्रधरनगर में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन और सीएसपी आकाश शुक्ला, साइबर डीएसपी अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में, कल शाम साइबर सेल, थाना कोतवाली और थाना चक्रधरनगर की संयुक्त टीम ने शहर में बिछाये मुखबीरों से प्राप्त सूचना पर दो कार्रवाई की।

#### पहली कार्रवाई गांजा चैक में छापा

कल शाम पुलिस को सूचना मिली कि गांजा चैक स्थित एक पान मशाला दुकान में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के लाइव मैच के दौरान मोबाइल के माध्यम से बॉल-टू-बॉल सट्टा खिलाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए साइबर सेल और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी अमित अग्रवाल पिता स्व0 रमेश अग्रवाल उम्र 36 वर्ष साकिन गांजा चैंक रायगढ को रंगे हाथों सट्टा खिलाते हुए पकड़ा। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह अपने साथियों शहबाज निवासी तुर्कापारा, मोह. मजहर निवासी तुर्कापारा, फारूख निवासी तुर्कापारा, एजाज अहमद उर्फ मन्नु निवासी बीडपारा, धर्मेन्द्र शर्मा निवासी कोतरारोड, मोनू भूटानी निवासी सिंधी कालोनी, अंकित पानी उर्फ



बाबू निवासी गांजा चैक, भरत रोहिला निवासी हटरी चैककृके साथ मिलकर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा चला रहा था। आरोपी ने बताया कि ये लोग विभिन्न स्थानों से मोबाइल फोन के माध्यम से सट्टा प्क् साझा कर सट्टेबाजी करते थे। आरोपी के पास से एक वीवो कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल और 1,20,000 नकद जब्त किए गए। कोतवाली पुलिस ने के खिलाफ थाना कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया है ।

दूसरी कार्रवाई डिग्री कॉलेज सब्जी मंडी के पास छापाथाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत मुखबीर के बताये स्थान डिग्री कालेज सब्जी मंडी पर कल शाम थाना चक्रधरनगर और साइबर सेल की टीम ने मोबाईल से आन लाईन क्रिकेट सट्टा खिलाते दो व्यक्तियों को पकड़ा जिनसे पूछताछ पर अपना नाम - अंकित बानी पिता कालीचरण बनी उम्र 28 वर्ष साकिन गांजा चैक बहिदारपारा थाना कोतवाली रायगढ़ एंव दुसरा व्यक्ति भरत कुमार रोहिला पिता स्व सुरेश रोहिला उम्र 40 वर्ष साकिन हठरी चैक दानीपारा थाना कोतवाली होना बताया। अंकित बानी के पास से रियलमी नारजो छ55 मोबाइल और 30 हजार नकद, जबकि भरत कुमार रोहिला के पास से ओप्पो ।17 मोबाइल और 25 हजार नकद जब्त किए गए। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे आन लाईन क्रिकेट सट्टा लिंक के माध्यम से आनलाईन सट्टा खिलाते है जिनके मोबाइल पर इसका लेखा जोखा मिला ।

आरोपियों ने अपने अन्य साथीगण शहबाज, मोहम्मद मजहर, फारूख, एजाज अहमद उर्फ मन्नु, धर्मेंद्र शर्मा, मोनू भूटानी और अमित अग्रवाल के साथ मिलकर मोबाईल में लिंक के माध्यम से रूपये पैसे का दांव लगाकर आनलाईन सट्टा खिलाना बताया गया। गिरफ्तार तीनों आरोपियों से 1,75,000 नकद और 3 मोबाइल जब्त किया है, इनके खिलाफ थाना कोतवाली और चक्रधरनगर में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल, अमित शुक्ला, उप निरीक्षक गेंद लाल साहू, सहायक उप निरीक्षक गौतम ठाकुर, साइबर सेल स्टाफ आरक्षक महेश पंडा, रविंद्र गुप्ता, प्रशांत पंडा, पुष्पेंद्र जाटवर नवीन शुक्ला, धनंजय कश्यप, प्रताप बेहरा और सुरेश सिदार की अहम भूमिका रही। पुलिस की आमजन से अपील की है कि वे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें। रायगढ़ पुलिस जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने प्रतिबद्ध है।

### लापता युवक की पेड़ पर फांसी में लटकी मिली लाश

रायगढ़ 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में कल शाम से लापता एक युवक के आज पेड़ पर फांसी में लटकती लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को नीचे उतरवाकर अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नारायणपुर का रहने वाला वीरेन्द्र राठिया कल शाम 4 बजे से किसी को कुछ बताये घर से निकला था। देर रात तक उसके घर नही लौटने के बाद परिजनों उसकी खोजबीन में जुटे हुए थे। इसी बीच कल सुबह कर्राहन जंगल में महुआ उठाने गए ग्रामीणों ने पेड़ में युवक की फांसी पर लटकती लाश मिलने की जानकारी गांव में दी। जिसके बाद मृतक की शिनाख्त होनें के बाद पूरे मामले की जानकारी लैलूंगा थाने में दी।

परिजनों की सूचना के बाद लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा कार्रवाई पश्चात शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मौके पर किसी तरह के सुसाईड नोट नही मिलने की वजह से यह पता नही चल सका है कि युवक ने किन कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

### धरमजयगढ़ मुख्य सड़क में दिखे तीन हाथी

रायगढ़ 25 अप्रैल (देशबन्धु)। धरमजयगढ़ वनमंडल के अंतर्गत धरमजयगढ़ रेंज के धरमजयगढ-रायगढ़ मुख्य में आज शाम लगभग 4 बजे तीन जंगली हाथी सड़क किनारे दिखाई दिए। हाथियों के अचानक प्रकट होने से सड़क पर चल रहे राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर के लिए यातायात भी बाधित रहा।

हाथियों को देखकर ग्रामीणों और राहगीरों में दहशत फैल गई। लोग अपनी सुरक्षा के लिए इधर-उधर भागने लगे, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद वन अमला हाथियों की निगरानी में जुट गया।

# 98 मवेशियों को रायगढ़ पुलिस ने तस्करों से बचाया

### 7 तस्कर गिरफ्तार

रायगढ़ 25 अप्रैल (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में पशु तस्करी पर शिकंजा कसते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन में एक बार फिर तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। कल 23 अप्रैल को जिले के तीन अलग-अलग इलाकों में की गई कार्यवाहियों में कुल 98 मवेशियों को मुक्त कराया गया, 7 तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

#### जोबी पुलिस ने 7 तस्करों को दबोचा 63 मवेशियों को कराया मुक्त

पुलिस चैकी जोबी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पहली कार्रवाई दौरान जोबी जंगल क्षेत्र में दबिश दी। यहां दिलहरण यादव (31) और छेडु साहू (60) नामक दो आरोपी बिना दस्तावेज, चारा-पानी के मवेशियों को डंडों से पीटते हुए जंगल में ले जाते हुए पकड़े गए। इनके कब्जे से 22 मवेशी, कीमत करीब 1,10,000 जब्त किए गए। ग्राम काफरमार के पीछे छेराबंदी कर रेड करने पर 05 व्यक्ति कृषक पशुओं को मारते पीटते रस्सी से बांधकर



हांकते ले जाते मिले जिन्हे पकडकर पुछताछ करने पर अपना नाम रिकी काठे पिता रामलाल उम्र 38 साल, तोरन टण्डन पिता मंगल राम उम्र 40 साल, मनहरण कुमार टण्डन पिता बाबुलाल उम्र 27 साल, गणेश कुर्रे पिता छेदी उम्र 50 साल सभी निवासी वार्ड नं0 कसेरपारा सक्ती, भुरू सतनामी वार्ड नं0 01 कसेरपारा सक्ती बताये जिनके कब्जे से कुल 41 नग मवेशी जुमला कीमती 2 लाख रूपया को मुक्त कराया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना खरसिया (चैकी जोबी) में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 6 और 10 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

#### रैरूमाखुर्द चैकी की कार्रवाई

उप निरीक्षक मानकुंवर सिदार के नेतृत्व में, रैरूमाखुर्द पुलिस ने माझापारा-चरखापार मार्ग के जंगल क्षेत्र में मवेशी तस्करी की सूचना पर दबिश दी। पुलिस की कार्रवाई के दौरान तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर जंगल की ओर भाग गये। पुलिस ने 35 मवेशियों को मुक्त कराया, जिनकी अनुमानित कीमत 1 लाख 50 हजार है। इस मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना धरमजयगढ़ (चैकी रैरूमाखुर्द) में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, और 10 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

#### पुलिस की अपील

रायगढ़ पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि उन्हें मवेशी तस्करी या पशु क्रूरता से संबंधित कोई जानकारी प्राप्त होती है, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। मवेशियों की तस्करी और उनके प्रति क्रूरता को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिंदल कोल माइंस ब्लास्ट मामले में जिम्मेदारी तय, हुई एफआईआर

### ब्लास्टिंग आफिसर व सेफ्टी इंचार्ज सहित अन्य पर अपराध दर्ज

रायगढ़ 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में जिंदल कंपनी के कोल माइंस में ब्लास्टिंग के दौरान एक असिस्टेंट इंजीनियर और एक मजदूर की मौत हो जाने के मामले में तमनार पुलिस ने गारे पेलमा माईंस के ब्लास्टिंग ऑफिसर, सेफ्टी इंचार्ज के अलावा अन्य लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक आशुष बिशोई पिता मनमत बिशोई 24 साल निवासी दासपुर जिला गंजाम ओडिसा 2024 से जिंदल पावर लिमिटेड में असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर काम करते आ रहा था। बताया जा रहा है कि 18 अप्रैल को गारे पेलमा माईंस में लेबरो के साथ ब्लास्टिंग तार बिछाया था।

इडी बांधकर आये गाड़ी ब्लास्टिंग मोबाईल सेक्टर क्रमांक सीजी 29 ए 4990 को कुछ दूरी पर खड़ी कर अंदर पीछे बैठकर ब्लास्टिंग के लिये ब्लास्टिंग अधिकारी से परमिशन के बाद ब्लास्टिंग होनें पर ब्लास्टिंग का पत्थर का एक टुकड़ा गाड़ी के पीछे दरवाजे को तोड़ते हुए अंदर बैठे आशुष बिशोई एवं उसके साथी चंद्रपाल राठिया, तरूण निषाद को लगने पर मौके पर ही आयुष बिशोई की मौत हो गई एवं उसके दोनों साथी के गंभीर रूप से घायल होनें पर उन्हें रायगढ़ अस्पताल भेज दिया गया था। जहां उपचार के दौरान चंद्रपाल राठिया की भी मौत हो गई।

इस मामले में परिजनों की शिकायत के बाद तमनार पुलिस ने जिंदल कंपनी गारे पेलमा माईंस के ब्लास्टिंग ऑफिसर राजेश शर्मा, सेफ्टी इंचार्ज हरिप्रसाद एवं अन्य लोगों के खिलाफ धारा 106 (1) 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की अकाल मौत

### मेला देखकर लौटने के दौरान हुआ हादसे का शिकार

### घरघोड़ा क्षेत्र की घटना

रायगढ़ 25 अप्रैल (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले में मेला देखकर वापस घर लौट रहे युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के शव को अस्पताल भेजते हुए पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार मोहन सिदार पिता प्रेम सिंह सिदार 35 साल निवासी कानाकोट मेला देखने के लिये अपने साथियों के साथ कोटरीमाल आया हुआ था जहां से मेला देखने के बाद कल वापस अपने गांव लौट रहा था। बताया जा रहा है कि युवक जब घरघोड़ा-छाल रोड़ में स्थित बघेल फेब्रिकेशन के पास पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पैदल चल रहे युवक को अपनी चपेट में ले लिया है। अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक को गंभीर चोट लगने की वजह से मौके



पर ही उसकी मौत हो गई।

सड़क हादसे में युवक की मौत होनें की जानकारी मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंची पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेज दिया है। बहरहाल इस मामले में परिजनों की रिपोर्ट के बाद घरघोड़ा पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

# बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़ें अधिकारी-कलेक्टर

## कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

जांजगीर, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के नवपदस्थ कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे विभागीय योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक, पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अधिकारियों से कहा कि मुख्यालय में ही रहकर कार्य करें एवं बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़ें। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी फिल्ड में चल रहे कार्यों की जानकारी रखने एवं नियमित फिल्ड का विजिट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की फ्लैगशीप योजनाओं का उत्कृष्ट क्रियान्वयन करें जिससे शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ प्राप्त हो।



कलेक्टर ने सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के स्थिति की समीक्षा की तथा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों के विभागीय कार्यो तथा प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य आवश्यक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर श्री महोबे ने जल जीवन मिशन के कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य, सिकल सेल जांच, आयुष्मान आरोग्य मंदिर तथा विभाग अंतर्गत चल रहे भर्ती प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी ली एवं भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता से करने कहा। कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंहठाकुर, अपर कलेक्टर आरके तंबोली सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दोषियों पर सख्त कार्रवाई हेतु प्रेस क्लब ने सौंपा ज्ञापन



**सारंगढ़,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। आज कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में कलेक्टर डा संजय कन्नौजे प्रेस से रूबरू हुए जहां पत्रकारों ने कलेक्टर को जिले की जनसमस्याओं के बारे में विस्तार से बताया जिसमें पेयजल ट्रैफिक राशनकार्ड अवैध उत्खनन नजूल रिकॉर्ड अपडेट करने जनसम्पर्क विभाग के कार्यालय व कार्यक्रमों में पत्रकारों के लिए कवरेज हेतु व्यवस्था इत्यादि सहित अन्य कई जनसमष्याओं के बारे में बताया जिन्हें विभागवार बैठक लेकर निराकरण करने की बात कलेक्टर ने कही वहीं कार्यक्रम के अंत में जिला प्रेस क्लब जिलाध्यक्ष दीपक थवाईत के नेतृत्व में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दोषियों पर कडी कार्यवाही का ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम से कलेक्टर को सौंपा जिसे उच्च स्तर पर आवश्यक कार्यवाही हेतु भिजवाने की बात कलेक्टर ने कही इस दौरान उपाध्यक्ष रवि तिवारी व सदस्यगण हेमंत बंजारे योगेश कुर्रे टारजन महेश मिलन महंत रोशन वर्मा मुकेश जोल्हे इत्यादि सहित अन्य कई पत्रकारों की उपस्थिति रही।

### कलेक्टर से भेंट के पहले आवेदकों का होगा हेल्थ चेकअप, जनदर्शन अब मंगलवार को सभी अधिकारी रहेंगे मौजूद

**सारंगढ़,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)।



कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में प्रति सोमवार को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में बदलाव किया है, जिसके अनुसार अब प्रति मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन आयोजित होगा। जनदर्शन के पूर्व आवेदकों का हेल्थ चेकअप होगा, जिसके बाद कलेक्टर से भेंट होगा। जिले के स्वास्थ्य विभाग की टीम इस दौरान शिविर लगाकर सेवा देंगे। इसी प्रकार प्रति मंगलवार को 11 बजे आयोजित होने वाला समय सीमा की बैठक, अब 10 बजे आयोजित किया जाएगा। समय सीमा की बैठक के बाद डॉ संजय कन्नौजे कलेक्टर जनदर्शन में लोगों से मुलाकात करेंगे।

### एनएसएस वालेंटियर वैदेही गुप्ता ने किया स्वेच्छिक रक्तदान



चांपा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की सक्रिय सदस्य और छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय भिलाई के यूटीडी में बीटेक अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्रा वैदेही गुप्ता ने मानवता की सेवा में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। उनके इस कार्य ने न केवल ज़रूरतमंदों की सहायता की, बल्कि युवाओं के बीच सामाजिक ज़िम्मेदारी और जनसेवा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई।

वैदेही गुप्ता ने कहा, रक्तदान एक छोटा-सा प्रयास है जो किसी की ज़िंदगी बचा सकता है। हर सक्षम व्यक्ति को आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। यह न केवल किसी अन्य की मदद करता है, बल्कि स्वयं को भी स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाता है।

### खरसिया अधिवक्ता संघ ने पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि, दोषियों को कड़ी सजा की मांग

खरसिया, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। अधिवक्ता संघ खरसिया द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों और जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर घटना की कड़े शब्दों में निंदा की और सरकार से दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष देवनारायण राठौर, उपाध्यक्ष आर.एम. शेख, सचिव राजेंद्र डनसेना सहित एम. एच. शाबरी, रूपेंद्र जायसवाल, झूलसाय यादव, वेदप्रकाश राठौर, मोहन लाल राठौर, हरिशंकर राठौर, भोगीलाल यादव, आर.डी. बघेल, सुदेश राठौर, दिनेश राठौर, विकास महंत, अनिता पटेल, युगल वैष्णव, सोम बहिदार, जगन्नाथ मिश्रा, चंद्रकांत वैष्णव, शानू अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, श्याम लाल पटेल, विजय डनसेना, नागेश राठौर, मनबोध चौहान, कालीचरण निषाद सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित थे।

कार्यक्रम के पश्चात अधिवक्ता संघ खरसिया की बैठक में सर्वसम्मति से एम. एच. शाबरी को आगामी निर्वाचन के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया।

### 165 यात्रियों का दल करेगा बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा

सक्ती, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत राज्य में मंत्री परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत यात्राएं पुनः प्रारंभ की गई है। जिसके तहत सक्ती जिले से 165 यात्रियों के दल को बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा 7 मई से 10 मई तक कराया जाना प्रस्तावित है।

प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त अवधि में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत बाबा बैजनाथ धाम, बजरंग बली मंदिर, अनुकूल ठाकुर जी सत्संग मंदिर का यात्रा कराया जाएगा। जानकारी के लिए समाज कल्याण विभाग उपसंचालक कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

## सब्जी मंडी को यथावत रखने व्यापारियों ने की मांग

### सब्जी व्यापारी मिले नपाध्यक्ष से

चांपा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत संचालित हो रही थोक सब्जी मंडी को वर्तमान स्थान कोटाडबरी की धान मंडी से हटाकर पुनः पुराने स्थान बिर्रा रोड में स्थानांतरित किए जाने के आदेश का व्यापारियों ने तीव्र विरोध किया है। शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में सब्जी व्यापारी, पार्षदगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और मंडी को वर्तमान स्थान पर ही बनाए रखने की मांग की।

गौरतलब है कि कोरोना काल के दौरान भीड़ और अव्यवस्था से बचने के लिए मंडी को बिर्रा रोड से हटाकर कोटाडबरी स्थित धान मंडी में अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया गया था। यहां की बेहतर व्यवस्था, पर्याप्त स्थान और पार्किंग सुविधा के कारण व्यापारी और ग्राहक दोनों ही संतुष्ट हैं और यह व्यवस्था लगातार जारी है। हाल ही में मुख्यमंत्री के सुशासन उत्सव के दौरान कुछ लोगों ने मंडी को पुराने स्थान पर पुनः स्थापित करने की मांग की, जिस पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए पुराने स्थान पर मंडी संचालित करने का आदेश जारी कर दिया। इस निर्णय के विरोध में व्यापारी वर्ग ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान स्थान पर मंडी व्यवस्थित ढंग से चल रही है, यहां भीड़-भाड़ नहीं होती, यातायात प्रभावित नहीं होता और सभी को सुविधाएं प्राप्त हैं। पुराने स्थान पर न तो पर्याप्त जगह है, न ही ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू है, जिससे अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न होती है।




### नगर पालिका अध्यक्ष दिया आश्वासन

नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने व्यापारियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए मामले पर उचित निर्णय का आश्वासन दिया है। हालांकि अभी मंडी के भविष्य को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है, लेकिन व्यापारियों की एकजुटता ने प्रशासन को अपने निर्णय पर पुनर्विचार के लिए मजबूर कर दिया है।

## भीषण गर्मी का कहर, तापमान 44 डिग्री पहुंचा

### अगले दो दिन लू का अलर्ट

जांजगीर, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले में भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रात का न्यूनतम तापमान भी 28 डिग्री के आसपास बना रहा। लगातार बढ़ते तापमान के चलते लोगों को दिन के समय घरों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शहर की सड़कें सूनी नजर आ रही हैं और बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है।



मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक जिले में लू चलने की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, क्षेत्र में ग्रीष्म लहर का प्रभाव बना रहेगा और इसके कारण लू चलने की पूरी संभावना है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने नागरिकों से दिन के समय धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी है। इसी बीच मौसम में कुछ बदलाव भी देखने को मिल सकते हैं। चक्रीय चक्रवात परिसंचरण और दो अलग-अलग द्रोणिका के प्रभाव से आसमान में आंशिक रूप से बादल छा सकते हैं तथा गरज-चमक की स्थिति बन सकती है। हालांकि, इसका असर गर्मी पर नहीं होगा और तापमान में कोई खास गिरावट नहीं आएगी। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि यह चक्रवाती गतिविधि 26 अप्रैल तक सक्रिय रह सकती है, लेकिन बारिश की संभावना बहुत कम है। इस भीषण गर्मी के चलते जिला प्रशासन भी सतर्क है और नागरिकों से एहतियात बरतने की अपील कर रहा है।

## पुटपुरा से खोखरा तक नए नेशनल हाईवे से चालक परेशान



जांजगीर, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पुटपुरा से खोखरा तक बनाए गए नए नेशनल हाईवे की हालत बेहद खराब हो गई है। सड़क को पूरी तरह से नया बनाने के बावजूद जगह-जगह दरारें आ गई हैं और सड़क ऊबड़-खाबड़ हो गई है। इस कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जा रहा है कि नेशनल हाईवे डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत पैकेज 2 में पुटपुरा से मनसिंह कला तक सड़क निर्माण कार्य किया गया था। इस प्रोजेक्ट का ठेका मैसर्स रामकी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिया गया था। मार्ग का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, फिर भी कई जगहों पर सड़क में दरारें और गड्ढे उभर आए हैं। विशेषकर पुटपुरा से लेकर खोखरा तक लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तक सड़क की हालत बेहद खराब है। वाहन चालकों को हर दिन झटके सहते हुए इस मार्ग से गुजरना पड़ रहा है। बाइक सवारों के लिए तो यह मार्ग और भी खतरनाक बन गया है। सड़क की खराब हालत के चलते दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है, जिससे आमजन में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द मरम्मत कार्य शुरू कर सड़क को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि वाहन चालकों और यात्रियों को राहत मिल सके।

## रबी फसलों पर सूखे का संकट

### 55 हजार हेक्टेयर जमीन पर फसलें सूखने की कगार पर

जांजगीर, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। कृषि प्रधान जांजगीर-चांपा जिले में इस साल किसानों ने रबी फसलें तो भरपूर लगाई हैं, लेकिन अब सिंचाई के लिए नहरों से पानी नहीं मिल पाने के कारण फसलें सूखने की कगार पर पहुँच गई हैं। जिले में लगभग 55 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान, गेहूं और अन्य रबी फसलें लहलहा रही थीं, परंतु अब सिंचाई के अभाव में किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है।



बताया जा रहा है कि सिंचाई विभाग द्वारा नहरों के माध्यम से पानी देने की व्यवस्था नहीं हो सकी है। नहरों में पानी की धीमी रफ्तार और बहाव में कमी के कारण आसपास के क्षेत्रों में पानी नहीं पहुँच पा रहा है, जिससे फसलें खराब होने का खतरा मंडरा रहा है। किसानों ने अपनी फसलों को मवेशियों से बचाने के लिए भी प्रयास शुरू कर दिए हैं। कई क्षेत्रों में किसान खुद अपने खेतों की निगरानी कर रहे हैं ताकि मवेशी फसलों को नुकसान न पहुंचाएं। किसान दिन-रात खेतों में गुजारने को मजबूर हो गए हैं। स्थानीय किसानों का कहना है कि उनके पास स्वयं के सिंचाई साधन सीमित हैं और नहरों पर निर्भरता अधिक है। वे लंबे समय से पानी की मांग कर रहे हैं, परंतु अब तक उनकी सुनवाई नहीं हो पाई है। किसान संगठनों ने प्रशासन से जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि किसानों की मेहनत बर्बाद न हो और फसलें सुरक्षित रह सकें।

## बस स्टैंड पर अव्यवस्था बनी मुसीबत

### बस ऑपरेटरों की मनमानी, प्रशासन खामोश

चांपा, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के गौरव पथ स्थित बस स्टैंड एक दशक पहले नागरिकों की सुविधा हेतु बनाया गया था। इसमें यात्री हॉल, दुकानें, सुलभ शौचालय और ठंडे पानी के लिए वॉटर कूलर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। लेकिन आज तक यहां टिकट काउंटर, बसों का रूट चार्ट और समय सारणी जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई हैं।



बस ऑपरेटरों की मनमानी के कारण रोज यात्री असुविधा का सामना कर रहे हैं। यात्रियों को टिकट के लिए परेशान होना पड़ता है और बसें भी मनमर्जी से चल रही हैं। महिलाओं को शौचालय जैसी सुविधाएं भी सुचारु रूप से नहीं मिल पा रही हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ती है। सभी सुविधाएं केवल कागजों में सिमट कर रह गई हैं। जनता की मांग है कि प्रशासन तत्काल हस्तक्षेप कर बसों को निर्धारित स्टैंड से संचालित करवाए, टिकट काउंटर चालू करे तथा रूट चार्ट और समय सारणी को प्रदर्शित कर यात्रियों को राहत पहुंचाए।

## 31 लीटर अवैध शराब बरामद



जांजगीर, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शिवरीनारायण पुलिस द्वारा अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध रेड कार्यवाही किया जिसमें आरोपी रामकुमार यादव निवासी ग्राम खरौद के कब्जे से 21 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं महिला आरोपी अनीता सिन्हा निवासी बुंदेला भूतहापारा थाना शिवरीनारायण के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी शिवरीनारायण निरीक्षक भास्कर शर्मा, प्रआर विजय निराला आरक्षक तेरस साहू, टुकेश्वर डनसेना, सुंदर अनंत प्रवीण भारद्वाज थाना शिवरीनारायण का योगदान रहा।

### भरत आदित्य का निधन



जांजगीर, 25 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम खोखरा के प्रतिष्ठित नागरिक भरत आदित्य (65) का बुधवार 23 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र जितेंद्र आदित्य ने दी। अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वे जितेंद्र आदित्य व गणेश आदित्य के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## खरसिया भाजपा ने आक्रोश कैंडल मार्च निकाला कहा पहलगाम आतंकियों का शीघ्र खात्मा हो



**खरसिया,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम के आतंकी हमले में 28 की हत्या कर दी गई है और 20 से ज्यादा घायल है। इस जघन्य कृत्य के विरोध में खरसिया भाजपा के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा कार्यालय से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक तक कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रकट किया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के समक्ष भाजपा नेताओं ने इस आतंकवादी घटना पर आक्रोश व्यक्त करते हुए इस जघन्य हत्याकांड की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देते हुए उनका खात्मा करने की मांग की। इंटेलिजेंस एजेंसी द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर पहलगाम हमले का, आतंकी संगठन का मास्टरमाइंड सैफुल्लाह खालिद पाकिस्तान में बैठा है। जहां पाकिस्तानी सेना फूल बरसा कर उस आतंकी सरगना का स्वागत करती है। आज के कैंडल मार्च में नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, उपाध्यक्ष अवध नारायण बंटी सोनी, मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा महका मंडल अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ हितेश गबेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश अग्रवाल, पार्षद राधेश्याम राठौर दीपक अग्रवाल, ललित राठौर, साहिल शर्मा, मुरली राठौर, रतन अग्रवाल, अशोक अग्रवाल,

मंडी, संजय शर्मा, संजय दीपक मेडिकल, रमेश राठौर, आनंद अग्रवाल, कैलाश शर्मा, नगर पालिका के सभी पार्षद भाजपा के पदाधिकारी नेता कार्यकर्ता एवं आम जनता की उपस्थिति रही।

## उमेश पटेल के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया

### पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को दी गई श्रद्धांजलि



**खरसिया,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। खरसिया नगर में आज का दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए भावनाओं से भरा रहा। एक ओर जहां संगठन को मजबूती देने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए, वहीं दूसरी ओर देश की एक बड़ी पीड़ा पर संवेदना भी व्यक्त की गई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सह प्रभारी सुश्री जरिता लैतफलांग तथा पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अहम बैठक आयोजित की गई। इस संवाद में नेताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, कार्यकर्ताओं के मनोबल को ऊंचा रखने और आगामी रणनीतियों को लेकर व्यापक चर्चा की। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष नागरिकों की याद और आतंकी हमले के विरोध में सायं 6 बजे उमेश पटेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राम जानकी मंदिर से कैंडल मार्च निकाला। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हाथों में जलती मोमबत्तियां थामे, मौन रहते हुए नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए शहीद नंदकुमार पटेल स्मारक तक मार्च किया। इस दौरान उमेश पटेल ने नम आंखों से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा, यह हमला सिर्फ हमारे नागरिकों पर नहीं, मानवता पर एक गहरी चोट है। उन्होंने भारत सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की। कैंडल मार्च में ब्लॉक कांग्रेस शहर और

## नेपाल में 987 पर्वतारोहियों को 26 चोटियों पर चढ़ने की अनुमति

**काठमांडू,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। नेपाल में 105 पर्वतारोही समूहों के 987 पर्वतारोहियों को वसंत पर्वतारोहण के मौसम के दौरान 26 पर्वतों पर चढ़ने की अनुमति दी गई है। पर्यटन विभाग के निदेशक लीलाधर अवस्थी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्वतारोहियों में 217 महिलाएं शामिल हैं तथा वे 51 देशों और क्षेत्रों से हैं। कुल 328 पुरुषों और 74 महिलाओं को 8,848.86 मीटर ऊंचे माउंट कोमोलांगमा पर चढ़ने की अनुमति दी गयी, जो नेपाल और चीन के बीच स्थित दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है। उन्होंने कहा कि परमिट चाहने वालों का प्रवाह बहुत उत्साहजनक है। हमें पिछले साल की तुलना में अधिक पर्वतारोहियों की उम्मीद है।



# पाकिस्तान ने सिंध नहर परियोजना पर लगाई रोक

■ सिंध की 72 प्रतिशत आबादी भूजल पर निर्भर ■ सिंधु डेल्टा ने अपना 92 प्रतिशत जा पानी खो दिया

**इस्लामाबाद,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने के बाद सिंध में अपनी विवादास्पद नहर परियोजना पर रोक लगा दी है।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री आवास में सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तन पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) प्रतिनिधिमंडलों के बीच बैठक के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने यह घोषणा की। इस निर्णय ने दोनों राजनीतिक सहयोगियों के बीच कई दिनों से चल रही राजनीतिक खींचतान को समाप्त कर दिया है। श्री शरीफ ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि जब तक काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स (सीसीआई) में आम सहमति नहीं बन जाती, तब तक कोई नहर नहीं बनाई जाएगी। उन्होंने पुष्टि की कि दो मई को होने वाली अगली सीसीआई बैठक में पीपीपी के साथ हुए समझौते को औपचारिक रूप से मंजूरी दी जाएगी।

सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह के साथ पीपीपी अध्यक्षर बिलावल भुट्टो ने



अपनी पार्टी की मांगों को स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया और पुष्टि की कि प्रांतीय सहमति के बिना कोई भी परियोजना आगे नहीं बढ़ेगी।

> **जब तक काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट्स में आम सहमति नहीं बन जाती, तब तक कोई नहर नहीं बनाई जाएगी : शहबाज शरीफ**

श्री शाह ने समझौते को बड़ी जीत बताते हुए कहा कि पीपीपी ने लगातार कहा है कि यह परियोजना सिंध के हितों के खिलाफ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि परियोजना को औपचारिक रूप से रद्द कर दिया जाएगा। आलोचकों ने चेतावनी दी है कि सिंधु से पानी को मोड़ने से सिंध की अर्थव्यवस्था तबाह हो सकती है, उपजाऊ भूमि सूख सकती है और सिंधु डेल्टा का नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट हो सकता है। सिंध की 72 प्रतिशत आबादी भूजल पर निर्भर है, इसलिए दांव बहुत ऊंचे हैं।

सिंधु डेल्टा ने अपना 92 प्रतिशत जा पानी खो दिया है जिससे पाकिस्तान के पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण मैंग्रोव और मत्स्य पालन खतरे में पड़ गया है। नहरों के खिलाफ सिंध के विरोध ने किसानों, छात्रों, वकीलों और यहां तक कि पीपीपी जैसे राजनीतिक दलों को भी एकजुट किया है। नवंबर 2024 से, रैलियां, धरना और राजमार्ग नाकाबंदी ने प्रांत को अपनी चपेट में ले लिया है। प्रदर्शनकारियों ने इस बात पर जोर दिया है कि सिंध के लोगों ने छह नहर योजना को भारी रूप से खारिज कर दिया है ।

## सिंधु जल संधि को निलंबित करने के लिए भारत के पास बुनियादी ढांचे की कमी



**इस्लामाबाद।** भारत में पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अब्दुल बासित ने दावा किया कि सिंधु जल संधि को निलंबित करने का भारत का निर्णय वास्तविक नहीं, बल्कि 'प्रतीकात्मक' है, क्योंकि उसके (भारत के) पश्चिमी नदियों को मोड़ने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचे का अभाव है। ज्ञातव्य है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमलों के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठाये, जिनमें दशकों पुरानी सिंधु जल संधि को निलंबित करना भी शामिल था। सरकार का यह कदम पाकिस्तान को मुसीबत में डाल सकता है, क्योंकि यह देश सिंचाई आदि कामों के लिए सिंधु नदी प्रणाली पर बहुत अधिक निर्भर है। पहलगाम के बैसरन में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गये थे।

## संरा महासचिव ने की भारत व पाकिस्तान से संयम बरतने की अपील



**संयुक्त राष्ट्र।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में बढ़ती कड़वाहट के बीच, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दोनों देशों से अधिकतम संयम बरतने और यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि स्थिति और न बिगड़े। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने गुरुवार को एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हालांकि संयुक्त राष्ट्र महासचिव का दोनों देशों में से किसी के साथ कोई सीधा संपर्क नहीं है, लेकिन मैं पुष्टि कर सकता हूं कि वह स्थिति पर बहुत बारीकी से और बहुत चिंता के साथ नजर रख रहे हैं। श्री दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र 21 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने में बहुत स्पष्ट है जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला था। उन्होंने कहा कि हम दो दिन पहले जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करने में बहुत स्पष्ट थे, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 26 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 13**

### राशिफल

मेष - आज दिनभर प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। व्यर्थ खर्च की मात्रा भी बढ़ेगी। पूंजी-निवेश मेंध्यान रखें।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। धन वृद्धि तथा पदोन्नति होने के योग हैं। व्यापार के लिए किए गए सौदे में सफलता मिल सकती है। परिजनों तथा मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

मिथुन - आज का दिन अच्छा होने के कारण आपके सभी काम अच्छी तरह संपन्न होंगे। घर और ऑफिस का वातावरण प्रफुल्लित और आनंदमयी बना रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्क - तन-मन में आनंद की अनुभूति होगी। आपके भाग्य में निखार आ सकता है। विदेश से अच्छे समाचार मिलेंगे। धर्म संबंधी कामकाज या दर्शन के लिए बाहर जाना पड़ सकता है।

सिंह - आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। तबीयत खराब होने के कारण खर्च होने की संभावना है। स्वभाव उग्र बनेगा, ऐसे में वाणी पर संयम रखना आवश्यक है। आपको नकारात्मक विचार बहुत परेशान करेंगे।

कन्या - आप समाज में यश, प्रतिष्ठा और ख्याति प्राप्त कर सकेंगे। महिलाओं से लाभ हो सकता है। सामाजिक जीवन में आनंद की अनुभूति होगी। नए परिधान तथा अलंकार खरीद सकेंगे। नए मित्रों से मिलने की संभावना है।

तुला - आज नौकरी में लाभ तथा प्रगति का योग है। पारिवारिक वातावरण सुख-शांति से भरपूर रहेगा। विरोधियों को पराजित कर सकेंगे। सहकर्मी आपकी मदद करेंगे। ननिहाल से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

वृश्चिक - साहित्य तथा कला से संबंधित प्रवृत्तियों में विशेष रुचि बढ़ेगी। आप बौद्धिक चर्चा में भाग ले सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए भी समय अनुकूल है। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी करेंगे।

धनु - आज मन में उदासीनता छाई रहेगी। शरीर में ताजगी तथा मन में खुशी का अभाव रहेगा। परिजनों के साथ बातचीत में तनाव हो सकता है। आपका स्वभिमान भंग न हो, इसका ध्यान रखें। धन हानि का योग है।

मकर - आपका आज का दिन आनंद में व्यतीत होगा। परिस्थितियां अनुकूल होने के कारण सभी काम सरलतापूर्वक संपन्न होंगे। मानसिक खुशी का भी अनुभव होगा। व्यापार में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कुंभ - आपके मन में उलझन के कारण आप उचित निर्णय नहीं ले सकेंगे। स्वास्थ्य बिगड़ेगा। वाणी पर नियंत्रण न रहने के कारण व्यर्थ की चर्चा से मतभेद या संघर्ष के अवसर उत्पन्न होंगे। इच्छित सफलता नहीं मिल सकेगी।

मीन - आज आपको आनंद और उत्साह अनुभव होगा। नए काम की शुरुआत करने से लाभ हो सकता है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मिलकर स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेने की संभावना है। आय का स्रोत जारी रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## गाजा पर इजरायली हमलों में 50 से अधिक लोगों की मौत



**गाजा,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। गाजा पट्टी पर गुरुवार सुबह से इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 52 हो गई है, जिनमें से 39 गाजा शहर और एन्क्लेव के उत्तरी इलाकों में हुए हमलों में मारे गए हैं। अल जजीरा प्रसारक ने फिलिस्तीनी चिकित्सा स्रोतों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

गुरुवार को रिपोर्ट में कहा गया कि हमले जबालिया, देइर अल बलाह और खान यूनिस शहरों पर भी किए गए, जिनमें वे घर भी शामिल हैं जहां शरणार्थियों को ठहराया गया था। रिपोर्ट में कहा गया कि एन्क्लेव के उत्तर में कुछ इलाकों में तोपखाने की गोलाबारी की गई। गाजा पट्टी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 18 मार्च को शत्रुता फिर से शुरू होने के बाद से 1,900 से अधिक लोग मारे गए हैं और 5,000 से अधिक घायल हुए हैं।

गौरतलब है कि 18 मार्च को इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू कर दिए, जिसका कारण फिलिस्तीनी आंदोलन हमास द्वारा युद्ध विराम को आगे बढ़ाने की अमेरिकी योजना को स्वीकार करने से इनकार करना था, जो एक मार्च को समाप्त हो गया था। इजरायल ने गाजा पट्टी में एक विलवणीकरण संयंत्र की बिजली आपूर्ति भी काट दी और मानवीय सहायता ले जाने वाले ट्रकों के प्रवेश को बंद कर दिया।

### गाजा में इजरायली सैनिक की मौत, 2 अन्य घायल

इजरायली सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि गाजा पट्टी में स्नाइपर की गोली से एक इजरायली टैंक चालक की मौत हो गई। सेना कहा कि सैनिक मचैट्ज़ बख्तरबंद ब्रिगेड की 79वीं बटालियन में सेवारत था, उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान मारा गया, साथ ही कहा कि उसके परिवार को उसकी मौत की सूचना दे दी गई है। मारे गए सैनिक का नाम अभी तक प्रकाशन के लिए मंजूरी नहीं दी गई है। इसके अलावा, बयान के अनुसार, याहलोम यूनिट का एक अधिकारी और उसी बटालियन का एक रिजर्विस्ट घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया।

## रूस यूक्रेन समझौते पर पहुंचने के लिए तैयार है : लावरोव

**मास्को,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। रूस यूक्रेन के साथ संघर्ष के समाधान पर एक समझौते पर पहुंचने को तैयार है, लेकिन सौदे के कुछ प्रावधानों को अभी भी ठीक करने की आवश्यकता है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को एक साक्षात्कार में यह बात कही।

श्री लावरोव ने अमेरिकी प्रसारक 'सीबीएस' न्यूज़ के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान में एक समझौते का उल्लेख है, और हम एक समझौते पर पहुंचने के लिए तैयार हैं, लेकिन अभी भी कुछ विशिष्ट बिंदु हैं - इस सौदे के तत्व जिन्हें ठीक करने की आवश्यकता है। गुरुवार रात को साक्षात्कार के अंश प्रकाशित किए गए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार रविवार को पूरा संस्करण प्रसारित किया जाएगा।

इससे पहले श्री ट्रम्प ने उम्मीद जताई थी कि रूस और यूक्रेन इस सप्ताह एक समझौता करेंगे।

## थाईलैंड में पुलिस विमान दुर्घटनाग्रस्त, छह की मौत

**बैंकॉक,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। थाईलैंड के



फेत्चाबुरी प्रांत के रिसॉर्ट शहर हुआ हिन के तट के पास शुक्रवार सुबह एक छोटा पुलिस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। थाई पुलिस ने यह जानकारी दी। थाई राष्ट्रीय पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पेज पर कहा कि पुलिस विमानन प्रभाग का विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब विमान पैराशूट प्रशिक्षण के लिए परीक्षण उड़ान भर रहा था। दुर्घटना के कारणों की जांच की जाएगी। वीडियो फुटेज में विमान को समुद्र में गिरते हुए दिखाया गया है। शुरुआती जांच से पता चलता है कि उड़ान भरने के तुरंत बाद इंजन में खराबी आ गई।

## ब्रिटेन का यूक्रेन में सेना भेजने की योजना त्यागने की संभावना

**मॉस्को,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्रिटेन अब यूक्रेन में हजारों सैनिक भेजने के विचार को त्यागने की योजना बना रहा है क्योंकि वहां सेना को भेजने में जोखिम बहुत अधिक है। टाइम्स अखबार ने ब्रिटिश सूत्रों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

इच्छुक गठबंधन के बारे में चर्चा में शामिल एक सूत्र ने कहा कि जोखिम बहुत अधिक है और इस तरह के कार्य के लिए सेना अपर्याप्त है। यह हमेशा ब्रिटेन का विचार था। फ्रांस ही अधिक सशक्त दृष्टिकोण चाहता था। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूक्रेन के लिए सुरक्षा प्रतिबद्धता यूक्रेन के सशस्त्र बलों के पुनर्गठन और पुनः शस्त्रीकरण पर केंद्रित होगी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 27 मार्च को पेरिस में इच्छुक गठबंधन के शिखर सम्मेलन की मेजबानी के बाद कहा कि कई देश निवारक बलों के रूप में यूक्रेन में सेना भेजना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन-



> **यूक्रेन के लिए सुरक्षा प्रतिबद्धता यूक्रेन के सशस्त्र बलों के पुनर्गठन और पुनः शस्त्रीकरण पर केंद्रित होगी : रिपोर्ट**

फ्रांस की पहल न तो यूक्रेनी सैनिकों का प्रतिस्थापन होगी और न ही शांति सेना। इसका लक्ष्य रणनीतिक स्थानों पर सैनिकों को तैनात करके रूस को रोकना होगा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने कहा है कि यूक्रेन में किसी भी विदेशी सैन्य उपस्थिति को रूस के लिए खतरे के रूप में देखा जाएगा।

## आज का इतिहास

1654- यहूदियों को ब्राजील से निकाला गया।

1755- रूस का पहला विश्वविद्यालय राजधानी मॉस्को में खोला गया।

1828- यूनान की आजादी के समर्थन में रूस की तुर्की के खिलाफ युद्ध की घोषणा।

1903 - गांधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में वकालत शुरू की और वहां ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना की।

1920- महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजम का निधन।

1959- क्यूबा ने पनामा पर आक्रमण किया।

1962 - अंतरिक्ष यान रेंजर-4 ने चांद की सतह पर कदम रखा। चांद तक पहुंचने वाला यह पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान था। तकनीकी गड़बड़ी के कारण इसका संपर्क पृथ्वी से टूट गया और यह चांद की सतह के चित्र नहीं भेज सका।

1964 - तंगांयिका और जंजीबार के विलय के बाद तंजानिया संयुक्त गणराज्य की स्थापना हुई और जूलियस न्येरेरे इसके प्रथम राष्ट्रपति बने।

1975- सिक्किम भारत का 22वां राज्य बना।

1986 - तत्कालीन सोवियत संघ के यूक्रेन प्रांत के चेरनोबिल में परमाणु हादसा हुआ, जिससे बड़ी मात्रा में रेडियोधर्मी विकीरण हुआ।

1990 - वीआरपी मेनन ने 463 घंटे तक लगातार डिस्को डांस करने का विश्व रिकार्ड अपने नाम किया।

2020 - देश में कोविड महामारी से संक्रमित लोगों की संख्या 26 हजार के पार पहुंची। राज्यों ने कुछ दुकानें खोलने की अनुमति देकर

**मामला** *पहलगाम हमला इजरायल में हुए हमास के हमले जैसा था*

# मुस्लिम जगत को भारत व इजरायल के खिलाफ एकजुट करना था उद्देश्य

**नई दिल्ली, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम में हाल ही में हुआ आतंकी हमला, हमास की रणनीतियों से प्रेरित था। पहलगाम हमला हमास द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रणनीतियों जैसा ही था। हमले में चार आतंकी शामिल थे, जिनमें दो पाकिस्तानी थे और दो स्थानीय। इन सभी ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में ट्रेनिंग ली थी। वहां लश्कर और जैश के कैंपों में हमास ने ट्रेनिंग देने का इंतजाम किया है और इसे आईएसआई का भी समर्थन मिला हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, 5 फरवरी 225 को, कुछ हमास नेताओं को इजरायल ने रिहा किया और वे पाकिस्तान सरकार के बुलावे पर पाकिस्तान आए।**

उन्हें पीओके ले जाया गया, जहां उनकी मुलाकात लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों से करवाई गई। हमास के नेताओं को रावलकोट की सड़कों पर घोड़ों पर सवारी करके आजादी दिलाने वालों की तरह घुमाया गया।

इस रैली में हमास के प्रवक्ता डॉ. खालिद कद्दूमी और डॉ. नाजी जहीर, साथ ही हमास के नेता मुफ्ती आजम और बिलाल अलसल्लत शामिल हुए थे। इस रैली में जैश-ए-मोहम्मद के नेता मसूद अजहर का भाई तल्हा सैफ, लॉन्चिंग कमांडर असगर खान कश्मीरी, मसूद इलियास और लश्कर-ए-तैयबा के बड़े आतंकवादी कमांडर भी मौजूद थे। इस कॉन्फ्रेंस का नाम कश्मीर एकजुटता और हमास का ऑपरेशन अल अक्सा फ्लड था और यह



इसलिए रखा गया था ताकि यह बताया जा सके कि कश्मीर और फिलिस्तीन दोनों ही इस्लामी जिहाद के विषय हैं। इसका मकसद यह भी था कि पूरा मुस्लिम जगत मिलकर भारत और इजरायल के खिलाफ पीड़ितों के तौर पर एकजुट हो। 7 अक्टूबर 2024 को पाकिस्तान की आईएसआई ने हमास नेताओं को बांग्लादेश की राजधानी ढाका ले जाकर वहां एक चरमपंथी कार्यक्रम में शामिल करवाया। इस कार्यक्रम का मकसद भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में आतंक फैलाना था।

इस कार्यक्रम का आयोजन अल मरकजुल इस्लामी नाम के संगठन ने किया था, जिसका संस्थापक मुफ्ती शाहिदुल इस्लाम अल-कायदा से जुड़ा हुआ था। इस कार्यक्रम में हमास के बड़े नेता और पाकिस्तान के इस्लामी नेता भी शामिल हुए थे। मुफ्ती शाहिदुल इस्लाम, जिनकी 2023 में मृत्यु हो गई, के अल-कायदा से सीधे रिश्ते थे। आतंकवाद में उसकी लंबी भागीदारी के कारण इस कार्यक्रम के पीछे के इरादों को लेकर चिंता बढ़ गई है। मुफ्ती शाहिदुल इस्लाम बांग्लादेश में इस्लामी आतंकवाद फैलाने वालों में एक जाना-माना नाम था। उसे पहले 1999 में गिरफ्तार किया गया था। उस पर खुलना में अहमदिया मस्जिद पर बम हमले की साजिश रचने का आरोप था।

## सुडोकू 6894

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | | | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | | |
| | 1 | | | | | 5 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | 3 | |
| 4 | | | 8 | | 3 | | | 7 |
| | 9 | | | | 6 | | 4 | |
| | 3 | 5 | | | | | 7 | |
| | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | | | | 6 | 1 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6894

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. प्यार भरी बातचीत
३. निछावर
५. अस्तित्व (उर्दू)
६. गाने वाला
७. शाक, सब्जी
८. चंद्रमा
१३. मेहनत
१५. आईना
१६. लुंगी
१७. प्रण
१८. जुड़ा, मिला हुआ, सहित
२०. प्रार्थना के योग्य
२२. मामूली
२३. सूर्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. दर्शक दीर्घा
२. फायदेमंद
३. बहुत ही बुरा (उर्दू)
४. भय, दुख या पीड़ा से पीड़ित होकर जोर से रोना, चिल्लाना
५. भारी (उर्दू)
९. तकलीफ, झंझट (उर्दू)
१०. अंत, अवसान, नतीजा
११. लज्जत, जायका
१२. उऋण, जिसने कर्ज से छुटकारा पा लिया हो
१४. आय (उर्दू)
१७. तारीफ
१९. जवान, तरुण
२०. जान, जी, दम
२१. अगर

### वर्ग पहेली-6893

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ गु | रू | २ कु | ल | ■ | ■ | ३ अ | व | ४ गु | ण |
| म | ■ | स | ■ | ५ वि | ग्र | ह | ■ | ल | ■ |
| ६ च | र | म | ■ | लं | ■ | ७ म | नो | द | शा |
| र | ■ | ८ य | ९ क | ब | य | क | ■ | स्ता | ■ |
| ■ | १० प | ■ | या | ■ | ■ | ■ | ११ आ | ■ | १२ वि |
| १३ प | रि | श्र | म | ■ | १४ मु | ■ | १५ दि | क्क | त |
| ■ | चि | ■ | १६ त | म | च | र | ■ | ■ | र |
| १७ मृ | त | क | ■ | ■ | ल | ■ | १८ च | १९ र | ण |
| णा | ■ | ■ | २० आ | ज्ञा | का | २१ री | ■ | वि | ■ |
| २२ ल | बा | ल | ब | ■ | ■ | २३ ति | लां | ज | लि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6894 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 | 8 | 4 | 5 |
| 1 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 4 |

## दुनिया को जानें

### टीकाकरण दरों में गिरावट से अमेरिका में फिर से बढ़ सकते हैं खसरे के मामले : अध्ययन

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका में खसरा बीमारी दोबारा बड़ी संख्या में फैल सकती है, क्योंकि वहां बच्चों को टीके लगवाने की दर कई राज्यों में घटती जा रही है।

अमेरिका की स्टैनफोर्ड, बायलर, राइस और टेक्सास यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक मॉडल के जरिए यह अध्ययन किया। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, इस मॉडल ने अलग-अलग टीकाकरण दरों के साथ 25 सालों के अलग-अलग हालातों का अध्ययन किया। जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन में प्रकाशित इस अध्ययन में बताया गया कि अगर अभी जैसी ही टीकाकरण की स्थिति बनी रही, तो खसरा बीमारी अमेरिका में फिर से आम हो सकती है और अगले 25 साल में करीब 8.5 लाख से ज़्यादा खसरे के मामले सामने आ सकते हैं। अगर टीकाकरण की दर 10 प्रतिशत कम हो गई, तो करीब 1.1 करोड़ लोग खसरे की चपेट में आ सकते हैं। और अगर यह दर 50 प्रतिशत तक गिर गई, तो हालात और भी ज़्यादा गंभीर हो जाएंगे जिसमें 5.1 करोड़ खसरे के मामले, 99 लाख रूबेला, 43 लाख पोलियो, 197 डिप्थीरिया के मामले, 10.3 लाख अस्पताल में भर्ती मामले और करीब 1.6 लाख मौतें हो सकती हैं।

## हेजलवुड अपने प्रदर्शन में ऐसी निरंतरता लाते हैं : बांगर

**नई दिल्ली।** जोश हेजलवुड के 4-33 विकेट लेने और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2025 में अपनी पहली घरेलू जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद, पूर्व मुख्य कोच संजय बांगर ने कहा कि अनुभवी तेज गेंदबाज की निरंतरता कुछ ऐसी चीज है जो हर कप्तान प्रतियोगिता में चाहता है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, राजस्थान रॉयल्स (आरआर) को अपने चार मैचों की हार के सिलसिले को तोड़ने के लिए आखिरी दो ओवरों में सिर्फ 18 रन चाहिए थे। लेकिन हेजलवुड ने एक यादगार ओवर फेंका, जिसमें उन्होंने सिर्फ एक रन दिया और दो विकेट लिए, जिससे आरसीबी की जीत लगभग पक्की हो गई। हेजलवुड ने अपने आखिरी दो ओवरों में सिर्फ सात रन देते हुए तीन विकेट चटकाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला। जोश हेजलवुड हर कप्तान के सपनों की तरह निरंतरता लाते हैं।



# पंजाब किंग्स अब केकेआर को उसके घर में भी हराने के इरादे से उतरेगी

■ केकेआर के लिए उसके कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आठ मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़े हैं

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शानदार आगाज करने के बाद राह भटक कर पिछले लगातार तीन मैच में अपने नए कप्तान श्रेयस अय्यर के नाकाम रहने के बावजूद अपने घर में मात्र 111 रन पर सिमटने के बाद पंजाब किंग्स लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के स्पिन का जाल बुन कर चटकाए चार विकेट की बदौलत केकेआर को 95 रन पर ढेर कर 16 रन से जीत के बाद 2025 आईपीएल में अब उसे उसके घर कोलकाता में भी शनिवार को ईडन गार्डन मैदान पर हरा कर पिछले छह मैचों लगातार तीसरी और कुल चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। केकेआर की कोशिश अपने घर में पंजाब किंग्स पर शनिवार को रिटर्न मैच में जीत दर्ज कर हिसाब चुकता करने के साथ लगातार तीसरी हार से बचने की होगी। केकेआर के लिए उसके कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आठ मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़े हैं और कुल 271 रन बनाने के साथ उसके लिए रन बनाने में शीर्ष पर चल रहे है। कोलकाता के उप कप्तान वेंकटेश अय्यर एक अर्द्धशतक को छोड़, सुनील नारायण व क्विंटन डी कॉक एक की सलामी जोड़ी जिस तरह रनों के लिए जूझ रहे उसके मद्देनजर उससे अपने घर में पंजाब किंग्स को रोकना एक बेहद मुश्किल चुनौती नजर आता है। केकेआर पंजाब किंग्स से उसके घर में 17 रन से हारने के बाद पिछले व आठवें मैच में कप्तान अजिंक्य रहाणे के अर्द्धशतक के बावजूद गुजरात टाइटंस से 39 रन से अपने घर में केकेआर जिस तरह हारी उससे उसके हौसले पस्त हैं। पंजाब किंग्स के आठ मैचों में पांच जीत और तीन हार के साथ कुल दस अंक लेकर अपने कमतर नेट रन रेट के कारण आठ मैचों में पांच जीत व तीन हार के साथ दस अंक ले अपने कमतर नेट रन रेट के कारण पांचवें स्थान पर है । वहीं केकेआर आठ मैचों में मात्र तीन जीत और पांच हार के साथ कुल छह अंक ले सातवें स्थान पर है। पंजाब किंग्स अपने घर में मेहमान केकेआर को हराने के बाद अगले मैच में अपने घर में आरसीबी से पिछले मैच में सात विकेट से हार गई थी। केकेआर के लिए उसके कप्तान अजिंक्य रहाणे ने तीन अर्द्धशतक सहित सबसे अधिक आठ मैचो में सबसे ज्यादा 271 रन, अंग कृष रघुवंशी ने एक अर्द्धशतक सहित 197 रन, क्विंटन डी ने एक अर्द्धशतक सहित 143, वेंकटेश अय्यर ने एक अर्धशतक सहित 130 रन, अनुभव आंद्रे रसेल ने आठ मैचों मे मात्र 55 रन बनाए हैं। साफ है कि केकेआर की बल्लेबाजी मौजूदा संस्करण में बराबर जूझती ही नजर रही है। पंजाब किंग्स के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ( 8 मैच, 11 विकेट) , लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल (8 मैच, 9 विकेट), तेज गेंदबाज मार्क येनसन (8 मैच, 8 विकेट), आंद्रे रसेल( 8 मैच, 6 विकेट), लॉकी फर्गुसन (4 मैच, 5 विकेट) से केकेआर के शीर्ष क्रम को चौकस रहना होगा। कप्तान श्रेयस अय्यर ने बतौर बल्लेबाज और कप्तान अनुकरणीय खेल दिखा पिछले सीजन में केकेआर की चैम्पियन बनाया था। आठ मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़ चुके श्रेयस केकेआर टीम की ताकत के साथ ईडन गार्डन की पिच से बढ़िया ढंग से वाकिफ होने के बाद फिर बल्ले से रंगत पाकर बड़ी पारी खेलने को बेताब होंगे। पंजाब किंग्स के लिए कप्तान श्रेयस अय्यर ने तीन अर्धशतक सहित कुल 263 रन, सलामी बल्लेबाज बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने एक शतक सहित 254 रन, प्रभसिमरन सिंह ने 8 मैचों में एक अर्द्धशतक सहित 209 रन,नेहाल वढेरा ने सात मैचों एक अर्द्धशतक सहित 189 रन, शशांक सिंह ने आठ मैचों में चार बार अविजित रह एक अर्द्धशतक सहित 158 रन बनाए हैं।

### हम बढ़िया आगाज का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं : श्रेयस अय्यर

आप ज्यादातर बल्लेबाजों को देखेंगे तो वह पहली ही गेंद से दे दनादन करना पसंद करते है। हम बढ़िया आगाज का लाभ नही उठा पा रहे हैं। अब पिचें भी धीमी और धीमी होती जा रही है। यहां तक बीच के ओवरों में हम गेंदबाजों पर प्रहार कर सकते थे। विराट और उनकी आरसीबी की टीम की इस जीत के लिए सराहना करनी होगी। हम बराबर पिचों से तालमेल बनाने की चर्चा कर रहे हैं। हम कुछ बल्लेबाजो को बीच के ओवर में आक्रामक तेवर दिखाने की जरूरत है। मैं जेहनी तौर पर बढ़िया स्थिति में हूं।मुझे शुरू के दस रन को पार करने की जरूरत है। मुझे खुल कर बल्लेबाजी करने की जरूरत है। हमें फिर से अपनी रणनीति पर विचार करना होगा।

### हमारी सलामी जोड़ी अब तक टूर्नामेंट में जूझती नजर आई : अजिंक्य रहाणे

199 रन के लक्ष्य का पीछा किया जा सकता था। हमने गेंद के साथ बढ़िया वापसी की। आप सलामी जोड़ी से अच्छे आगाज की उम्मीद करते है और हमारी सलामी जोड़ी ही अब तक टूर्नामेंट मे जूझती नजर आई। हमें जल्दी सबक लेकर आगे बढ़ना होगा। पिच कुछ धीमी थी पर जब हम गेंदबाजी कर रहे थे तो हमें लगा था इस पर 210 या 200 रन का स्कोर एक अच्छा स्कोर होगा।हमें सलामी जोड़ी से अच्छी शुरुआत की की उम्मीद है।गेंदबाजों से कोई शिकायत ही है। सभी मेहनत कर रहे हैं। इस फॉर्मेट में बतौर बल्लेबाज बहादुरी दिखाने की जरूरत होती है। आप अतीत के बारे में बहुत ज्यादा नहीं सोच सकते हैं। आपको गलतियों से सबक लेकर आगे बढ़ना होता है और बाउंड्री जड़ने के बारे में सोचता होगा। हमारे रा मध्यकर्म में उत्कृष्ट बल्लेबाज हैं। आपको बहादुर दिखानी होगी। अंग कृष अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# कोहली के शानदार प्रदर्शन से आरसीबी को थोड़ा बेहतर स्कोर बनाने में मदद मिली : बांगर



■ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, कोहली ने मौजूदा सत्र का अपना पांचवां अर्द्धशतक लगाया

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व मुख्य कोच संजय बांगर ने कहा कि विराट कोहली ने जिस तरह से 70 रनों की पारी खेली, उससे टीम को थोड़ा बेहतर स्कोर बनाने में मदद मिली और अंततः राजस्थान रॉयल्स पर 11 रनों की जीत मिली। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, कोहली ने मौजूदा सत्र का अपना पांचवां अर्द्धशतक लगाया, जबकि देवदत्त पडिक्कल के साथ 95 रनों की साझेदारी की, जिन्होंने भी अर्द्धशतक लगाया, जिससे आरसीबी ने 205/5 का स्कोर बनाया। जवाब में जोश हेजलवुड के 4-33 की शानदार गेंदबाजी और स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत आरसीबी ने आईपीएल 2025 में अपनी पहली घरेलू जीत दर्ज की। बांगर ने जियोस्टार पर कहा कि यह विराट कोहली की खासियत थी। कुछ कम स्कोर के बाद, वह अपनी डिफाल्ट शैली में लौट आए- जोखिम रहित क्रिकेट, धैर्यपूर्वक पारी का निर्माण। एक बार जब खेल सेट हो गया, तो उन्होंने आक्रामक शॉट्स के साथ शुरुआत की। मुख्य बात यह थी कि उन्होंने पहले 7-8 ओवर कैसे संभाले और न केवल अपने साथी को, बल्कि डगआउट को भी आश्वस्त किया। जिस तरह से उन्होंने पारी को आगे बढ़ाया, उससे आरसीबी को थोड़ा बेहतर स्कोर बनाने में मदद मिली। बांगर, जिन्होंने भारत के बल्लेबाजी कोच के रूप में भी काम किया, ने प्रमुख सामरिक त्रुटियों और लापरवाह शॉट चयन की ओर भी इशारा किया, जिसके कारण आरआर लगातार तीसरी बार रन-चेज में फंस गया।

### आरसीबी के हिट प्रदर्शन में 'सुपरहिट' रही है विराट कोहली की परफॉरमेंस

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। विराट कोहली के बल्ले से सीजन में काफी रन निकल रहे हैं, तो बाकी खिलाड़ियों ने भी अहम मौकों पर अपनी भूमिका अदा की है। इतने बेहतर प्रदर्शन के बावजूद आरसीबी के लिए यह अपने घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी पर इस सीजन की पहली जीत थी। आईपीएल 2025 में यह इस मैदान पर आरसीबी का चौथा मैच था, जिसमें उन्होंने गुजरात टाइटंस, दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के हाथों मात खाई। इसके बाद माना जाने लगा था कि आरसीबी अपने घरेलू मैदान की पिच को ही समझ नहीं पा रही है। ऐसे में गुरुवार रात को मिली जीत और भी खास हो जाती है। इस मैच में आरसीबी ने आरआर को 11 रनों से मात दी। हालांकि, एम चिन्नास्वामी में आरसीबी के लिए फिलहाल एक चीज अभी तक नहीं बदली है। यह है कप्तान रजत पाटीदार का आईपीएल 2025 में इस मैदान पर लगातार टॉस हारना। इस बार भी पाटीदार ने टॉस हारा। इस तरह से आरसीबी इस सीजन में अपने घरेलू मैदान पर लगातार चौथी बार टॉस हार चुकी है। विराट कोहली की बल्लेबाजी आरसीबी के लिए सबसे खास बात रही है। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने गजब की फॉर्म का परिचय दिया है और उनकी बैटिंग पर उनकी टीम की जीत बहुत निर्भर कर रही है। आरसीबी ने जिन मैचों में आईपीएल 2025 में जीत दर्ज की है, उनमें कोहली ने पांच अर्धशतक लगाए हैं। तीन मौकों पर वह नाबाद रहे हैं।

# पहलगाम हमले के बाद पाक हॉकी टीम का एशिया कप दौरा खतरे में



■ 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में खेले जाने वाले आठ टीमों के पुरुष एशिया कप में पाकिस्तान भी शामिल

**मुंबई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद, इस साल बाद में राजगीर में होने वाले एशिया कप के लिए पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम का भारत दौरा बढ़ते तनाव के मद्देनजर संदेह के घेरे में है। भारत ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों पर किए गए हमले का जवाब देते हुए सभी पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए वीजा रद्द कर दिए हैं। यूरोप स्थित वेबसाइट टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस कदम से अगस्त में एशिया कप के लिए पाकिस्तान हॉकी टीम के भारत दौरे को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। 27 अगस्त से 7 सितंबर तक बिहार के राजगीर में खेले जाने वाले आठ टीमों के पुरुष एशिया कप में पाकिस्तान भी शामिल है। हमले से नाराज कई प्रमुख भारतीयों ने सरकार से पाकिस्तान के साथ सभी संबंध खत्म करने को कहा है - जिसमें खेल संबंध भी शामिल हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इससे पाकिस्तान में भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान हॉकी टीम को एशिया कप के लिए भारत दौरे की अनुमति दिए जाने पर संदेह पैदा हो गया है। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के महासचिव राणा मुजाहिद हाल के घटनाक्रमों के बाद एशिया कप के लिए टीम के भारत दौरे को लेकर बहुत आशावादी नहीं हैं।

# एनसी क्लासिक में नदीम को आमंत्रित करने पर मुझे नफरत और गाली मिल रही है : नीरज




■ यह आयोजन 24 मई को बेंगलुरु के श्री कांतिरावा स्टेडियम में होना है

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। दो बार ओलंपिक में पदक जीत चुके नीरज चोपड़ा ने दुख जताया है कि कुछ लोगों ने उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाए हैं। यह विवाद इसलिए हुआ क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान के खिलाड़ी अरशद नदीम को 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' प्रतियोगिता में बुलाया था। यह आयोजन 24 मई को बेंगलुरु के श्री कांतिरावा स्टेडियम में होना है। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चले जाने के बाद यह विवाद और बढ़ गया। नीरज ने कहा कि उन्हें और उनके परिवार को प्रतियोगिता के लिए अरशद को आमंत्रित करने पर कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा है। नीरज ने बताया कि अरशद को निमंत्रण हमले से पहले भेजा गया था, और इसका मकसद केवल यही था कि दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों को भारत लाया जाए। क्योंकि अरशद ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं, इसलिए उन्हें बुलाया गया था। लेकिन अब, इस हमले के बाद, अरशद का आना पूरी तरह से रद्द कर दिया गया है। नीरज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि मैं ज्यादा बोलने वाला व्यक्ति नहीं हूं, लेकिन इसका अर्थ नहीं है कि मैं तब भी नहीं बोलूंगा जब मुझे लगता है कुछ गलत हो रहा है। खासकर जब बात देश के प्रति मेरे प्रेम और मेरे परिवार की इज्जत पर आती है, तो मैं चुप नहीं रह सकता। अरशद को बुलाने के मेरे फैसले पर बहुत नफरत और गालियां मिल रही हैं, यहां तक कि मेरे परिवार को भी निशाना बनाया गया। यह आमंत्रण एक खिलाड़ी की तरफ से दूसरे खिलाड़ी को दिया गया था। इसमें न कोई राजनीति थी, न कोई निजी लाभ। एनसी क्लासिक का उद्देश्य भारत में सर्वश्रेष्ठ एथलीटों को लाना और हमारे देश को विश्व स्तरीय खेल आयोजनों को होस्ट करना था।

## सार संक्षेप

### यूपी स्टेट सब जूनियर कराटे में लखनऊ ने जमाई धाक

**लखनऊ।** मेजबान लखनऊ के खिलाड़ियों ने यूपी स्टेट सब जूनियर, कैडेट, जूनियर कराटे चैंपियनशिप-225 के पहले दिन पांच स्वर्ण पदक जीतकर अपनी धाक जमाई। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ द्वारा चौक स्टेडियम स्थित लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप में पहले दिन लखनऊ के खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य सहित 1 पदक अपने नाम किए। गौतमबुद्ध नगर ने भी 2 स्वर्ण, 3 रजत व 5 कांस्य पदक सहित 1 पदक जीतकर मेजबान को कांटे की टक्कर दी। दूसरी ओर वाराणसी ने 2 स्वर्ण सहित 13 पदक और गाजियाबाद ने 2 स्वर्ण सहित 9 पदकों के साथ दमदार प्रदर्शन किया। लखनऊ के लिए विवान आहूजा ने जूनियर बालक काता, भावनी शर्मा ने जूनियर बालिका काता, श्रेष्ठ श्रीवास्तव ने कैडेट बालक काता और ईशान्या पाण्डेय ने जूनियर बालिका कुमिते के 42 किग्रा से कम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। वहीं लखनऊ को जूनियर बालक टीम काता में भी पहला स्थान मिला।

### चोटिल पाउला बडोसा ने मैड्रिड ओपन से नाम लिया वापस

**मैड्रिड।** स्पेन की महिला टेनिस स्टार पाउला बडोसा ने पीठ की चोट के कारण मैड्रिड ओपन से अपना नाम वापस ले लिया हैं। पाउला बडोसा का शुक्रवार को मैड्रिड ओपन से नाम वापस लेने की घोषणा करना स्पेन के टेनिस प्रशंसकों के लिये यह दोहरा झटका है। इससे पहले विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज कमर की चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। बडोसा ने आज सोशल मीडिया मंच पर टूर्नामेंट से वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा कि सभी को नमस्कार, मैं आपको बताना चाहती हूँ कि दुर्भाग्य से मैं मैड्रिड ओपन में भाग नहीं ले पाऊँगी। मैंने आखिरी मिनट तक हर संभव प्रयास किया। आप जानते हैं कि मुझे घर पर खेलना पसंद है, लेकिन चोट के कारण मुझे परेशानी हो रही है।

# ऑस्ट्रेलिया दौरा हमारे लिए मैच अनुभव हासिल करने का शानदार अवसर : सलीमा टेटे




■ दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी

■ इस दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने 26 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है

**पर्थ,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। एक महीने लंबे सीनियर नेशनल ट्रेनिंग कैंप के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से 4 मई तक ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर पांच मुकाबले खेलेगी। दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम के खिलाफ दो मुकाबलों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में विश्व की पांचवें स्थान पर काबिज ऑस्ट्रेलियाई सीनियर महिला टीम के साथ तीन मैच खेले जाएंगे। भारतीय टीम ने हाल ही में एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) में घरेलू मैदान पर भाग लिया था, जहां उन्होंने दो जीत और एक शूटआउट जीत हासिल की। टूर्नामेंट के अंत में टीम ने विश्व की नंबर एक टीम नीदरलैंड्स के खिलाफ 2-2 की बराबरी के बाद शूटआउट में बोनस अंक हासिल कर शानदार समापन किया। इस दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने 26 खिलाड़ियों की टीम घोषित की है। सलीमा टेटे टीम की कप्तान होंगी और नवनीत कौर उपकप्तान के रूप में उनका साथ देंगी। युवा ड्रैग-फ्लिकर दीपिका, जिन्होंने फरवरी में प्रो लीग में तीन गोल किए थे, अपनी अच्छी फॉर्म को बनाए रखने के लिए तैयार हैं। अनुभवी गोलकीपर सविता इस दौरे पर भी टीम के डिफेंस की अगुवाई करेंगी, जिन्होंने हाल ही में 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए हैं। इस टीम में पांच नए चेहरे- ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे शामिल किए गए हैं, जो इस दौरे पर पहली बार सीनियर टीम के लिए खेल सकती हैं। यह दौरा इन युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने और उच्च स्तर की हॉकी के दबाव को समझने का अच्छा अवसर है। सीरीज से पहले कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि हम पर्थ पहुंचकर बहुत उत्साहित हैं।

# बिहार ने 12वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला रग्बी 7 चैंपियनशिप में जीता खिताब




■ महाराष्ट्र ने दिल्ली को 14-5 से हराकर अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा

**गुवाहाटी,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार ने गत चैंपियन ओडिशा को 21-12 से हराकर 12वीं सीनियर राष्ट्रीय रग्बी 7 चैंपियनशिप (महिला) का खिताब अपने नाम कर लिया। यह बिहार का दूसरा राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिताब है, इससे पहले उसने 2022 में घरेलू मैदान पर यह खिताब जीता था। कांस्य पदक के लिए भी मुकाबला काफी करीबी रहा, जिसमें महाराष्ट्र ने दिल्ली को 14-5 से हराकर अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा।

ओडिशा की सुनीता हंसदा 13 प्रयासों के साथ प्रतियोगिता में शीर्ष स्कोरर बनीं, जबकि बिहार की अंशु कुमारी और आरती कुमारी 12 प्रयासों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की प्रतियोगिता के समापन पर बोलते हुए, भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि 12वें सीनियर नेशनल्स में टीमों के बीच कुछ जबरदस्त मुकाबले देखने को मिले और यह पिछले कुछ वर्षों में देश में महिला रग्बी की प्रगति का प्रमाण है। 24 राज्यों की सभी टीमें जिन्होंने भाग लिया, मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रशंसा की पात्र हैं।

सभी पदक विजेताओं और विशेष रूप से बिहार को अपनी दूसरी राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने पर बहुत-बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि बिहार ने महिला रग्बी में जो प्रगति की है, वह किसी भी आने वाले राज्य के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। बोस ने प्रतियोगिता की मेजबानी में दिए गए व्यापक सहयोग के लिए असम सरकार को भी धन्यवाद दिया।

# कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण : चीमा ने दूसरे दिन 64 का शानदार कार्ड खेला

■ अभिनव के शानदार राउंड ने उन्हें रात भर के चौथे स्थान से दो स्थान ऊपर पहुंचा दिया




**बेंगलुरु,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। चंडीगढ़ के अंगद चीमा ने बेंगलुरू के प्रेस्टीज गोल्फशायर क्लब में खेले जा रहे 2 करोड़ रुपये के कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण 2025 गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में शुक्रवार को आठ अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाकर एक शॉट की बढ़त हासिल कर ली है। पहले राउंड के बाद चौथे स्थान पर चल रहे अंगद (66-64) ने दूसरे राउंड में अपने शानदार प्रदर्शन के कारण तीन स्थान का सुधार किया। फरीदाबाद के अभिनव लोहान (66-65) ने दूसरे दिन 65 का शानदार स्कोर बनाकर 13 अंडर 131 के साथ दूसरे स्थान पर दिन का अंत किया। अभिनव के शानदार राउंड ने उन्हें रात भर के चौथे स्थान से दो स्थान ऊपर पहुंचा दिया। खलिन जोशी (65-67) ने 67 का स्कोर बनाया और एक स्ट्रोक पीछे तीसरे स्थान पर रहे। ग्रेटर नोएडा के सप्तक तलवार (70-63), जो इस साल पीजीटीआई में विजेता हैं, ने शुक्रवार को 10 बर्डी और एक बोगी मारी और राउंड वन में गौरव प्रताप सिंह द्वारा बनाए गए 63 के कोर्स रिकॉर्ड की बराबरी की।

इस तरह सप्तक 19 पायदान ऊपर चढ़कर 11-अंडर 133 के साथ चौथे स्थान पर रहे। 20 वर्षीय हिताशी बख्शी (69-65) ने दूसरे दिन त्रुटि-रहित 65 का स्कोर बनाया और महिला पेशेवरों में सर्वोच्च स्थान पर रहीं, क्योंकि वह 10-अंडर 134 के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। अंगद चीमा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रंट नाइन पर बढ़त बनाई, जहां उन्होंने छह बर्डी लगाईं। चीमा, जिन्होंने शुक्रवार को रेगुलेशन में 17 ग्रीन बनाए थे, ने इसके बाद बैक नाइन पर दो और बर्डी लगाईं। अंगद ने छठे होल पर बर्डी के लिए चिप इन किया, 10 से 20 फीट की रेंज से तीन बर्डी ड्रेन की, और दो बर्डी सेट करने के लिए पांच फीट के भीतर लैंड किया। यह टूर्नामेंट प्रोफेशनल चैंपियनशिप को रोमांचक प्रो-एम घटक के साथ जोड़ता है, जो पेशेवरों और एमेच्योर को गतिशील और आकर्षक तरीके से एक साथ लाता है। तीन दिवसीय, 54-होल चैंपियनशिप में 60 पुरुष और 12 महिला पेशेवर एक ही पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस आयोजन में रोटेशनल प्रारूप में तीन प्रो-एम राउंड भी होंगे, जिसमें 48 पेशेवर सुबह में टी-ऑफ करेंगे, जबकि शेष 24 दोपहर के सत्र में 72 एमेच्योर के साथ जोड़ी बनाएंगे।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.104 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.657 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 10 | +0.482 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 9 | 5 | 4 | 10 | +0. 673 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.054 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 8 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.625 |
| 9- | सनराइजर्स हैदराबाद | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.361 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.392 |

# [अर्थ जगत]

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.60 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.36 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.60 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 0.46 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.32 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 3.61 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 3.48 प्रतिशत |
| इटरनल | 3.41 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.85 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 2.56 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,00,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,00,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# सीएनजी स्टेशनों की संख्या में 930 प्रतिशत की वृद्धि : हरदीप पुरी

- 10 वर्षों में पीएनजी का इस्तेमाल 5 गुना बढ़ा
- एलपीजी कनेक्शन दोगुने से अधिक हो गए



**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को बताया कि पिछले 10 वर्षों में देश में वाहनों के लिए ग्रीन फ्यूल उपलब्ध कराने वाले सीएनजी स्टेशनों की संख्या में 930 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी के साथ पाइप से रसोई गैस का इस्तेमाल करने वाले घरों की संख्या में 5 गुना वृद्धि दर्ज की गई है और एलपीजी कनेक्शन दोगुने से अधिक हो गए हैं। यह न केवल लोगों की जीवनशैली में सुधार को दर्शाता है, बल्कि स्वच्छ ईंधन के साथ स्वस्थ भारत की यात्रा में तेजी को भी दर्शाता है।

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 10 वर्षों में सीएनजी स्टेशनों में 930 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, पीएनजी कनेक्शन में 467 प्रतिशत की वृद्धि और एलपीजी कनेक्शन में 128 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने आगे लिखा कि ये केवल आंकड़े नहीं हैं, ये हमारे संकल्प के मार्ग में उपलब्धि को दर्शाते हैं। ये बताते हैं कि नई सोच, सच्चे इरादे और कड़ी मेहनत से बड़े बदलाव संभव हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लोगों को सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ ये आंकड़े स्वच्छ ईंधन से स्वस्थ भारत की यात्रा को गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों ने विकसित भारत की नींव को मजबूत किया है, जिस पर विकसित भारत की भव्य इमारत का निर्माण शुरू हो गया है। पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएनजीआरबी) की इस महीने की शुरुआत में जारी एक स्टडी के अनुसार, भारत की प्राकृतिक गैस की खपत 2030 तक लगभग 60 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है, क्योंकि देश, तेल आयात पर निर्भरता कम करना चाहता है और वाहन चलाने, घरेलू रसोई में खाना पकाने और औद्योगिक इस्तेमाल के लिए स्वच्छ ईंधन पर स्विच करना चाहता है। पीएनजीआरबी ने पहले ही 307 भौगोलिक क्षेत्रों में गैस इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास किया है, जो द्वीपों को छोड़कर पूरे देश को कवर करता है।

रिपोर्ट के अनुसार सिटी गैस डिस्ट्रिब्यूशन (सीजीडी) सेक्टर के सबसे आगे बने रहने की उम्मीद है।

## केयर्न ने केजी बेसिन में अन्वेषण के लिए ईएमजीएस के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** तेल एवं गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी केयर्न ऑयल एंड गैस ने कृष्णा-गोदावरी (केजी) बेसिन में गहरे पानी में हाइड्रोकार्बन की खोज के लिए नॉर्वे की इलेक्ट्रोमैग्नेटिक जियोसर्विसेज़ (ईएमजीएस) के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि यह साझेदारी केयर्न के पूर्वी तट स्थित अपतटीय ब्लॉक केजीडीडब्ल्यूएचपी-2017/1 में 3डी कंट्रोल्ड सोर्स इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सर्वेक्षण कराने के लिए की गई है। यह तकनीक उपसतही प्रतिरोधकता को मैप करके हाइड्रोकार्बन की पहचान की सटीकता बढ़ाने में मदद करती है। ईएमजीएस का पोत 'अटलांटिक गार्जियन' इस समय डीप ब्लू स्रोत प्रणाली का उपयोग करके सर्वेक्षण के लिए डेटा एकत्र कर रहा है। यह डेटा हाल ही में पुनः संसाधित 3डी भूकंपीय (सीस्मिक) डेटा के साथ मिलाकर केजी ब्लॉक में संभावनाओं की पहचान करने, उन्हें प्राथमिकता देने और उपसतही मॉडल को और अधिक सटीक बनाने में मदद करेगा। यह प्रक्रिया अन्वेषण जोखिम को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## गुजरात ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में पाई सफलता




- मार्च, 2025 के लिए राज्य की मुद्रास्फीति दर 2.63 फीसदी रही

**गांधीनगर,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात ने तेज आर्थिक विकास के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है।

सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि दुनियाभर के देशों के लिए जब महंगाई एक बहुत ही बड़ी समस्या बनी हुई है, तब भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात ने तेज आर्थिक विकास के साथ मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। केन्द्र सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित गुजरात की वार्षिक खुदरा मुद्रास्फीति दर केवल 2.63 प्रतिशत रही है, जो राष्ट्रीय औसत 3.34 प्रतिशत की तुलना में उल्लेखनीय रूप से लगभग 0.71 प्रतिशत कम है। यह दर कई बड़े और विकसित राज्यों की तुलना में भी कम है। उन्होंने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में राज्य सरकार 'विजन विकसित गुजरात का, मिशन जन कल्याण का' की प्रतिबद्धता के साथ राज्य के आधुनिक विकास के साथ ही, लोगों के जीवन को आसान बनाने की दिशा में भी कार्य कर रही है। एक ओर जहां सरकार विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नए उभरते क्षेत्रों के लिए नई नीतियां बना रही है, वहीं दूसरी ओर नागरिकों के रोजमर्रा के जीवन की आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को स्थिर करने के लिए भी विशेष प्रयास कर रही है।

## फिच रेटिंग्स ने एनक्यूएक्सटी के अधिग्रहण को सकारात्मक माना




**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। फिच रेटिंग्स ने अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के ऑस्ट्रेलिया में नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल के अधिग्रहण को क्रेडिट न्यूट्रल बताया है। अमेरिकी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने इसके सकारात्मक रणनीतिक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला।

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी का मानना है कि यह अधिग्रहण एपीएसईजेड के अंतरराष्ट्रीय विविधीकरण के प्रयासों को बल देगा, जो कंपनी के लिए एक प्रमुख दीर्घकालिक लक्ष्य है। इस अधिग्रहण की जानकारी 17 अप्रैल, 2025 को दी गई थी। अधिग्रहण के तहत एपीएसईजेड, नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिनल (एनक्यूएक्सटी) के मौजूदा शेयरधारकों को नए इक्विटी शेयर जारी करेगा, जो एपीएसईजेड के समान ही प्रमोटर समूह से जुड़ा है। यह सौदा विनियामक और शेयरधारक अप्रूवल के अधीन है।

फिच को उम्मीद है कि अधिग्रहण से एपीएसईजेड की वित्तीय स्थिरता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और इसका ग्रॉस लेवरेज वित्त वर्ष 2026 से वित्त वर्ष 2029 में लगभग 3 गुना रहने का अनुमान है। इस लेन-देन से कंपनी के वैश्विक ईबीआईटीडीए योगदान में 4 प्रतिशत से 10 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में इस्पात क्षेत्र की भूमिका' पर चर्चा अयोजित



- इंडिया स्टील 2025 भारतीय इस्पात क्षेत्र में संभावनाओं व चुनौतियों का पता लगाएगा

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। इस्पात मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम 'इंडिया स्टील 2025' में विभिन्न हितधारकों को भारतीय इस्पात क्षेत्र में मौजूद संभावनाओं, चुनौतियों और अवसरों का पता लगाने के लिए एक मंच पर लाया गया है। यह कार्यक्रम मुंबई में 24 - 26 अप्रैल तक आयोजित किया गया है।

उद्घाटन सत्र को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को एक वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया, जिसमें उन्होंने घरेलू इस्पात उत्पादन को बढ़ाने, कार्बन उत्सर्जन को कम करने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए भारत की रणनीतिक दृष्टि पर जोर दिया। मंत्रालय के अनुसार, दिन के दौरान कई महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। 'विकसित भारत भारतीय अर्थव्यवस्था में इस्पात क्षेत्र की भूमिका' पर सत्र में वरिष्ठ नीति निर्माताओं, अर्थशास्त्रियों और उद्योग जगत के नेताओं के एक उच्च स्तरीय पैनल ने भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को साकार करने में इस्पात की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। सीईओ राउंड टेबल की अध्यक्षता इस्पात और भारी उद्योग मंत्रालय के राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने की, जिसमें भारतीय इस्पात क्षेत्र के लिए मौजूदा चुनौतियों और विकास पर चर्चा की गई। इंडिया-रूस राउंडटेबल दोनों देशों के प्रमुख हितधारकों के बीच द्विपक्षीय जुड़ाव के लिए एक रणनीतिक मंच रहा। यह चर्चा, इस्पात और खनन क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने, संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा देने और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और व्यापार सुविधा के लिए नए रास्ते तलाशने पर केंद्रित थी।

## सार संक्षेप

### एर्गन लैब्स व ओएसपीएल ने की रणनीतिक साझेदारी

**नई दिल्ली।** हल्के इलेक्ट्रिक व्हीकल पावरट्रेन टेक्नोलॉजी क्षेत्र की कंपनी एर्गन लैब्स ने आज ओमेगा सिकी प्राइवेट लिमिटेड (ओएसपीएल) के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। दोनों कंपनियों ने यहां जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत ओएसपीएल एर्गन की अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड पावर कन्वर्टर (आईपीसी) टेक्नोलॉजी को अपनाने वाला पहला ओईएम होगा, जिसकी शुरुआत एल5 सेगमेंट के इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स से की जाएगी। इस सहयोग को और मजबूत करते हुए, ओमेगा सिकी ने एर्गन की आईपीसी टेक्नोलॉजी के लिए 5 करोड़ रुपए का ऑर्डर दिया है। आईपीसी ऑन-बोर्ड चार्जर और मोटर कंट्रोलर को एक कॉम्पैक्ट यूनिट में एकीकृत करती है, जिससे इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर्स के लिए अभूतपूर्व प्रदर्शन, विश्वसनीयता और चार्जिंग सुविधा मिलती है।


### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ोतरी लेकर 686.1 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 686.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.6 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 677.8 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.52 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 578.5 अरब डॉलर पर पहुंच गई। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 4.6 अरब डॉलर उछलकर 84.6 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 21.2 करोड़ डॉलर की तेजी लेकर 18.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 7 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले बढ़कर 4.5 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

### मारुति का मुनाफा 1.4 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 3952.3 करोड़ रुपये के मुकाबले 1.4 प्रतिशत की गिरावट लेकर 3911.1 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि यहां बताया कि वित्त वर्ष 224-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसे 3911.1 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 223-24 की चौथी तिमाही के 3952.3 करोड़ रुपए से 1.4 प्रतिशत कम है। वहीं, आलोच्य अवधि में उसकी कुल आय में सात प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

# बाजार में लगातार दूसरे दिन बिकवाली का दबाव




- सेंसेक्स 588.90 अंक टूटकर 79212.53 अंक पर रहा
- निफ्टी 207.35 अंक फिसलकर 24039.35 अंक पर बंद

**मुंबई,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुये आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच बने तनावपूर्ण स्थिति के बीच शेयर बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बिकवाली का दबाव देखा गया। इस दौरान बीएसई का सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी लाल निशान में बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 588.90 अंक टूटकर 79212.53 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 207.35 अंक फिसलकर 24039.35 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी और मझौली कंपनियों में दिग्गज कंपनियों की तुलना में अधिक बिकवाली देखी गयी जिससे बीएसई का मिडकैप 2.44 प्रतिशत लुढ़ककर 42528.71 अंक पर और स्मॉलकैप 2.56 प्रतिशत उतरकर 48005.62 अंक पर रहा।

बीएसई में शामिल समूहों में आईटी 0.22 प्रतिशत और आईटी फोक्सड 0.63 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर सभी समूहों में बिकवाली देखी गई। इस दौरान सर्विसेज में सबसे अधिक 3.11 प्रतिशत की गिरावट रही। बीएसई में शामिल कंपनियों में से 4084 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 3241 लाल निशान में और 723 हरे निशान में रही जबकि 120 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर उतार चढ़ाव के बीच चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.07 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख सूचकांक हरे निशान में रहे।

इस दौरान जापान का निक्केई 1.90 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.82 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.32 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

बीएसई का सेंसेक्स 29 अंकों की बढ़त के साथ 79830.15 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में यह 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करते हुए 80130.66 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान बिकवाली शुरू होने के कारण यह 78605.81 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले दिवस के 79801.43 अंक की तुलना में 0.74 प्रतिशत अर्थात 588.90अंक गिरकर 79212.53 अंक पर रहा।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से मात्र 7 कंपनियां ही हरे निशान में रह पायी जबकि शेष 23 कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ा।

एनएसई का निफ्टी 43 अंकों की बढ़त के साथ 24289 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 24365.45 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान बिकवाली शुरू होने से यह 23847.85 अंक के निचले स्तर तक उतरा।

अंत में यह पिछले दिवस के 24246.70 अंक की तुलना में 0.86 प्रतिशत अर्थात 207.35 अंक गिरकर 24039.35 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 41 को नुकसान हुआ जबकि उतार चढ़ाव के बाद नौ कंपनियां हरे निशान में रही।

## एयरटेल ने लांच की भारत की पहली अनलिमिटेड इंटरनेशनल रोमिंग प्लान

**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर संचार समाधान प्रदाता कंपनी भारती एयरटेल ने अंतरराष्ट्रीय यात्राओं को पहले से कहीं अधिक सरल, किफायती और निर्बाध बनाने के लिए इंटरनेशनल रोमिंग (आईआर) से जुड़ी नई योजनाओं की घोषणा की है।

कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि उसने भारत की पहली ऐसी आईआर योजनाएं पेश की हैं जो 189 देशों में असीमित डेटा उपलब्ध कराती हैं। उसका दावा है कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय रोमिंग को लेकर ग्राहकों के अनुभव में जबरदस्त बदलाव लाएगा।

इन नई योजनाओं में सबसे खास है एक साल की वैधता वाला 4000 रुपए का रिचार्ज प्लान, जिसे विशेष रूप से प्रवासी भारतीय (एनआरआई) और बार-बार यात्रा करने वालों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस प्लान में विदेश में पांच गीगाबाइट (जीबी) डेटा और 100 वॉयस मिनट शामिल हैं जबकि भारत में रहते हुए ग्राहक उसी प्लान के तहत 1.5 जीबी प्रतिदिन डेटा और अनलिमिटेड कॉल का लाभ उठा सकते हैं। इस सुविधा के जरिए ग्राहक बिना अलग-अलग रिचार्ज किए एक ही नंबर का उपयोग भारत और विदेश दोनों जगह कर सकते हैं।

सिद्धार्थ शर्मा ने इस मौके पर कहा कि हम अपने ग्राहकों के जीवन को सरल बनाने और उन्हें अधिक मूल्य प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। नए इंटरनेशनल रोमिंग प्लान न केवल पारदर्शी हैं बल्कि यात्रा के दौरान डेटा और वॉयस के इस्तेमाल की पूरी स्वतंत्रता भी देते हैं।

# खाद्य तेल सहित सभी जिंसों के भाव रहे स्थिर



**नई दिल्ली,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 10 रिंगिट बढ़कर 4145 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.96 सेंट की बढ़त लेकर 51.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# टीटागढ़-भेल ने शुरू की वंदे भारत स्लीपर का उत्पादन




- परियोजना में 35 वर्षों का दीर्घकालिक रखरखाव भी शामिल

**कोलकाता,** 25 अप्रैल (एजेंसियां)। देश की सेमी हाई-स्पीड ट्रेन वंदे भारत के स्लीपर संस्करण के निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएसएल) और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) ने शुक्रवार को उत्तरपारा स्थित टीआरएसएल की अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा में समर्पित उत्पादन लाइन का शुभारंभ किया।

इस उत्पादन लाइन का उद्घाटन टीआरएसएल और भेल के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ, जिनमें टीआरएसएल के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक उमेश चौधरी तथा भेल की निदेशक बानी वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

यह परियोजना टीआरएसएल और भेल के संयुक्त उपक्रम को भारतीय रेलवे द्वारा सौंपे गए उस अनुबंध का हिस्सा है, जिसके तहत 80 वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेटों का डिज़ाइन और निर्माण किया जाना है। करीब 24 हजार करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना में 35 वर्षों का दीर्घकालिक रखरखाव भी शामिल है। यह पहल प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियानों के अंतर्गत रेलवे क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है।

वंदे भारत स्लीपर संस्करण न केवल भारत की पहली लंबी दूरी की सेमी हाई-स्पीड ट्रेन होगी बल्कि यह पूरी तरह से स्वदेशी डिज़ाइन, अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं और उन्नत सुरक्षा मानकों से लैस होगी। स्मार्ट ऑनबोर्ड सिस्टम, ऊर्जा कुशल संचालन और आधुनिक कोच लेआउट के साथ यह ट्रेन देशभर के यात्रियों को इंटरसिटी यात्रा का एक नया अनुभव देने के लिए तैयार की जा रही है। टीआरएसएल के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक उमेश चौधरी ने कहा कि यह क्षण टीटागढ़ रेल सिस्टम और भेल दोनों के लिए गर्व का है। यह परियोजना दर्शाती है कि जब सार्वजनिक और निजी क्षेत्र एक साझा विजन के साथ मिलकर काम करते हैं तो आत्मनिर्भर भारत की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति संभव है। उल्लेखनीय है कि उत्तरपारा स्थित यह उत्पादन सुविधा देश में एकमात्र ऐसी साइट है, जहां एक ही छत के नीचे स्टेनलेस इस्पात और एल्यूमीनियम दोनों प्रकार के कोच बनाए जा सकते हैं। वर्तमान में इसकी वार्षिक निर्माण क्षमता 300 कोच है, जिसे बढ़ाकर 850 तक ले जाने की योजना है ताकि बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। यह सुविधा इंडस्ट्री 4.0 तकनीकों और रोबोटिक उत्पादन लाइनों से सुसज्जित है, जिससे भारत की रेल निर्माण क्षमताओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप विस्तार मिलेगा।

# सीबीआई ने रेलवे के सीई विशाल आंनद के साथ तीन अन्य को किया गिरफ्तार

### जब उनके परिवार के सदस्य ने 32 लाख रुपये की रिश्वत ली

### निजी ठेकेदारों और रेलवे अधिकारियों के बीच सांठगांठ का भंडाफोड़

**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के मुख्य अभियंता (सीई), विशाल आंनद उनके परिवार के सदस्य, एक निजी फर्म के प्रबंध निदेशक और उक्त निजी फर्म के कर्मचारी सहित 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुख्य अभियंता के उक्त परिवार के सदस्य ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में फर्म द्वारा निष्पादित अनुबंधों और कार्य आदेशों में फर्म का पक्ष लेने के बदले में एक निजी कंपनी के प्रतिनिधि से 32 लाख रुपये की रिश्वत ली थी।

सीबीआई ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें आईआरएसई-2000 अधिकारी वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के मुख्य अभियंता (सीई); एक निजी कंपनी; निजी कंपनी के आरोपी प्रबंध निदेशक; उक्त निजी कंपनी के कर्मचारी और अन्य अज्ञात शामिल थे।

यह आरोप लगाया गया था कि आरोपी विशाल आंनद मुख्य अभियंता (सीई), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर ने आरोपी फर्म से संबंधित सभी निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में फर्म द्वारा निष्पादित अनुबंधों और कार्य आदेशों में फर्म का पक्ष लेने के बदले में निजी ठेकेदार से रिश्वत राशि प्राप्त करने की भ्रष्ट गतिविधियों में लिप्त थे। यह भी आरोप लगाया गया था कि आरोपी सीई (आईआरएसई-2000 अधिकारी) ने अपने परिवार के सदस्य को रांची में उसकी ओर से रिश्वत राशि प्राप्त करने का निर्देश दिया था।

यह भी आरोप लगाया गया कि आरोपी निजी कंपनी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के लिए छोटे और बड़े पुलों, रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी), रेलवे अंडर ब्रिज (आरयूबी), क्षमता वृद्धि कार्य, ट्रैक लाइनिंग कार्य आदि के निर्माण सहित विभिन्न कार्य आदेशों को क्रियान्वित कर रही थी। निजी कंपनी के आरोपी प्रबंध निदेशक ने कथित तौर पर 21.04.2025 को अपने बेटे को सूचित किया कि आरोपी सीई के निर्देशानुसार, वह बिलासपुर में उसके कार्यालय में उससे मुलाकात करेगा। आरोपी सीई से मिलने के बाद, उक्त प्रबंध निदेशक ने अपने बेटे को बताया कि रिश्वत के पैसे की मात्रा तय हो गई है और उन्हें अपनी फर्म के पक्ष में लंबित मामलों को अंतिम रूप देने के लिए आरोपी सीई को 32 लाख रुपये (लगभग) देने होंगे। यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त निजी कंपनी के आरोपी प्रबंध निदेशक ने अपनी कंपनी के कर्मचारी को आरोपी सीई के पैतृक शहर रांची में आरोपी सीई के परिवार के सदस्य को 32 लाख रुपये की राशि देने का निर्देश दिया था। लोक सेवक ने कथित तौर पर उसके परिवार के सदस्य को सूचित किया था कि एक व्यक्ति रिश्वत के पैसे देने के लिए रांची आएगा।

सीबीआई ने आज यानि 25.04.2025 को जाल बिछाया और आरोपी सीई को उसके परिवार के सदस्य द्वारा आरोपी निजी फर्म से जुड़े अन्य आरोपियों से 32 लाख रुपये की रिश्वत लेने के बाद पकड़ा। रिश्वत की राशि सीबीआई टीम द्वारा सीई के परिवार के सदस्य के कब्जे से बरामद की गई। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर और रांची सहित कई स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। अब तक की तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और नकदी बरामद की गई है। जांच जारी है।

## रेलवे ठेकेदार झाझरिया कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के ठिकानों पर भी सीबीआई छापा

शुक्रवार को सीबीआई ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे से जुड़ी ठेकेदार कंपनी झाझरिया निर्माण लिमिटेड के ठिकानों पर छापेमारी की। यह कंपनी रेलवे के विभिन्न बड़े प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रही है।सीबीआई की करीब 8 से 10 अधिकारियों की टीम ने कंपनी के कार्यालय और संबंधित स्थानों पर दस्तावेज़ खंगाले। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की जांच के तहत की गई है। फिलहाल, छापेमारी जारी है और टीम कंपनी से जुड़े महत्त्वपूर्ण रिकॉर्ड जुटाने में लगी हुई है। मामले में और खुलासे होने की संभावना है।फिलहाल अभी जांच जारी है।




भारत माला प्रोजेक्ट गड़बड़ी मामला

## बिलासपुर में एसईबी-ईओडब्ल्यू की दबिश अतिरिक्त तहसीलदार के ठिकानों पर छापा



**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। बिलासपुर में एसीबी और ईओडब्ल्यू की संयुक्त टीम ने शुक्रवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त तहसीलदार लखेश्वर ध्रुव के निवास पर छापा मारा। करीब 6 से अधिक अधिकारियों की टीम ने एक साथ उनके घर पर दस्तक दी और दस्तावेजों की बारीकी से जांच शुरू की। सूत्रों के मुताबिक लखेश्वर ध्रुव पूर्व में रायपुर में नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ थे और वर्तमान में बिलासपुर में सेवाएं दे रहे हैं। टीम उनके कार्यकाल से जुड़े दस्तावेजों और संपत्ति से संबंधित रिकॉर्ड खंगाल रही है। इस छापेमारी से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है और माना जा रहा है कि यह कार्रवाई अवैध संपत्ति और भ्रष्टाचार की शिकायतों के आधार पर की जा रही है। फिलहाल जांच जारी है और एसीबी की टीम किसी भी संभावित सुराग की तलाश में गहनता से पड़ताल कर रही है।

## सार-संक्षेप



### सहकारी बैंक द्वारा कलेक्टर को दी गई बिदाई

**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला सहकारी बैंक प्रबंधन और कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में आज कलेक्टर एवं बैंक के प्राधिकृत अधिकारी श्री अवनीश शरण को भावभीनी बिदाई दी गई। बिदाई समारोह में बैंक के सीईओ श्री सुनील सोढ़ी द्वारा कलेक्टर के कार्यकाल में बैंक में हुई प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया साथ ही शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री शरण ने बैंक के उज्वल भविष्य की कामना कर सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी श्री आशीष दुबे के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कर्मचारी संघ के द्वारा भी स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर, उप पंजीयक श्रीमती मंजू पांडेय, अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक श्री शशांक शेखर दुबे, नोडल अधिकारी श्री आशीष दुबे, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष श्री भागवत यादव, प्रकाश शर्मा, शरद शर्मा, राजकिशोरी इक्का, अश्वनी पांडेय, देवेंद्र शुक्ला, किशोर चंद्राकर, अभिषेक शर्मा अनुभा मसीह, नेहा निकम, राजेश पाठक, सुशील चन्द्राकर एवं बैंक के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### रासेयो चित्रकारों ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन गाथा को चित्रित किया



**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की त्रि शताब्दी जयंती के अवसर पर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन बुढेश्वर मंदिर बूढ़ा तालाब रायपुर में किया गया । इस कार्यशाला में चित्रनिर्माण सामग्री कैनवास , कलर , ब्रश तथा पेलट, दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर , संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एससीजेडसीसी के सौजन्य से प्राप्त हुई । भारतीय इतिहास की कुशल शासिका पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के समाज सेवी कार्यो को उद्धृत करने हेतु एवं उनके विशाल व्यक्तित्व से प्रदेश एवं देश के समस्त नागरिकों को प्रेरणा प्राप्त हो इस उद्देश्य से चित्रमाला का निर्माण किया गया । इसकी पूर्व तैयारी के रूप में बिलासपुर के वरिष्ठ चित्रकार श्री दिलीप पात्रिकर एवं संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के प्रांतीय महामंत्री श्री हेमन्त माहुलीकर कोरबा ने उनकी जीवनी का अध्ययन कर 55 प्रसंग निर्धारित किये । तत्पश्चात चित्रकला संयोजक चंद्रशेखर देवांगन बिलासपुर , सहसंयोजक भोजराज धनगर रायपुर और वरिष्ठ चित्रकार श्री मनोज श्रीवास्तव रायगढ़ के साथ इन विषयों पर विस्तृत चर्चा कर इसे अंतिम रूप प्रदान किया गया । संस्कार भारती छत्तीसगढ़ की ओर से दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर के निदेशक श्रीमती आस्था कारलेकर को प्रस्ताव दिया गया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुए संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के नियमों के तहत सामग्री उपलब्ध कराने की सहमति प्रदान की ।

### दिनदहाड़े युवती से मारपीट और पैसे की लूट

**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है।जहां पर शहर के तारबाहर थाना क्षेत्र में एक युवती से मारपीट और पैसे की लूटपाट का मामला सामने आया है।

इस घटना के सामने आने के बाद शहर की कानून व्यवस्था पर एक सवालिया निशान लगा दिया।बताया जा रहा की यह घटना 12 खोली रेलवे स्टेशन रोड की है। जहां चार बदमाश बाइक में सवार होकर दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिए और घटना के बाद फरार हो गए।वही पुलिस शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पता तलाश में जुट गई है।आपको बताते चले कि सिरगिट्टी की रहने वाली युवती वह अपने घर से सत्रह हजार रुपये लेकर व्यापार विहार स्थित स्टेट बैंक में जमा करने जा रही थी। इसी दौरान वह थान तारबाहर क्षेत्र के बारह खोली के पास पहुंची थी कि अचानक ब्लैक कलर की बाइक में सवार चार युवक पहुंचे और युवती से उससे पैसे छीनने की कोशिश करने लगे। जब युवती ने विरोध किया तो एक युवक ने उसके सिर और कंधे पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसके कपड़े भी फाड़ दिए और पैसे लेकर फरार हो गए।

## महाराणा प्रताप चौक स्थित बार के कंपाउंड में लगी आग

### दमकल की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। शुक्रवार की सुबह व्यापार विहार के ड्राई फरूट दुकान में लगी भीषण आग के बाद दोपहर के वक्त महाराणा प्रताप चौक स्थित एक बार के कंपाउंड में भी भीषण आग लग गई क्योंकि कंपाउंड के बगल में सूखे पेड़ पौधों की पत्तियां मौजूद है लिहाजा भीषण गर्मी की वजह से ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इन पत्तियों में आग लगने की वजह से यह भयावह घटना हुई पत्तियों में आग लगने के बाद बाहर के कंपाउंड में मौजूद अस्थाई स्टोर रूम में या आप फैल गई और देखते ही देखते इसने भयावा रूप ले लिया इसके बाद इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई ।

इसके बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया मौजूदा समय में लगातार बढ़ते तापमान की वजह से आगजनी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है ऐसे में जिला प्रशासन को भी ऐसे क्षेत्रों पर ध्यान देना होगा और यहां व्यवस्था करनी होगी ताकि इस तरह से अग्नि की घटना सामने ना आए।



सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नमाज!

## सनातन धर्मावलंबियों ने विरोध में दिया धरना

**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर में एन एन एस शिविर के दौरान धार्मिक आस्था पर हुए अतिक्रमण और नियम विरुद्ध गतिविधियों के विरोध में आज आयोजित धरना प्रदर्शन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रदर्शन में सैकड़ों सनातन धर्मावलंबी, छात्र, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने इस घटना की घोर निंदा की और विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही को उजागर किया। छात्र संगठनों, धार्मिक संस्थाओं और नागरिक समाज के सदस्यों ने अपनी एकजुटता दिखाते हुए इस प्रकार की घटनाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की माँग की।

धरना प्रदर्शन में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय संत समाज के छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष महंत सर्वेश्वर दास महाराज उपस्थित रहे। उनके साथ महंत मदन मोहन शरण , वंदे मातरम मित्र मंडल के प्रदेश संयोजक महेंद्र जैन, डॉ. ललित मखीजा, ब्रजेंद्र शुक्ला, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता, एसएन तिवारी, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेई, संदीप गुप्ता, डॉ. जेठू साहू, श्रीमती क्षमता सिंह, राजीव अग्रवाल, अनमोल झा, यश कुमार मनहर, राजेश तिवारी, राम सिंह, अंकुश सिंह, लोकेश धार दीवान, बबीता ताम्रकार, लकी राजा, धनंजय गोस्वामी आदि ने अपने विचार प्रकट किए।

मंच का संचालन भृगु अवस्थी ने किया और समस्त कार्यक्रम को अनुशासित एवं संयमित वातावरण में सम्पन्न कराया। धन्यवाद ज्ञापन विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के अनेक सदस्य, हिन्दू जागरण मंच, धर्म जागरण समन्वय, वंदे मातरम मित्र मंडल सहित अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।



कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय का एक प्रतिनिधि मंडल आंदोलनकारियों से मुलाक़ात हेतु उपस्थित हुआ, जिन्हें सख्त लहजे में चेताया गया कि एनएसएस कैंप के संयोजक प्रोफेसर दिलीप झा सहित अन्य षड्यंत्रकारियों के विरुद्ध विश्वविद्यालय प्रशासन अविलंब कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें बर्खास्त करे। साथ ही, धर्मांतरण को बढ़ावा देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की उचित धाराओं के अंतर्गत उन्हें जेल भेजा जाए।

प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक रहा, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। यदि प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई नहीं की जाती है, तो सभी सनातनी संगठन व्यापक स्तर पर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। हम सभी जागरूक नागरिकों से अपील करते हैं कि इस मुद्दे पर सतर्क रहें और धर्म एवं संविधान की रक्षा के लिए संगठित होकर कार्य करें।

## जूनाशहर दरगाह में चोरी करने वाले नाबालिग के साथ एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

### फरार अन्य आरोपी चोरों की लगातार पतासाजी कर रही रतनपुर पुलिस

**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। रतनपुर से लगे जूनाशहर के दरगाह में दो दिन पूर्व कोई अज्ञात चोर दरगाह से 01 नग मोबाईल, 01 कम्प्यूटर मॉनीटर, माउस, 02 नग कैमरा, 02 नग लोहे का दान पेंटी, व उसमें रखे नगदी रकम को चोरी कर ले गया। जिसके दो आरोपियों को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है

प्रार्थी मोहम्मद फारूख मौलाना जूनाशहर दरगाह रतनपुर की रिपोर्ट पर थाना रतनपुर में अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी रतनपुर के द्वारा अज्ञात चोरों की पतासाजी हेतु टीम गठित कर पतासाजी की गई । दरगाह में लगे सीसीटीव्ही फुटेज की सहायता से फुटेज में दिख रहे संदेहियों के बारे में आसपास के लोगों की सहायता से संदेहियों के घर में घेराबंदी कर दबिश देकर अभिरक्षा में लेकर घटना के बारे में पुछताछ करने पर जूनाशहर निवासी सिद्धार्थ धुर्वे ऊर्फ बिट्टू के द्वारा बिलासपुर के अन्य साथियों के साथ तथा जूनाशहर रतनपुर के एक नाबालिक के साथ चोरी करना स्वीकार करने से आरोपी के कब्जे से चोरी गई मशरूका 01 नग मोबाईल, 01 कम्प्यूटर मॉनीटर, माउस, 02 नग कैमरा, 02 नग लोहे का दान पेंटी, व नगदी रकम 1300 रूपये, जूमला कीमती 25000 रूपये को बरामद कर नाबालिक के साथ आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। मामले में अन्य फरार आरोपियों की पुलिस लगातार पतासाजी कर रही है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार चौहान, प्र.आर. सैय्यद अकबर अली, सत्यप्रकाश यादव, आर. महेन्द्र नेताम, सुदर्शन मरकाम, धीरज कश्यप, कीर्ति पैकरा का विशेष योगदान रहा।



**आरोपियों से जब्त सामान** - 1 नग मोबाईल, 1 कम्प्यूटर मॉनीटर, माउस, 2 नग कैमरा, 2 नग लोहे का दान पेंटी, व नगदी रकम 1300 रूपये, जूमला कीमती 25000 रूपये ।

**बिलासपुर**। केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) औद्योगिक क्षेत्र भनपुरी, जिला रायपुर में सत्र 2025-26 हेतु विभिन्न पाठ्यक्रम में डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा में प्रवेश हेतु 29 मई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

**NECC**

| 26.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 405 | 75 | 155 |
| चिल्हर | 6.00 | 95 | 180 |
| डिलीवरी | 420 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
**CSPFA**

## पहलगाम आतंकी हमले की पत्रकारों ने कटु निंदा की,बिलासपुर प्रेस क्लब केंद्र सरकार के हर निर्णय के साथ

### देश में भाईचारा, सौहाद्र को बचाए रखने की गई अपील,पत्रकारों को अपनी नैतिक जिम्मेदारी का कराया गया एहसास

**बिलासपुर,** 25 अप्रैल (देशबन्धु)। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो विदेशी नागरिकों समेत 26 लोगो की आतंकवादियों ने हत्या कर दी । मानवता को शर्मसार करने वाली इस घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने बिलासपुर प्रेस क्लब में शुक्रवार को शोक सभा रखी गई। इस अवसर पर बिलासपुर शहर के वरिष्ठ पत्रकारों ने हमले की घटना पर अपनी बात रखी,कुछ सवाल भी उठाए और समाज मे फैल रहे नफरत को रोकने और सौहाद्र बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर पत्रकारों की नैतिक जिम्मेदारी पर भी प्रकाश डाला गया। इसके बाद मौन धारण कर सभी मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान अवस्थी ने पहलगाम में हुई आतंकी घटना को काफी निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में पत्रकारों को लेखनी में बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने 25 साल पहले हुए एक घटना को भी साझा किया जिसमें बहुत सोच समझकर मामले को निपटाया गया था,अगर थोड़ी भी गलती की गई होती तो दो समुदायों में बड़ा विवाद हो जाता। उन्होंने सभी के बीच सौहाद्र बनाए रखने की बात कही।

**बिलासपुर की तासीर बचाए रखिए..जायसवाल**

वरिष्ठ पत्रकार सतीश जायसवाल ने कहा कि पूरी घटना चिताजनक है । उस घटना में हिंदुओ के अतिरिक्त दो विदेशी भी मारे गए जिसका अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर असर पडेगा। उन लोगों का क्या कसूर था जिन्हें मारा गया। श्री जायसवाल ने कहा हमारे पास जो खबर आई उससे ज्यादा तेजी से अफवाहें भी आई ताकि हमारे अंदर नेरेटिव फैले। उनहोने तनाव के बीच चलाए जा रहे राजनीति पर भी सवाल उठाया और कहा कि घटना के दौरान खुफिया एजेंसी क्या कर रही थी, या कुछ नही करने का इशारा किया गया था। अंत में उन्होंने कहा बिलासपुर की तासीर को बचाए रखिए अरपा की तासीर बनी रहेगी।

वरिष्ठ पत्रकार **पियुषकांत मुखर्जी** ने घटना की निंदा की और सरकार से आतंकियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की।

**हमने सोंचना और सवाल उठाना बंद कर दिया-नथमल शर्मा**

वरिष्ठ पत्रकार नथमल शर्मा ने घटना पर जमकर दुख जताया। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह हमला इस देश की संप्रभुता पर हमला है। उन्होंने सुरक्षा पर हुई चूक की निंदा करते हुए कहा कि मेरे घर में घुसकर कोई कैसे किसी को मार सकता है। यह जिम्मेदारी किसकी है ? लेकिन हमने ये सब सोचना बंद कर दिया है,सवाल उठाना बंद कर दिया है। अखबारो की रिपोर्टिंग पर उन्होंने अपनी बात रखी। रूउन्होंने कहा कि सप्ताह भर पहले वहां से सुरक्षा बल हटाना भी सोंचनीय है। आतंकी घटना में केंद्र सरकार की कार्रवाई पर उनके साथ होने की बात श्री शर्मा ने कही।उन्होंने कहा कि अभी सवाल पूछने का समय नही बल्कि हम किस तरह से शांति बनाए रखें यह सोचना होगा। उनहोने पहलगाम घटना व जांच पर बात रखी और अपने मोहल्ले शहर में सौहाद्र बनाए रखने की अपील की।




वरिष्ठ **पत्रकार रूद्र अवस्थी** ने एक मासूम बच्चे के बयान को दोहराते हुए इस मुद्दे पर गहराई से सोंचने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में वायरल एक पीड़ित बच्चे ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाकर बहुत सारी बातें कम शब्दों में कह दी है।

**पत्रकार समझदारी और संयम से कलम चलाए-राजेश**

वरिष्ठ पत्रकार राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस घटना ने देश दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। कश्मीर में जहां 370 हटने के बाद स्थिति सामान्य हुई थी। वहीं हृदय विदारक वारदात ने देश को झकझोर दिया है । इस घटना के बाद वहां कोई सुरक्षा बल नही था,फर्स्ट एड की व्यवस्था नही थी। कश्मीरी नागरिकों के सहयोग की उन्होंने यहां चर्चा की। उन्होने बताया कि जो पर्यटको के साथ हुआ है सभी कौम के लोगो ने इसकी निंदा की है। वैसे वहां कई बार ऐसी घटनाएं हुई लेकिन्स घटना के बाद एक विशेष समुदाय पर फोकस कर देशवासियों को बरगलाने की कोशिश की जाती है। ऐसे में सबसे ज्यादा भूमिका मिडिया की होती है कि ऐसे समय में वे बहुत ही समझदारी,गंभीरता व संयम के साथ अपने कलम को चलाएं।

**सामान्य सा आतंकी हमला नही बल्कि भारत -पाक की सीधी लड़ाई-दुआ**

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार राजेश दुआ ने कई बातो को साझा करते हुए स्पष्ट किया कि यह सामान्य सा आतंकी हमला नही है बल्कि भारत पाकिस्तान की सीधी लड़ाई है। अब भारत की 148 करोड़ जनता को यह निर्णय लेना चाहिए कि हम किसी भी सूरत मे आतंकवाद को नेस्तानाबूद कर देंगे। उन्होंने पाकिस्तान के मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों के युद्ध में शामिल होने के बारे में भी अपनी बात रखी।

**सरकार को जवाबी कदम उठाना चाहिए-कमलेश शर्मा**

पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष कमलेश शर्मा ने सरकार को स्थायी समाधान निकालने पर जोर दिया।

**निचले तौर पर जो नेरेटिव फैलाया जा रहा है उससे सावधान रहने की जरुरत है-माणिक**

वरिष्ठ पत्रकार निर्मल माणिक ने कहा कि पहलगाम में जिस तरह इंसानियत का कत्ल किया गया है । इसके बाद सरकार जो भी कर रही है उसमें सभी उनके साथ है। लेकिन इसके पीछे कहां चूक हुई हमें इस पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने पीएम की होने वाली सभा पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के भाषण में किसी भी जगह पाकिस्तान का नाम नही लिया गया। बिहार की आम सभा में भी नहीं । उन्होंने कहा कि सरकार को जवाबी कदम उठाना चाहिए । साथ ही यह भी कहा कि निचले तौर पर जो नेरेटिव फैलाया जा रहा है उससे सावधान रहने की जरुरत है। इस मौके पर युवा पत्रकार विकास चौबे ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि देश में हिंदू मुस्लिम भाईचारा बना रहे इस पर सभी को गंभीरता के साथ ध्यान देने की जरूरत है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सईद खान, प्रेस क्लब अध्यक्ष इरशाद अली,कार्यकारिणी सदस्य गोपीनाथ डे,सहसचिव दिलीप जगवानी,लोकेश वाघमारे, संतोष मिश्रा, अखलाक खान, पंकज गुप्ता, विशाल झा, मनीष शर्मा के अलावा मौजूद अन्य पत्रकारों ने उद्बोधन के बाद पहलगाम में मारे गए निर्दोष सभी सैलानियों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771